खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 25°C

मुजफ्फरनगर, गुरुवार 28 अगस्त 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 226 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com भाद्रपद शुक्ल पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 4 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




‘मोदी मित्र’ के टैरिफ से कई क्षेत्रों में होगा नुकसान: खड़गे पेज 2



शुभमन गिल और रोहित शर्मा वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर कायम खेल टाइम्स



जंगल नहीं, बच्चों की सांसें काट रहे हैं हम, वृक्षों के कटान में हम दुनिया में दूसरे नंबर पर सम्पादकीय



दुनिया के सबसे ताकतवर रॉकेट का 10वां टेस्ट कामयाब पेज 12

# भारत पर 50 % अमेरिकी टैरिफ लागू

## लगभग 5.4 लाख करोड़ का आयात हो सकता है प्रभावित

शाह टाइम्स ब्यूरो



- 70 प्रतिशत तक घट सकती है ज्वेलरी-कपड़ों की मांग, नौकरियों पर भी छा सकता है संकट
- चीन, वियतनाम और मेक्सिको इन सामानों को सस्ते दाम पर बेचेंगे
- भारतीय कंपनियों की अमेरिकी बाजार में हिस्सेदारी होगी कम

**नई दिल्ली।** भारत से अमेरिका भेजे जाने वाले सामानों पर 27 अगस्त से 50 प्रतिशत टैरिफ लागू हो गया है।

ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) की रिपोर्ट के मुताबिक, यह नया टैरिफ भारत के लगभग 5.4 लाख करोड़ के आयात को प्रभावित कर सकता है। 50 प्रतिशत टैरिफ से अमेरिका में बिकने वाले कपड़े, जेम्स-ज्वेलरी, फर्नीचर, सी फूड जैसे भारतीय प्रोडक्ट्स महंगे हो जाएंगे। इससे इनकी मांग में 70 प्रतिशत की कमी आ सकती है। चीन, वियतनाम और मेक्सिको जैसे कम टैरिफ वाले देश इन सामानों को सस्ते दाम पर बेचेंगे। इससे भारतीय कंपनियों की अमेरिकी बाजार में हिस्सेदारी कम होगी। भारत ने 2024 में 19.16 बिलियन डॉलर (करीब 1.68 लाख करोड़ रुपये) के इंजीनियरिंग गुड्स निर्यात किए। इसमें स्टील प्रोडक्ट्स, मशीनरी, ऑटोमोटिव पार्ट्स, इलेक्ट्रिकल मशीनरी, और अन्य औद्योगिक उपकरण शामिल हैं। अमेरिका कारों, छोटे ट्रकों और उनके पार्ट्स पर 25 प्रतिशत शुल्क लगा रहा था, जबकि कॉमर्शियल वाहनों के पुर्जों पर यह शुल्क 10 प्रतिशत था। अमेरिका भारतीय ऑटो पार्ट्स के लिए सबसे बड़ा बाजार है। ऑटो पार्ट्स के कुल निर्यात का लगभग 32प्रतिशत हिस्सा अमेरिका को गया। टैरिफ बढ़ोतरी से 7 बिलियन डॉलर (लगभग 61,000 करोड़) के सालाना आटो पार्ट्स निर्यात में से 30,000 करोड़ का निर्यात प्रभावित हो सकता है। वहीं इंजीनियरिंग गुड्स छोटे और मध्यम उद्यम सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे जो इंजीनियरिंग गुड्स के 40 प्रतिशत निर्यात में योगदान देते हैं। इससे हजारों नौकरियां खतरे में पड़ सकती हैं। यूरोप (जर्मनी, यूके) और एशियान देशों (सिंगापुर, मलेशिया) में इंजीनियरिंग गुड्स की मांग बढ़ रही है। भारत इन बाजारों में हिस्सेदारी बढ़ा सकता है। इंजीनियरिंग गुड्स के लिए पीएलआई स्कीम का विस्तार करके उत्पादन लागत को कम करना, -शेष पृष्ठ दो पर

### ज्वेलरी, कपड़े, मशीनरी और केमिकल सेक्टर्स में नौकरियां जाने का खतरा

**नई दिल्ली।** सीएनबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक भारत से अमेरिका को सबसे ज्यादा ज्वेलरी, कपड़े, मशीनरी और केमिकल आयात किए जाते हैं। 50 प्रतिशत टैरिफ से अमेरिका में ये चीजें महंगी हो जाएंगी और वहां से ऑर्डर मिलने कम हो जाएंगे। ऑर्डर कम होने से कंपनियों को अपना प्रोडक्शन घटाना पड़ेगा, जिससे छंटनी हो सकती है। यानी इन सेक्टर्स में नौकरियां जाने का खतरा है। हालांकि किस सेक्टर से कितनी नौकरियां जाएंगी, इसका अंदाजा लगाना अभी मुश्किल है। 50 प्रतिशत टैरिफ लगने से अमेरिका को होने वाला निर्यात कम हो जाएगा। इससे सरकार को निर्यात से होने वाली कमाई में कमी आएगी। वहीं एक्सपर्ट्स का अनुमान है कि भारत की जीडीपी ग्रोथ 0.2 प्रतिशत से 0.6 प्रतिशत तक कम हो सकती है। इसके अलावा सरकार को अपनी व्यापार नीति में बदलाव करना पड़ सकता है। सरकार को अमेरिका पर निर्भरता कम करने के लिए यूरोप, रूस या अन्य देशों में व्यापार बढ़ाना होगा।

# भारत को भरोसा, झेल सकता है ट्रम्प का टैरिफ वॉर

शाह टाइम्स ब्यूरो

- अमेरिका की ही रेटिंग्स एजेंसियों एसएंडपी और फिच ने भारतीय अर्थव्यवस्था के बारे में सकारात्मक टिप्पणियां की



**नई दिल्ली।** भारतीय बाजार पर पिछले कुछ वर्षों में विदेशी निवेशकों का भरोसा लगातार बढ़ रहा है। इस बीच, तमाम उतार-चढ़ाव के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी रही है। हाल ही में अमेरिका की ही रेटिंग एजेंसियों एसएंडपी और फिच ने भारत की अर्थव्यवस्था के बारे में सकारात्मक टिप्पणियां की हैं।

फिच का मानना है कि अमेरिकी टैरिफ बढ़ने का भारत की जीडीपी पर असर मामूली रहेगा, क्योंकि अमेरिका को भारत का निर्यात कुल जीडीपी का लगभग 2 फीसदी ही है। फिच ने अनुमान जताया है कि वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी वृद्धि 6.5 प्रतिशत रहेगी। दूसरी ओर, एसएंडपी ग्लोबल ने 18 साल बाद भारत की रेटिंग बढ़ाकर बीबीबी- से बीबीबी कर दी है और कहा है कि भारत कोविड के बाद सबसे मज़बूत और तेज़ी से उभरने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। मैकिन्से ग्लोबल इंस्टीट्यूट की रिपोर्ट के मुताबिक 2050 तक दुनिया की कुल खपत में भारत की हिस्सेदारी बढ़कर 16 प्रतिशत हो सकती है। 2023 में यह सिर्फ 9 प्रतिशत थी। आने वाले समय में युवा आबादी और मजबूत उपभोक्ता वर्ग की वजह से भारत का घरेलू बाजार वैश्विक स्तर पर बड़ी भूमिका निभा सकता है। यही कारण है कि भारत टैरिफ जैसे बाहरी झटकों को भी झेलने की क्षमता रखता है। भारत सरकार के आंकड़ों के मुताबिक मई 2025 में देश का जीएसटी कलेक्शन 16.4 फीसदी बढ़कर 2,01,050 करोड़ रुपये पहुंच गया। मई 2024 में यह कलेक्शन 1,72,739 करोड़ रुपये था। इससे पहले अप्रैल 2025 में जीएसटी कलेक्शन 2.37 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड कलेक्शन हुआ। जीएसटी कलेक्शन के मजबूत आंकड़े घरेलू मोर्चे पर भारतीय अर्थव्यवस्था मज़बूती से आगे बढ़ रही है। एशियन डेवलपमेंट बैंक की जुलाई 2025 की रिपोर्ट भी कहती है कि घरेलू मांग, अच्छे मानसून और ब्याज दरों में कमी से विकास दर 6.5 फीसदी तक रहेगी। इसके अलावा, 15 अगस्त 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाककिले से जीएसटी कानूनों में सुधार का दावा किया है। सरकार ने उसके जीएसटी के मौजूदा स्लैब को घटाने का प्रस्ताव जीएसटी परिषद को दिया है।

### पचास फीसदी सांसदों व विधायकों पर आपराधिक केस

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने हाल ही में संसद में 130वां संविधान संशोधन विधेयक पेश किया है। इस विधेयक में प्रावधान है कि यदि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या मंत्री किसी आपराधिक मामले में गिरफ्तार होकर 30 दिन तक जेल में रहते हैं, तो उन्हें पद से हटाया जा सकेगा। वर्तमान में देशभर में 45 प्रतिशत विधायक और 46 प्रतिशत सांसदों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। महिलाओं से जुड़े अपराधों की बात करें, तो इसमें पश्चिम बंगाल सबसे आगे है। आंध्र प्रदेश का दूसरा नंबर है। देशभर में 45 प्रतिशत विधायकों ने अपने ऊपर आपराधिक केस घोषित किए हैं, जबकि 29 प्रतिशत गंभीर मामलों का सामना कर रहे हैं।

# वैष्णो देवी में लैंडस्लाइड से मौत का आंकड़ा 34 हुआ, कई लापता

जम्मू, वार्ता

**जम्मू के कटरा स्थित** वैष्णो देवी धाम मार्ग पर लैंडस्लाइड में मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर बुधवार को 34 हो गया।

हादसा मंगलवार को दोपहर 3 बजे पुराने मार्ग पर अर्धकुंवारी मंदिर से कुछ दूर इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास हुआ। मंगलवार देर रात तक 7 लोगों के मरने की खबर थी, लेकिन सुबह आंकड़ा बढ़ गया। बड़े-बड़े पत्थर, पेड़ और मलबे में दबने से ज्यादा नुकसान हुआ है। एक चश्मदीद ने बताया कि बड़े-बड़े पत्थर अचानक गिरने -शेष पृष्ठ दो पर



### जम्मू में बारिश ने तोड़ा 115 साल का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** जम्मू में बारिश का 115 साल का रिकॉर्ड टूट गया। मौसम विभाग के मुताबिक मंगलवार सुबह 8:30 बजे से बुधवार सुबह 8:30 बजे तक यहां 296 मिलीमीटर बारिश हुई। 52 साल पहले 1973 में 9 अगस्त को 272.6 मिलीमीटर बारिश हुई थी। पंजाब में लगातार बारिश से नदियां उफान पर हैं। बांधों से पानी छोड़ने के कारण बुधवार को पठानकोट, गुरदासपुर, तरनतारन, होशियारपुर, कपूरथला, फिरोजपुर और फाजिल्का में बाढ़ आ गई। गुरदासपुर के दाबुरी स्थित नवोदय विद्यालय में 400 से ज्यादा स्टूडेंट्स और टीचर्स बाढ़ में फंस गए हैं। स्कूल के ग्राउंड फ्लोर पर 5 फीट पानी भर गया है। बच्चों को फर्स्ट फ्लोर पर रखा गया है।

# राहुल ने चुनाव आयोग को कठघरे में खड़ा किया

- गुजरात में अनाम पार्टियों ने हजारों करोड़ का चंदा जुटाया, तो क्या उनसे भी शपथपत्र मांगा जाएगा

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग पर वोट चोरी का आरोप लगाने के कारण उनसे एफिडेविट की मांग से घिरे कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आयोग को बुधवार को कठघरे में खड़ा करते हुए सवाल किया है कि गुजरात में अनाम पार्टियों ने हजारों करोड़ रुपये का चंदा जुटाया है, तो क्या उनसे भी शपथ पत्र मांगा जाएगा।

श्री गांधी ने कहा कि जिन पार्टियों को भारी रकम चंदे के रूप में मिली है उनको कोई जानता नहीं है और न ही उन्होंने ज्यादा चुनाव लड़े हैं। इन पार्टियों को जितना चंदा मिला है उसका कहीं कोई हिसाब किताब नहीं है। इन दलों से भी चुनाव आयोग को शपथ पत्र मांगना चाहिए। गुजरात में कुछ ऐसी अनाम पार्टियां हैं जिनका नाम किसी ने नहीं सुना-लेकिन 4300 करोड़ का चंदा मिला।

### सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम से जस्टिस नागरत्ना असहमत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की जज बीवी नागरत्ना ने मंगलवार को पटना हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस विपुल मनुभाई पंचोली को सुप्रीम कोर्ट में जज बनाने की कॉलेजियम की सिफारिश पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। उन्होंने कहा कि यह नियुक्ति न्यायपालिका के लिए नुकसानदायक साबित हो सकती है। जस्टिस पंचोली अगर सुप्रीम कोर्ट में जज बनते हैं, तो वे अक्टूबर 2031 में सीजेआई बन सकते हैं।

# लंबी लड़ाई के लिए तैयार रहें सेनाएं

- जीत के लिए प्रौद्योगिकी व रणनीति में महारत जरूरी: राजनाथ

**डा. अंबेडकर नगर (महू)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि युद्धों की बढ़ती जटिलता और अनिश्चितता के मौजूदा दौर में केवल सैनिकों या हथियारों की संख्या ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी , रणनीति और युद्ध के स्वरूप के अनुरूप तुरंत उसका जवाब देने में सक्षम सेनाएं ही अपना लोहा मनवा सकेंगी।




उन्होंने देश और सेनाओं को लंबी लड़ाइयों के लिए तैयार रहने तथा इसके लिए जरूरी क्षमता और संसाधनों की उपलब्धता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य के युद्ध केवल हथियारों की लड़ाई नहीं बल्कि प्रौद्योगिकी, खुफिया जानकारी, अर्थव्यवस्था और कूटनीति के संयुक्त प्रयास पर निर्भर करेंगे। जो देश प्रौद्योगिकी, रणनीति और अनुकूलनशीलता के त्रिकोण में महारत हासिल कर लेगा वही सच्ची वैश्विक शक्ति के रूप में उभरेगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि साइबर युद्ध, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मानवरहित यान और उपग्रह-आधारित निगरानी भी भविष्य के युद्धों को आकार दे रही हैं। श्री सिंह ने बुधवार को यहां आर्मी वॉर कॉलेज में युद्ध, युद्धनीति और युद्ध-संघर्ष पर तीनों सेनाओं के अपनी तरह के पहले सेमिनार ‘रण संवाद’ को संबोधित करते हुए प्रौद्योगिकी और चौंकाने वाली रणनीतियों के गठजोड़ को आधुनिक युद्ध की बढ़ती जटिलता तथा अनिश्चितता का मुख्य कारण बताया।


DOON GROUP OF COLLEGES
DEHRADUN
NAAC GRADE A
AFFILIATED TO: HNB GARHWAL CENTRAL UNIVERSITY, SDS UNIVERSITY
NORTH INDIA'S BEST & OLDEST AGRICULTURE & PARAMEDICAL INSTITUTE
COURSES OFFERED
- AGRICULTURE
- PARAMEDICAL
- FORESTRY
- HORTICULTURE
- FISHERIES SCIENCE
- FOOD TECHNOLOGY
- CHEMISTRY
- MANAGEMENT
- B.Ed. - BBA
- COMPUTER SCIENCE
- ENVIRONMENTAL SCIENCE
- BOTANY - ZOOLOGY
- D. PHARMA
and many more...



ADMISSION OPEN 2025-26
26 Years OF ACADEMIC EXCELLENCE
Admission Helpline: +91-7017809991, +91-9548001418, +91-9837008360
28 Chakrata Road, Behind Bindal Petrol Pump Dehradun
For more information visit: www.dpmc.in

## संक्षिप्त समाचार

### काशी से मेरठ के लिए चली वंदे भारत

**वाराणसी।** वंदे भारत एक्सप्रेस (मेरठ सिटी लखनऊ-मेरठ सिटी) गाड़ी संख्या 22490/22489 का परिचालन अयोध्या धाम के रास्ते वाराणसी जंक्शन तक विस्तारित किया गया है। प्रदेश के आयुष एवं खाद्य सुरक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डा. दयाशंकर मिश्र 'दयालु', कैंट विधानसभा के विधायक सौरभ श्रीवास्तव, अन्य जन प्रतिनिधियों और रेलवे अफसरों ने बुधवार को सुबह नौ बजकर दस मिनट पर हरी झंडी दिखाकर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को रवाना किया। डॉ. मिश्र ने कहा कि आज काशी के लिए विशेष दिन है। विकास के पथ पर अग्रसर काशी के साथ वंदे भारत ट्रेन के माध्यम से एक नया अध्याय जुड़ गया है। श्रीवास्तव ने कहा को काशी की लगातार नई सौगातें मिल रही हैं।

### कर्ज में डूबे व्यापारी ने बच्चे की हत्या कर पत्नी संग की आत्महत्या

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के रोजा क्षेत्र में कर्ज और आर्थिक तंगी में से परेशान एक व्यापारी ने बुधवार को अपने चार वर्षीय मासूम बच्चे की हत्या करने के बाद पत्नी के साथ अलग-अलग कमरे में फांसी लगाकर कथित रूप से आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस को 33 पन्नों का सुसाइड नोट मिला है, जिसके आधार पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि रोजा क्षेत्र के दुर्गा एनक्लेव कॉलोनी निवासी सचिन ग्रोवर (35) अपनी पत्नी शिवांगी और बेटे फतेह (4) के साथ अपने घर में रह रहा था। सचिन ने कर्ज से परेशान होकर पहले बच्चे की हत्या की और बाद में पत्नी के साथ अलग-अलग कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

# उप्र में फिर करवट लेगा मानसून, होगी अच्छी बारिश

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ मेरठ, बागपत, सहारनपुर, मुजफ्फनगर व हापुड़ में होगी वर्षा

**लखनऊ।** मौसम विभाग ने 30 अगस्त के बाद से उत्तर प्रदेश में एक बार फिर से झमाझम बारिश होने का अनुमान जताया है, जबकि इधर तीन दिनों में उत्तराखंड से सटे जिलों के अलावा प्रदेश के कुछ इलाकों में छिटपुट बारिश होगी।

बुधवार को गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, हापुड़, गाजियाबाद, बागपत, में मेघगर्जन, बिजली गिरने के साथ मध्यम से भारी वर्षा के आसार है, वहीं अलीगढ़, बदायूं, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, संभल, हापुड़, गाज़ियाबाद, मेरठ, बागपत, मुजफ्फरनगर, शामली, सहारनपुर, में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। मौसम वैज्ञानिक डा. एके सिंह ने बताया कि प्रदेश के दक्षिणी भाग से होकर गुजरे निम्नदाब क्षेत्र के कमजोर पड़ने तथा उससे संबद्ध चक्रवाती परिसंचरण राजस्थान की तरफ खिसक गया है। साथ ही ओडिशा तट से दूर उत्तरी पश्चिमी बंगाल की खाड़ी पर बने एक अन्य निम्नदवाब क्षेत्र के प्रभाव से मानसून द्रोणी के संभावित दक्षिणी विचरण के कारण प्रदेश में कोई सक्रिय मौसम तंत्र नहीं है। साथ ही परिणामस्वरूप आगामी तीन चार दिनों के दौरान बंगाल की खाड़ी से पहाड़ों की ओर आ रही नमी के प्रभाव से उत्तराखंड से सटे जिलों को छोड़कर प्रदेश के अन्य भागों में छिटपुट वर्षा को छोड़कर कोई प्रभावी बारिश होने की संभावना नहीं है।

## उप्र में चार आईपीएस के तबादले

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के चार वरिष्ठ अधिकारियों का तबादला कर दिया है। आधिकारिक प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि अपर पुलिस महानिदेशक विशेष जांच विजय सिंह मीना को पीटीसी सीतापुर में अपर पुलिस महा. निदेशक के पद पर भेजा गया है, जबकि पुलिस महानिदेशक मुख्यालय में पुलिस महानिरीक्षक लोक शिकायत आकाश कुलहरि को झांसी परिक्षेत्र का पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) बनाया गया है। उन्होने बताया कि झांसी परिक्षेत्र के मौजूदा आईजी केशव कुमार चौधरी को गाजियाबाद कमिश्नरेट में अपर पुलिस आयुक्त के पद पर भेजा गया है, वहीं गाजियाबाद कमिश्नरेट की मौजूदा अपर पुलिस आयुक्त कल्पना सक्सेना को पुलिस उपमहानिरीक्षक के पद पर मेरठ सेक्टर स्थानांतरित किया गया है।

# ट्रम्प टैरिफ से कई क्षेत्रों में होगा नुकसानः खड़गे

नई दिल्ली, वार्ता



■ कारोबार पर आय का संकट, लाखों नौकरियों पर खतरा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अमेरिका के 50 फीसदी आयात शुल्क लगाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तंज कसते हुए कहा है कि जिन डोनाल्ड ट्रम्प के लिए वह वोट मांग रहे थे, उनके उसी मित्र ने बुधवार से 50 प्रतिशत आयात शुल्क लागू कर दिया, जिससे कई क्षेत्र के कारोबार पर संकट आएगा और लाखों लोगों की नौकरियां खतरे में पड़ जाएंगी।

खड़गे ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने के फैसले पर मोदी को संबोधित करते हुए कहा कि आपके प्रिय मित्र 'अबकी बार, ट्रम्प सरकार' ने आज से भारत पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगा दिया है। इस आयात शुल्क के पहले झटके से अकेले 10 क्षेत्रों में हमें 2.17 लाख करोड़ रुपए का नुकसान होने का अनुमान है। इस फैसले से हमारे किसान, खासकर कपास उत्पादक किसान, बुरी तरह प्रभावित हैं।

आपने कहा था कि उनकी रक्षा के लिए कोई भी 'व्यक्तिगत कीमत' चुकाने को तैयार हैं, लेकिन आपने इस झटके को कम करने और उनकी आजीविका की रक्षा के लिए कुछ भी नहीं किया। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि वैश्विक व्यापार अनुसंधान पहल जीटीआरआई का अनुमान है कि ट्रम्प सरकार के इस फैसले से देश का सकल घरेलू उत्पाद का करीब एक प्रतिशत तक प्रभावित हो सकती है, लेकिन इस निर्णय से चीन को फायदा होगा।

हमारे यहां इस फैसले से एमएसएमई सहित कई निर्यात-उन्मुख क्षेत्रों को नुकसान होगा जिससे भारी संख्या में नौकरियां खत्म होंगी। भारतीय कपड़ा निर्यात क्षेत्र में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष स्तर पर लगभग पांच लाख लोगों के रोजगार पर संकट आ रहा है। इसी तरह से टैरिफ जारी रहने से रत्न एवं आभूषण क्षेत्र में डेढ़ से दो लाख नौकरियां खतरे में पड़ सकती हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय हित सर्वोपरि है।

## अमेरिकी टैरिफ का असर आगरा के चर्म उद्योग पर

**आगरा।** अमेरिका द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने का असर आगरा के जूता कारोबार पर देखने को मिल रहा है। आगरा से हर साल करोड़ों रुपए का जूता निर्यात होता है। शू फैक्टर फैडरेशन के अध्यक्ष विजय सामा ने बताया कि इस बार करीब पांच लाख जोड़ी जूते बनाने का ऑर्डर मिले हैं। टैरिफ की वजह से ऑर्डर या तो रद्द हो रहे हैं या फिर होल्ड कर कर दिए हैं। कुछ व्यापारी पूरी तरह से अमेरिका में ही निर्यात करते हैं। आज वो फैक्ट्रियां बंद होने के कगार पर हैं। जूता बनाने में इस्तेमाल होने वाले मैटेरियल को बेचने वाले व्यापारियों के सामने भी दिक्कत आ रही है। उम्मीद है कि सरकार जल्द कोई ठोस कदम उठाएगी।

## सीएम योगी ने मुख्य सेविकाओं व फार्मासिस्टों को नियुक्ति पत्र बांटे

# बेईमान दलों ने यूपी को बनाया था बीमारू राज्य

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ नियुक्ति पत्र पाकर 2425 मुख्य सेविकाओं व 13 फार्मासिस्टों के खिले चेहरे

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बेईमान राजनीतिक दलों ने उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य बना दिया था। भ्रष्टाचार और बंदरबांट की राजनीति ने इस समृद्ध प्रदेश को पहचान के संकट में धकेल दिया था।

लोकभवन सभागार में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत चयनित 2,425 मुख्य सेविकाओं और 13 फार्मासिस्टों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में उन्होंने आरोप लगाया कि 2017 से पहले नियुक्तियों में बंदरबांट होती थी, योग्य अभ्यर्थी भेदभाव और भ्रष्टाचार के शिकार होते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दौरान खाद्यान्न उत्पादन, इंफ्रास्ट्रक्चर और निवेश में यूपी पिछड़ता गया। नौजवान यूपी से बाहर जाते थे, लेकिन वहां भी पहचान का संकट झेलते थे। यह दंगों और परिवारवादी राजनीति का परिणाम था, जिसने यूपी को लूट का अढा बना दिया। योगी ने कहा कि महिला और बाल विकास विभाग के तत्वाधान में नवचयनित मुख्य सेविकाओं और फार्मासिस्टों को नियुक्ति पत्र वितरण प्रदेश भर की बेटियों के लिए अवसर है। उन्होंने सभी नवचयनितों को बधाई देते हुए अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को इस निष्पक्ष प्रक्रिया के लिए धन्यवाद भी दिया।

उन्होंने कहा कि हर युवा के मन में सपना होता है और सरकार का दायित्व है कि उसे मंच दे। युवा प्रतिभाशाली और ऊर्जावान होता है, लेकिन जब वह भेदभाव और भ्रष्टाचार का शिकार होता है, तो यह राष्ट्रीय क्षति है। 2017 से पहले यूपी में नियुक्तियां नहीं होती थीं, होती भी तो बंदरबांट और भ्रष्टाचार के चलते योग्य युवा पीछे रह जाते थे। नतीजा, यूपी बीमारू राज्य बन गया।

### थारू की बेटियों का चयन निष्पक्ष प्रक्रिया का उदाहरण

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी ने बुधवार को उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत चयनित 2,425 मुख्य सेविकाओं और 13 फार्मासिस्टों को नियुक्ति पत्र वितरण के दौरान कहा कि पहले जहां योजनाएं सुदूर इलाकों तक नहीं पहुंच पाती थीं, आज वही लोग नौकरी पा रहे हैं।

विशेष रूप से थारू जनजाति और सुदूर क्षेत्रों की बेटियों का चयन इस निष्पक्ष प्रक्रिया का जीवंत उदाहरण है। योगी ने कहा कि आज नियुक्ति पत्र वितरण के दौरान मैंने देखा कि आजमगढ़, अमरोहा, शामली, लखनऊ, कानपुर, आगरा, गोरखपुर, वाराणसी, प्रयागराज जैसे जनपदों के युवाओं को अवसर मिला। वहीं लखीमपुर खीरी और दुधवा नेशनल पार्क के जंगलों से थारू जनजाति की बेटियों का चयन हुआ, जो इस प्रक्रिया की पारदर्शिता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि अगर आजमगढ़, अमरोहा, बिजनौर, शामली, ललितपुर, जालौन या सोनभद्र की बेटी चयनित होती है, तो यह साफ है कि प्रतिभा वहां भी थी और प्रक्रिया निष्पक्ष रही। यह कदम न केवल युवाओं को रोजगार दे रहा है, बल्कि सुदूर क्षेत्रों के लोगों में उम्मीद जगाने वाला है।

# एक सितम्बर से फिर चलेगा नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में एक बार फिर से एक से 30 सितम्बर के बीच 'नो हेलमेट, नो फ्यूल' विशेष सड़क सुरक्षा अभियान संचालित किया जाएगा। यह अभियान डीएम के नेतृत्व तथा जिला सड़क सुरक्षा समिति के समन्वय से चलाया जाएगा, ताकि जिला स्तर पर सभी संबंधित विभाग एक साथ नागरिक सुरक्षा के इस उद्देश्यमूलक प्रयास को आगे बढ़ाएं।

इस अवधि में पुलिस, राजस्व/जिला प्रशासन तथा परिवहन विभाग के अधिकारी प्रवर्तन की मुख्य जिम्मेदारी निभाएंगे। सरकार ने आमजन से अपील की है कि वे इन प्रवर्तन एजेंसियों के साथ पूर्ण सहयोग करें। अधिकृत सूत्रों ने बुधवार को बताया कि यह पहल पूर्णतः विधिसम्मत एवं जनहितैषी है। मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 129 दोपहिया चालक तथा पिलियन के लिए हेलमेट को अनिवार्य करती है, जबकि धारा 194डी उल्लंघन पर दंड का प्रावधान करती है। उच्चतम न्यायालय की सड़क सुरक्षा समिति द्वारा भी राज्यों को हेलमेट अनुपालन को प्राथमिकता देने का परामर्श दिया गया है। योगी सरकार ने कहा कि 'नो हेलमेट, नो फ्यूल' का उद्देश्य दण्डित करना नहीं, बल्कि नागरिकों को कानून के अनुरूप सुरक्षित व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करना है।



सेंसेक्स 82000.71
निफ्टी 25083.75



सोना रु. 93700
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 115870
प्रति किलो



# पीएम स्वनिधि योजना 31 मार्च 2030 तक बढ़ी

नई दिल्ली, वार्ता

■ लोन की राशि 10,000 से बढ़कर 15,000 हुई, 1.15 करोड़ रेहड़ी-पटरी वालों को फायदा मिलेगा

रेहड़ी-पटरी वालों को बैंकों से कर्ज दिलाने की पीएम स्वनिधि नाम से चर्चित 'प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना' का पुनर्गठन के साथ 31 मार्च, 2030 तक विस्तार कर दिया गया है और इसमें कर्ज की पहली और दूसरी किस्तों में पांच-पांच हजार रुपए की वृद्धि की जा रही है।

पुनर्गठित योजना में पहली और दूसरी किस्त में बढ़ी हुई ऋण राशि, दूसरा ऋण चुकाने वाले लाभार्थियों के लिए यूपीआई-लिंक्ड रुपे क्रेडिट कार्ड का प्रावधान और खुदरा एवं थोक लेनदेन के लिए डिजिटल कैशबैक प्रोत्साहन शामिल हैं। इस योजना का दायरा सांविधिक कस्बों से आगे बढ़कर जनगणना कस्बों, अर्ध-शहरी क्षेत्रों आदि तक चरणबद्ध तरीके से बढ़ाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रिमडल की बैठक में पीएम स्वनिधि योजना के पुनर्गठन और ऋण अवधि को 31 मार्च 20230 तक बढ़ाने को मंजूरी दी। यह जानकारी मंत्रिमंडल की बैठक के बाद जारी एक विज्ञप्ति में दी गई। योजना में कर्ज देने की अवधि 31 दिसंबर 2024 को पूरी हो गई थी। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस योजना का कुल परिव्यय 7,332 करोड़ रुपए है। पुनर्गठित योजना का लक्ष्य 50 लाख नए लाभार्थियों सहित 1.15 करोड़ लाभार्थियों को लाभान्वित करना है। योजना का कार्यान्वयन आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय और वित्तीय सेवा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से लागू की जाएगी। वित्तीय सेवा विभाग बैंकों और वित्तीय संस्थानों के जमीनी स्तर के अधिकारियों के माध्यम से रेहड़ी पटरी वालों के लिए छोटे ऋण तथा क्रेडिट कार्ड की सुविधा आसान करेगा। विज्ञप्ति के अनसुार पुनर्गठित योजना में पहली किस्त के ऋण को 10,000 से बढ़ाकर 15,000 रुपए तक और दूसरी किस्त के ऋण को 20,000 रुपए से बढ़ाकर 25,000 तक कर दिया गया है। तीसरी किस्त 50,000 पर अपरिवर्तित रहेगी। सरकार का कहना है कि यूपीआई-लिंक्ड रुपे क्रेडिट कार्ड की शुरुआत से रेहड़ी-पटरी वालों को किसी भी आकस्मिक व्यावसायिक और व्यक्तिगत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तुरंत ऋण उपलब्ध होगा। इसके अलावा डिजिटल को बढ़ावा देने के लिए, रेहड़ी-पटरी वाले खुदरा और थोक लेनदेन पर 1,600 रुपए तक के कैशबैक प्रोत्साहन का लाभ उठा सकते हैं। एफएसएसएआई के साथ साझेदारी में, रेहड़ी-पटरी वालों के लिए मानक स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे।

## सोने-चांदी के दाम में रही तेजी

**नई दिल्ली।** बुधवार को चांदी अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार आज चांदी की कीमत सुबह 1,16,525 रुपए प्रति किलो हो गई थी। हालांकि शाम को ये 1,15,870 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,210 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,700 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,060 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,550 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,060 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,550 रही, चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,060 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,550 थी, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,550 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,600 थी। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 24,722 रुपए बढ़कर 1,00,884 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 29,853 रुपए बढ़कर 1,15,870 रुपए पर पहुंच गया है। पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था। सोना केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि अमेरिका के टैरिफ के चलते जियो पॉलिटिकल टेंशन बनी हुई है।

# गेहूं-चावल सस्ता, खाद्य तेलों- दालों में रही घटबढ़, चीनी की कीमतों में रही तेजी

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल और गेहूं के औसत भाव बढ़ गए। चीनी की कीमतों में भी तेजी रही, जबकि दालों और खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में नवंबर का पाम ऑयल वायदा 19 रिंगिट चढ़कर 4,489 रिंगिट प्रति टन बोला गया।

वहीं अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.02 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 53.47 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 75 रुपए घटकर 3,764.08 रुपए प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं 33 रुपए प्रति क्विंटल की नरमी के साथ 2,804.78 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत 22 रुपए टूटकर 3,271.26 रुपए प्रति क्विंटल रह गई। सरसों तेल औसतन 85 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हो गया। सूरजमुखी तेल 26 रुपए और मूंगफली तेल 83 रुपए चढ़ गया। वनस्पति 47 रुपए और पाम ऑयल 90 रुपए प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। सोया तेल 41 रुपए प्रति क्विंटल टूट गया। दाल-दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत 35 रुपए प्रति क्विंटल टूट गई। चना दाल 26 रुपए और उड़द दाल 34 रुपए प्रति क्विंटल उतर गई। मूंग दाल में छह रुपए की गिरावट रही। मसूर दाल की कीमत छह रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। गुड़-चीनीः मीठे के बाजार में तेजी का रुख बना हुआ है। गुड़ की औसत कीमत नौ रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी करीब 23 रुपए महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहेः **दाल-दलहनः** दाल चना 7950.71 रुपए, मसूर काली 8151.78 रुपए, मूंग दाल 10078.40 रुपए, उड़द दाल 10423.59 रुपए, अरहर दाल 10745.63 रुपए प्रति क्विंटल।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**भारत पर...** ताकि कंपनियां अमेरिकी बाजार में प्रतिस्पर्धी रहें। भारत ने 2024 में अमेरिका को 14 बिलियन डॉलर (करीब 1.23 लाख करोड़ रुपये) के इलेक्ट्रॉनिक्स का निर्यात किया था। इसमें स्मार्टफोन, खासतौर पर आईफोन का बड़ा हिस्सा है। सेक्शन 232 अमेरिकी व्यापार विस्तार अधिनियम 1962 का हिस्सा है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर आयात पर टैरिफ लगाने की अनुमति देता है। सेक्शन 232 की समीक्षा के बाद टैरिफ पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। सेक्शन 232 टैरिफ की घोषणा के बाद अगर 50 प्रतिशत का नया टैरिफ लागू होता है तो अमेरिका में भारत से आयात होने वाले इलेक्ट्रॉनिक सामान महंगे हो जाएंगे। कंपनियां अमेरिका को भेजे जाने वाले इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम को किसी और देश में बनाने पर विचार कर सकती हैं। ट्रम्प ने 18 महीने में 150 प्रतिशत और बाद में 250 प्रतिशत टैरिफ की धमकी दी है। 100 डॉलर की दवा की कीमत दोगुनी हो जाएगी। इससे सन फार्मा, डा. रेड्डी, सिप्ला, ल्यूपिन जैसी बड़ी भारतीय कंपनियों को नुकसान होगा। भारत ने 2024 में अमेरिका को 9.94 बिलियन डॉलर (करीब 87 हजार करोड़) के रत्न और आभूषण आयात किए थे। ये अमेरिकी हीरा आयात का 44.5 प्रतिशत है। कुछ आभूषणों पर पहले से ही 25 प्रतिशत तक टैरिफ था। अमेरिका में कीमत बढ़ने से निर्यात में 15.20 प्रतिशत की कमी हो सकती है। नया टैरिफ बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया है। कीमत बढ़ने से निर्यात में 15.30 प्रतिशत की कमी संभव है। अमेरिकी खरीदार सस्ते विकल्पों की ओर जा सकते हैं, जिससे भारतीय कारीगरों की नौकरियां खतरे में पड़ सकती हैं। वहीं भारतीय कंपनियां दुबई और मेक्सिको जैसे देशों में मैन्युफैक्चरिंग सुविधाएं स्थापित करने पर विचार कर सकती हैं, जहां टैरिफ कम हैं। दुबई में यह शुल्क सिर्फ 10 प्रतिशत और मेक्सिको में 25 प्रतिशत है, जबकि भारत को अब 50 प्रतिशत का भुगतान करना होगा। भारत ने 2024 में अमेरिका को 10 बिलियन डॉलर, यानी करीब 87 हजार करोड़ के टेक्सटाइल आयात किए थे। इसमें रेडीमेड गार्मेंट से लेकर काटन यार्न और कॉरपेट शामिल है।

**वैष्णो देवी में...** लगे और सब तबाह हो गया। प्रशासन का कहना है कि 23 से ज्यादा लोग जख्मी हैं। कई लापता हैं। मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है। फिलहाल, इस इलाके में भारी बारिश की वजह से वैष्णो देवी यात्रा स्थगित कर दी गई है। मंगलवार को जम्मू शहर में 24 घंटे से भी कम समय में 250 मिमी से ज्यादा बारिश हुई। इससे कई जगहों पर बाढ़ जैसे हालात हैं। घरों और खेतों में पानी भर गया है। नॉर्दर्न रेलवे ने भी बुधवार को जम्मू-कटरा से चलने वाली और यहां रुकने वाली 22 ट्रेनें रद्द की हैं। इसके अलावा 27 ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट किया गया है। हालांकि कटरा-श्रीनगर के बीच ट्रेन सर्विस जारी है। एक श्रद्धालु ने बताया कि मैं और मेरा पूरा परिवार साथ जा रहे थे। मेरे बच्चे और पत्नी आगे निकल गए। फिर बहुत जोर से चट्टान गिरी। हमें कुछ समझ नहीं आया। अब मेरे बच्चों का कुछ पता नहीं चल रहा है। हम डरे हुए हैं। पल भर में हमारा सब कुछ बिखर गया। एक और महिला ने बताया कि हम माता रानी के दरबार में जा रहे थे। हमें कुछ समझ नहीं आया। मैं और मेरे पति तो बच गए पर मेरे तीनों बच्चे दब गए। सब कुछ तुरंत हो गया।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## वैधानिक सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



## खतौली में अवैध निर्माण पर ताबड़तोड़ कार्रवाई

# पालिकाध्यक्ष शाहनवाज समेत चार लोगों की प्रॉपर्टी सील

**प्राधिकरण की कार्यवाही से अवैध कोलोनाइजर में हड़कंप**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** खतौली नगर में बुधवार का दिन नगर पालिका अध्यक्ष हाजी शाहनवाज लाल और तीन अन्य व्यक्तियों के लिए भारी साबित हुआ। मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण (एमडीए) ने शहर में धड़ल्ले से खड़े किए गए अवैध निर्माणों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए चार संपत्तियों को सील कर दिया। इस कदम के बाद नगरभर में हड़कंप मच गया और चर्चा का बाजार गर्म हो गया।



**आदेश पर उतरी प्राधिकरण टीम:** मंडलायुक्त सहारनपुर के निर्देश और मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष कविता मीना के आदेश पर प्राधिकरण की टीम बुधवार सुबह से ही सक्रिय दिखी। टीम ने मौके पर पहुंचकर सीलिंग की कार्रवाई को अंजाम दिया। इस दौरान किसी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए संबंधित थाने की पुलिस फोर्स भी मौके पर मौजूद रही।

**किन-किन की प्रॉपर्टी सील हुई?** प्राधिकरण ने मौ. उस्मान और मौ. अहसान (वार्ड नं-4, मोहल्ला सद्दीक नगर, बुढ़ाना रोड) लगभग 500 वर्गमीटर में बना व्यवसायिक हॉल,मौ. तासीर हसन (बिजली घर के सामने, बुढ़ाना रोड) करीब 500 वर्गमीटर में अवैध निर्माण, ईनाम पुत्र इदरीश (मोहल्ला जी.टी. रोड) लगभग 200 वर्गमीटर क्षेत्र में बनी दुकानें, हाजी शाहनवाज लालू, नगर पालिका अध्यक्ष (बिजली घर के सामने, जी.टी. रोड) करीब 250 वर्गमीटर में निर्मित व्यवसायिक हॉल।

**पहले भी जारी हो चुके थे नोटिस:** प्राधिकरण ने बताया कि इन सभी निर्माणों पर पहले नोटिस और चालानी कार्रवाई की जा चुकी थी। संबंधित लोगों को निर्माण हटाने के निर्देश भी दिए गए थे, लेकिन कार्रवाई के बावजूद अवैध निर्माण जस का तस बने रहे। बुधवार को इन्हें सील करने का कठोर कदम उठाना पड़ा।

**प्रशासन का सख्त संदेश:** सीलिंग अभियान के बाद नगर में यह संदेश गया कि चाहे आम नागरिक हो या फिर पद पर बैठा बड़ा व्यक्ति, अवैध निर्माण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। स्थानीय लोगों के बीच यह चर्चा भी तेज रही कि प्राधिकरण ने इस बार सीधे नगर पालिका अध्यक्ष की संपत्ति को भी सील कर यह साबित कर दिया कि कानून सबके लिए बराबर है। कार्रवाई के दौरान प्राधिकरण के सहायक अभियंता, अवर अभियंता, टीम के अन्य अधिकारी और पुलिस बल पूरे समय मौके पर डटे रहे।

## भाजपाइयों ने फर्जी मुठभेड़ का आरोप लगा किया हंगामा

**पूर्व विधायक उमेश मलिक ने दिया 3 दिन का समय**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एक बेकसूर युवक को सैंकड़ों ग्रामीणों की आंखों के सामने से उसके गांव से उठाकर कुछ ही देर बाद एक फर्जी मुठभेड़ में गोली मारने का खुला आरोप बुढ़ाना पुलिस पर लगाते हुए भाजपाईयों ने आज बुधवार के दिन बुढ़ाना कस्बे के डाक बंगले पर जमकर हंगामा काटा और मुठभेड़ में शामिल दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग कर डाली। मौके पर पहुंचे एसपी देहात ने आक्रोशित ग्रामीणों को शांत कर तीन दिन का समय मांगा तो पूर्व विधायक ने भी फिर साफ चेतावनी दे डाली कि अगर कुछ झोल हुआ तो वे खुद भाजपाइयों के साथ 31 अगस्त को अनिश्चितकाल के लिए बुढ़ाना कोतवाली का घेराव करेंगे। मिली जानकारी के अनुसार बुढाना कोतवाली क्षेत्र में बीते कल बुढ़ाना पुलिस की कुछ बदमाशों से बाइक लूट के खुलासे के चलते मुठभेड़ हुई थी। जिसमें गांव कुरथल निवासी रोबिन पुलिस से मुठभेड़ करते हुए घायल हो गया। जब इस बात का पता भाजपा मंडल अध्यक्ष मोनू ठाकुर को पता लगा तो वे हैरत में रह गये क्योंकि उन्होंने ही कुछ अन्य ग्रामीणों के साथ मिलकर रोबिन को पुलिस को सौंपा था। पुलिस भी ग्रामीणों से यह कहकर ले गयी थी कि उनको एक बाइक लूट के मामले में रोबिन से पूछताछ करनी है। रोबिन को पुलिस की गोली लगने की सूचना पर ग्रामीणों में पुलिस के प्रति भारी रोष पैदा हो गया और उन्होंने बीती देर रात गांव में एक पंचायत कर तय किया कि बुधवार को सभी ग्रामीण बुढ़ाना डाक बंगले पर एकत्रित होंगे। आज सैंकड़ों ग्रामीण और भाजपाई पूर्व विधायक उमेश मलिक के नेतृत्व में डाक बंगले पर पहुंचे और रणनीति बनाते हुए एसपी देहात आदित्य बंसल को बुलवाया। जिसमें पूर्व विधायक ने एसपी को पूरा घटनाक्रम बताया और फर्जी मुठभेड़ करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। जिस पर उन्होंने एसएसपी के निर्देश पर जांच टीम गठित कर उसमें एसपी सिटी और दो सीओ को रखा। जो रोबिन मुठभेड़ की जांच 3 दिन के भीतर करेंगे। जो भी पुलिसकर्मी दोषी होगा उसके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। जिस पर पूर्व विधायक उमेश मलिक ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जांच में कुछ झोल हुआ तो वे अपने हजारों समर्थकों को साथ लेकर बुढ़ाना कोतवाली में 31 अगस्त को धरने पर बैठेंगे।

डाक बंगले पर हुई मीटिंग का संचालन हिमांशु संगल ने किया। यहां सीओ गजेंद्र पाल सिंह, गांव राजपुर छाजपुर के प्रधान अनिरुद्ध सिंह, गांव बिराल के प्रधान ठाकुर मन्नू सिंह, ठाकुर चंद्रपाल सिंह, सहकारी बैंकों के सभापति ठाकुर रामनाथ सिंह, भूमि विकास बैंक बुढ़ाना के चेयरमेन विनोद सैनी, मोनू मलिक और पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा भारत ठाकुर आदि लोग मौजूद रहे।

# घायलों के परिजन पहुंचे कश्मीर

**राज्यमंत्री कपिल देव ने स्वीकृत कराया चार लाख का मुआवजा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** माता वैष्णो देवी के दर्शन कर वापस लौट रहे नगर निवासी परिवार के साथ हुए हादसे में युवक की मौत व परिवार के अन्य लोगों के गंभीर घायल होने की जानकारी पाकर रिश्तेदारों व गणमान्य लोगों सांसद हरेन्द्र मलिक आदिका बुधवार को भी पीड़ित परिवार के घर आना जाना लगा रहा। राज्यमंत्री कपिल देव के आग्रह पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीड़ित परिवार को चार लाख रूपयें की आर्थिक मदद देने की घोषणा की है।

मृतक कार्तिक को क्रिकेट का शौक था और वह क्रिकेट में आगे बढ़ना चाहता था, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। बता दे कि नगर के रामलीला टिल्ला निवासी मिंटू कश्यप और उनके परिवार के सदस्य मंगलवार को माता वैष्णो देवी के दर्शन कर वापस लौटते रहे थे कि इसी समय जम्मू में अर्द्धकुमारी के पास भूस्खलन में कार्तिक की मौत हो गई। बताया जाता है कि नगर कोतवाली क्षेत्र के मिन्टू कश्यप अपनी पत्नी बबली, बेटी उमंग और बेटे कार्तिक के साथ वैष्णो देवी के दर्शन करने गए थे इस समय उनके साथ उनके साले की बेटी वैष्णवी भी साथ थी। घटना की जानकारी देने के बाद मिंटू व उनके परिजनों को यहां अपने परिजनों से संपर्क टूट गया था। घायलों को नारायणी अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना की जानकारी पाकर देर रात कार्तिक के ताऊ बाबूराम व रिश्तेदार मुनेंद्र, अनुज, सुनील व प्रमोद जम्मू के लिए रवाना हो गए थे।

बताया गया कि शाम के समय अस्पताल के एक कर्मचारी की मदद से पठानकोट में ठहरे लोगों का मिंटू से संपर्क हुआ। तब बताया गया कि मिंटू की बेटी उमंग, पत्नी संगीता के पैर का ऑपरेशन हुआ है।

वैष्णवी व मिंटू घायलों की देखभाल कर रहे है। उधर, बुधवार सुबह भाजपा नेता पूर्व विधायक अशोक कंसल, गौरव स्वरूप, घनश्याम भगत, पारस कश्यप, विकल्प जैन आदि ने पीडितों के घर पहुंच कर जानकारी ली। पीडितों के घर पर अभी रिश्तेदारों व गणमान्य लोगों का आना जाना लगा है।



गणपतिधाम में पूजा अर्चना करने आए डीएम उमेश मिश्रा को प्रतीक चिन्ह देते भीम कंसल।

# 1300 करोड़ के फर्जी ई-वे बिल पर जीएसटी चोरी में दो गिरफ्तार

**मुख्य आरोपी की तलाश, मौके से फर्जी ई-वे बिल अन्य प्रमाण पत्र, लैपटॉप, भारी मात्रा में फर्जी मोहरें बरामद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** खालापार पुलिस ने फर्जी ई-वे बिल व अन्य प्रमाण पत्र के आधार पर 1300 करोड रूपये की जीएसटी चोरी करने के आरोप में दो लोगो को गिरफ्तार किया है जबकि मुख्य आरोपी अभी पुलिस पकड से दूर है पुलिस ने छापेमारी के दौरान इनके कब्जे से फर्जी ई-वे बिल व अन्य प्रमाण पत्र, लैपटॉप, प्रिंटर, मोबाइल भारी मात्रा में फर्जी मोहरे, धर्मकांटे की पर्ची व अन्य दस्तावेज बरामद करने का दावा किया है।

पुलिस लाइन के सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने जानकारी देते हुए बताया कि सूचना के आधार पर खालापार की पुलिस टीम ने मेरठ रोड स्थित जेडके कॉम्प्लेक्स में फर्जी फर्मो के नाम से बिल व फर्जी जीएसटी बिल और धर्म कांटो की फर्जी रशीदों से ई-वे बिल तैयार कर जीएसटी चोरी की जा रही है। बताए गए स्थान पर छापेमारी की गई जहां दो लोग कॉम्प्लेक्स के अंधर फर्जीवाडा करते हुए मिले यह लोग लैपटॉप पर काम कर रहे थे। और धर्म कांटे की फर्जी पर्ची लैपटॉप पर तैयार कर प्रिंट दे रहे थे। पूछताछ के दौरान उक्त लोगों ने पुलिस को बताया कि फर्जी बिल व अन्य पत्र तैयार कर जीएसटी चोरी का काम किया जाता है। पुलिस ने यहां से तीन मोबाइल व विभिन्न ट्रांसपोर्टर, धर्म कांटा तथ फर्मो के नाम पर भी करीब 103 मोहरे लैपटॉप, प्रिंटर, धर्म कांटो की फर्जी पर्ची, ट्रांसपोर्ट की फर्जी पर्ची व अन्य फर्जी प्रपत्र व उपकरण बरामद किए गए। पुलिसने मौके पर ही यहां की फाईल चैक करते हुए 120 बिलो की फाइले अपने कब्जे में की। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि खालापार पुलिस ने जीएसटी विभाग को सूचना देकर मौके पर बुलाया और संबंधित कागजात उन्हे सौंप दिए। एसएसपी ने बताया कि इस फर्जी कार्यालय में प्राप्त दस्तावेज का निरीक्षण किया गया तो करोडो रूपयें की जीएसटी चोरी सामने आई। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपने नाम मौ. नदीम, नसीफ सैफी पुत्र मौहम्मद अनीस सैफी निवासी ग्राम लिसाढ़ी थाना लिसाढ़ीगेट जनपद मेरठ व मौहम्मद समीर पुत्र मौ. शमीम निवासी ग्राम सरवट थाना सिविल लाइन बताए। पुलिस ने थाने लाकर की गई पूछताछ की तो पता लगा कि यह लोग शादाब नामक युवक के लिए काम करते है और शादाब आदि ने जानसठ रोड पर अक्शा रिसाइलिंग एण्ड वैस्ट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड नाम से फर्म बना रखी है। शादाब ही इन्हे ई-वे बिल भेजता है और यह लोग कुछ कम्पनियों से सम्पर्क कर फर्जीवाडा करते है और इनके पास विभिन्न कम्पनियों की मोहरे भी मिली है। एसएसपी ने बताया कि यह गिरोह कम्पनियों के द्वारा माल की खरीदारी व परिवहन के फर्जी बिल के आधार पर फर्जी धर्मकांटा पर्ची तैयार करते है। और इसी से माल की खरीदारी व परिवहन नहीं होता है। एसएसपी ने बताया कि पकडे गए आरोपियों ने बताया कि धर्म कांटा पर्ची और ट्रांसपोर्ट पर्ची पर यह लोग उन गाडियों के नम्बर डालते है जिनकी लिस्ट पहले से ही उनके पास होती है और इसी तरह जीएसटी की चोरी के लिए टैक्स इनवॉइस, ई-वे बिल, बिलटी ट्रांस्पोर्ट रशीद व धर्म कांटे पर्ची के साथ एक फाइल तैयार करते है यह गिरोह इन फाईलों को आगे भेजते है। एसएसपी ने बताया कि इस तरह फर्जी कागजातो के आधार पर शादाब सरकार से 18 प्रतिशत की जीएसटी के रूपये वापस ले लेता है और अब तक यह गिरोह 1300 करोड से अधिक की जीएसटी चोरी कर चुका है।

# मंत्री कपिल ने की शहर की मूलभूत समस्याओं को लेकर बड़ी बैठक

**नगर की सफाई और निर्माण कार्यों से संतुष्ट नहीं दिखे कपिल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मेरठ रोड स्थित लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस पर नगर विधायक एवं प्रदेश सरकार मे राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी, ए ई, जेई सहित संबंधित अधिकारियों के साथ नगर की विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को नगर के समग्र विकास के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मंत्री कपिल देव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान और 'विकसित भारत/204' के संकल्प तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सुशासन व विकास के विज़न को धरातल पर उतारना हमारी सर्वोच्च जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर की सड़कों, सफाई व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था और सौंदर्यकरण पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि नगर की जनता को वास्तविक सुविधाएं मिल सकें।

उन्होंने सर्कुलर रोड स्थित श्रीराम चौक से फाटक की ओर सड़क निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि सड़कें किसी भी नगर की जीवनरेखा होती हैं और मोदी जी व योगी जी का संकल्प है कि हर नगर में सुगम व सुरक्षित यातायात की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने मंडी समिति के पास लंबे समय से लगे



कूड़े के ढेरों पर चिंता जताते हुए कहा कि इसका स्थायी समाधान निकाला जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही स्वस्थ समाज की कुंजी है और यह प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत मिशन की आत्मा है।

प्रकाश व्यवस्था पर जोर देते हुए मंत्री कपिल देव ने अधिकारियों से कहा कि नगर की सभी प्रमुख सड़कों और चौराहों पर हाईमास्ट व एलईडी लाइट्स सुनिश्चित हों। उन्होंने कहा कि योगी की सरकार अपराध मुक्त और भयमुक्त उत्तर प्रदेश के संकल्प पर कार्य कर रही है और इसके लिए नगर में हर गली-चौराहे पर पर्याप्त रोशनी आवश्यक है। साथ ही उन्होंने नगर के सौंदर्यकरण पर बल देते हुए कहा कि पार्कों का रख-रखाव, चौकों का सुंदरीकरण और दीवारों पर प्रेरणादायी चित्रकला नगर की छवि को निखारेंगे।

मंत्री कपिल देव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना है कि भारत वर्ष 2047 तक एक विक. सित राष्ट्र बने और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी उत्तर प्रदेश को देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। नगर स्तर पर हमें इन संकल्पों को सफल बनाना है। नगर की जनता को बेहतर सड़कें, स्वच्छ वातावरण, उज्ज्वल प्रकाश व्यवस्था और आधुनिक सुविधाएं मिलें, यही हमारी सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं को धरातल पर समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से लागू किया जाए, ताकि जनता को वास्तविक लाभ मिल सके।

## साकेत कॉलोनी में फायरिंग के आरोपी को लिया रिमांड पर

**पुलिस ने घटना में प्रयुक्त तमंचा व खोका किया बरामद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सिविल लाइन पुलिस ने सरेआम फायरिंग करने के आरोपी को रिमांड पर लेकर उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त तमंचा व खोका बरामद होना बताया है। आरोपी ने एक पखवाडे पूर्व साकेत कॉलोनी में अपने साथियों के साथ मिलकर फायरिंग कर क्षेत्र में सनसनी फैलाई थी इस मामले में पुलिस कई लोगों को जेल भेज चुकी है।

सिविल लाइन पुलिस ने बताया कि उन्होने फायरिंग के आरोप में कोर्ट में पेश होकर जेल गए अभिषेक ढबास उर्फ काला पुत्र राजीव निवासी ग्राम दौलतपुर थाना सिखेडा को रिमांड पर लिया है।

आरोपी ढबास उर्फ काला ने 7 अगस्त को साकेत कॉलौनी में अपने साथियों के साथ मिलकर जबरदस्त फायरिंग करके क्षेत्र में सनसनी फैलाई थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना के दिन से ही छानबीन करते हुए इस मामले को दर्ज कर लिया था। पुलिस ने अभिषेक ढबास को रिमांड पर लिया और उसकी निशानदेही पर सरकुलर रोड स्थित एक स्थान से घटनामें प्रयुक्त किया गया तमंचा व खोका कारतूस बरामद किया है। इसके बाद पुलिस ने आरोपी अभिषेक को लिखापढ़ी कर वापस जेल भेज दिया।



मुजफ्फरनगर: साकेत कॉलोनी में फायरिंग करने वाले बदमाशों से पूछताछ करते एसएसपी।

# दस दिवसीय गणेश जन्मोत्सव प्रारंभ

**नई मंडी में निकाली गई भव्य रथ यात्रा, डीएम भी पहुंचे गणपतिधाम**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** दस दिवसीय श्री गणेश जन्मोत्सव आज परंपरागत ढंग से पूजा अर्चना के साथ नगर के विभिन्न गणपति मंडपों में शुरू हुआ। भरतिया कॉलोनी स्थित श्री गणेपति धाम मंदिर में दिन भर श्रद्धालुओं का आवागमन लगा रहा। यहां से नई मंडी क्षेत्र में भव्य श्री गणेश शोभायात्रा निकाली गई जिसमें जिलाधिकारी उमेश मिश्रा सहित अनेक अधिकारी तथा गणमान्य व्यक्ति भी शामिल हुए। आदर्श कॉलोनी में शिव मंदिर से श्री गणेश रथ यात्रा निकाली गई, जबकि बड़ी धर्मशाला में श्री गणेश पूजा अर्चना से पहले महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली।

श्री गणपतिधाम मंदिर को इस बार भी भव्य ढंग से सजाया गया है। मंदिर में पुष्पों और विद्युतीय सज्जा हर किसी का मन लुभा रही है। भगवान गणपति की विभिन्न मुद्राओं को देखकर श्रद्धालु भाव विभोर हो रहे है। श्री गणपति परिवार को स्वार्णाभुषणों से सुशोभित किया गया है। प्रात: दस बजे रथ यात्रा का शुभारंभ जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, व्यापारी नेता संजय मित्तल, पूर्व विधायक अशोक कंसल, उद्यमि सतीश गोयल, राकेश बिंदल, चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप, सभासद विकल्प जैन, उद्यमी श्रवण गर्ग, पराग गोयल आदि ने किया श्रद्धालुओं का स्वागत मंदिर कमेटी के संस्थापक भीम कंसल, अध्यक्ष अशोक गर्ग, मंत्री अनिल गोयल, कोषाध्यक्ष जेपी गोयल, विनोद राठी, सोम प्रकाश कुच्छल, बिजेन्द्र अग्रवाल, कैलाश चन्द आदि ने किया। सायंकाल भव्य आरती की गई इससे पूर्व नवीन मंडी स्थल तथा नई मंडी के मार्गो से होकर गुजरी रथ यात्रा हर किसी के लिए आकर्षण का केन्द्र रही। झांकिया और बैण्डबाजों से युक्त रथ यात्रा के स्वागत के लिए श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पर विभिन्न प्रकार के व्यंजन वितरित कराए। रामपुरी, कम्बल वाली गली, नदीघाट रोड, कैशवपुरी आदि में भी गणपति मंडप सजाए गए है।

## ब्रिगेडियर ने किया अग्निवीर भर्ती रैली का निरीक्षण

**ईमानदारी की दी सलाह, दलालों एवं एजेंटो से बचने का कहा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** भारतीय सेना अग्निवीर भर्ती रैली का आज छठा दिन है। भर्ती रैली में बुलंदशहर जिले के 999 में युवको ने भाग लिया और बिग्रेडियर एसके मण्डल, एसएम उप महानिदेशक मुख्यालय भर्ती क्षेत्र (उत्तर प्रदेश/उत्तराखंड) ने चौधरी चरण सिंह में आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली का दौरा किया। उन्होने यहां का निरीक्षण और दिन की पहली दौड़ को हरि झंडी दिखाई। अधिकारियों ने रैली में भाग लेने वाले युवकों को प्रेरित किया और उन्हे उच्च स्तर से प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित भी किया। एआरओ मेरठ ने स्थानीय सैन्य प्राधिकरण के साथ-साथ नागरिक प्रशासन की सक्रिय सहायता से विस्तार से जानकारी दी और सुविचारित व्यवस्था के संबंध में भी बताया। अग्निवीर रैली भर्ती में होने आए सभी युवकों ने अनुशासन और ईमानदारी के उच्च स्तर को दिखाया जो अग्निवीर योजना में उनके विश्वास का प्रमाण है। युवकों को सूचित किया कि भर्ती प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी है इसमें कोई हेरा-फेरी नहीं है और पर्याप्त जांच संतुलन है। इस दौरान यह भी स्पष्ट किया कि इसमें धोखाधड़ी की कोई भी गुंजाईश स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होने भर्ती को आए युवकों को सलाह दी कि वह दलालो और एजेंटो से बचे।



मुजफ्फरनगर: अग्निवीर भर्ती रैली का निरीक्षण करते ब्रिगेडियर एसके मंडल।

# छड़ियों का मेला शुरू होने से पहले मचा घमासान

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** खतौली में परंपरागत छड़ियों का मेला इस बार शुरू होने से पहले ही विवादों में उलझ गया है।

नगर पालिका में दो गुट बन गए हैं एक ओर कुछ सभासद मेले की शुरुआत जल्द कराने के पक्ष में हैं, जबकि दूसरी ओर ठेका प्रक्रिया और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। हाल ही में सभासद मनोज ने पालिकाध्यक्ष हाजी शाहनवाज लालू पर वित्तीय और प्रशासनिक अनियमितताओं के आरोप जड़े।



उनका कहना है कि मेले का ठेका जिस ठेकेदार को दिया गया है, वह पहले ब्लैकलिस्टेड और अनुभवहीन रहा है। भीड़भाड़ वाले इस धार्मिक मेले में हादसा हुआ तो जिम्मेदारी कौन लेगा, यह बड़ा सवाल है। मनोज ने यह भी आरोप लगाया कि मेला नीलामी की प्रक्रिया सात-आठ बार दोहराई गई, मगर पालिकाध्यक्ष ने हर बार उदासीनता दिखाई। परिणामस्वरूप ठेका किसी अनुभवी को नहीं मिला और पालिका को सीधा आर्थिक घाटा उठाना पड़ा।मनोज का दावा है कि इस बार मेले का ठेका पिछले वर्ष की तुलना में करीब सात लाख रुपये कम में दिया गया है। उनका आरोप है कि इससे पालिका को भारी नुकसान हुआ है और पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच जरूरी है ताकि मेले की पारदर्शिता और जनता की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। सभासद असद खान शालू, कपिल मोतला समेत अन्य ने मनोज पर ही पलटवार किया। उन्होंने आरोप लगाया कि मनोज ठेकेदार के साथ मिलकर धार्मिक मेले में व्यवधान डालने की कोशिश कर रहे है।

# 5 माह के बच्चे को लेकर विवाहिता हुई फरार

**बुढ़ाना।** एक विवाहिता अपने 5 माह के पुत्र को ई रिक्शा में लेकर फरार हो गयी। जाते जाते विवाहिता अपने सास ससुर को झूठे केस में फंसाने की धमकी भी दे गयी। इस मामले में घबराए ससुर ने पुलिस की शरण ली है। पुलिस ने दोनों की तलाश शुरु कर दी है।

बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव वैल्ली निवासी एक पीड़ित ग्रामीण ने बताया कि उसके छोटे पुत्र की शादी शिवानी पुत्री रामपाल सिंह निवासी ढिकाना थाना बडौत जिला बागपत के साथ करीब ढाई वर्ष पूर्व हुई थी। वर्तमान में उसकी पुत्रवधु और पुत्र के बीच मुज"फरनगर परिवार न्यायालय में तलाक का मामला विचाराधीन है तथा मेरी पत्नी के साथ मारपीट और घरेलू हिंसा के संबंध में भी मुज"फरनगर मीडिएसन सैंटर पर शिवानी के विरूद्ध विचाराधीन है। शिवानी अब भी मेरे घर में ही रह रही है जबकि मेरा पुत्र संभल पुलिस विभाग में डयूटी कर रहा है। शिवानी पहले भी हमारे साथ बदतमीजी कर चुकी है। पहले भी मैं कई शिकायती पत्र बुढ़ाना कोतवाली मे दे चुका हूं। आज बुधवार की सुबह शिवानी मेरे 5 माह के पौत्र और बैग लेकर घर से किसी रिक्शा में बैठकर निकल गयी और जाते जाते मुझे व मेरी पत्नी को किसी भी मामले में फंसाने की धमकी दे गयी और हमारे ऊपर तलाक के मुकदमे को उठाने का दबाव बना रही है जो कि हमने नही किया। पीड़ित ने बताया कि अगर शिवानी या उसके पौत्र के साथ कोई भी घटना हो गयी तो उसके परिजन हमें किसी भी झूठे मामले में फंसा सकते हैं।

## विद्युत विभाग की कार्रवाई से हड़कंप

**मोरना।** बुधवार को विद्युत विभाग के अधिकारियों की टीम ने मोरना में ष्मेगा डिस्कनेक्शन अभियान के अंतर्गत विद्युत बिल की बकाया वसूली को अभियान चलाया।जिससे गांव मे हड़कंप मच गया। भोपा उपकेंद्र के अवर अभियंता इमरान अख्तर ने बताया कि विद्युत बिल बकाया लोगों के विरुद्ध अभियान चलाया गया जिसमें 110 बकायदारों के विद्युत कनेक्शन काटे गए साथ ही पांच लाख रुपए की बकाया वसूली भी की गई है। टीम द्वारा चलाए गए अभियान से बकायदाओं में हड़कंप बचा हुआ हैं।इस दौरान मुख्य अभियंता पवन अग्रवाल, अधीक्षण अभियंता संजय शर्मा, अधिशासी अभियंता अमित कुमार, उपखंड अधिकारी रवि कुमार शामिल रहे।

# दबंगों ने 2 सगी बहनों संग की अश्लील हरकतें

**बुढ़ाना।** दबंगों पर 2 सगी बहनों संग अश्लील हरकतें करने का आरोप है। ग्राम चंधेडी निवासी एक युवती ने बताया कि उसकी मां पुष्पा देवी ने 8 माह पूर्व गांव की विधवा कलावती पत्नी शिव कुमार से गांव में कृषि भूमि खरीदी थी। भूमि खरीदने व दाखिल खारिज के बाद विधवा ने गांव के कल्लू पुत्र ब्रह्म स्वरूप संग कोर्ट मैरिज कर ली।

फिर कल्लू व कलावती हमारे परिवार संग षडयंत्र करने लगे और खरीदी जमीन पर विवाद करने लगे। उल्टे सीधे मुकदमे उसके मां पिता पर करने लगे। जिसमें 5 दिन पूर्व मेरे पिता को पुलिस जेल भेज चुकी है। अब घर में मैं और मेरी बहन अकेले रहते हैं और अपने पशुओं के चारे की व्यवस्था खुद कर रहे हैं। मेरे भाई घर पर नहीं रहते। मजूदरी करने बाहर गये हैं। पिता की सूचना पर भाई कल घर आया। बुधवार की सुबह में और मेरी छोटी बहन पशुओं का चारा लेने उक्त भूमि पर गई तो वहां पहले से मौजूद कल्लू व उसके पुत्र मनीष व शंकर उससे और उसकी बहन संग गाली गलोच छेडछाड व मारपीट करने लगे। कल्लू ने उसे बेईज्जत करने की नीयत से धक्का देकर नीचे गिरा दिया और उसके साथ अश्लील हरकतें की। जब उसकी बहन ने विरोध किया तो उसके साथ भी छेड़छाड़ की। शोर होने पर मौके पर आए पड़ोसियों को देख सभी आरोपी भविष्य में रेप करने की धमकी देकर फरार हो गये। पीड़िता ने बुढ़ाना पुलिस से कार्यवाही की गुहार लगाई है। उधर पुलिस ने भी मामले की जांच शुरु कर दी है।

# जानसठ सीएचसी पर बुखार के मरीजों की लगी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानसठ।** स्थानीय सीएससी पर इस बदलते मौसम में बुखार से पीड़ित मरीजों की भीड़ देखने को मिलती है। बुखार से पीड़ित मरीजों का आरोप है कि सीएससी पर दवाइयां नहीं मिल पा रही हैं। और जो मिल रही हैं उनसे मरीजों को आराम नहीं पड़ रहा है।

बुधवार को सीएचसी पर डॉक्टर को दिखाने के लिए मरीजों की भारी भीड़ उमड़ी, सैकड़ो की तादाद में मैरिज एवं तीमारदार पंजीकरण की लाइन में लगे रहे। इस दौरान बहुत सारे मरीजों का कहना था,कि अस्पताल में डॉक्टर जो दवाई लिख रहे हैं उनमें से बहुत कम ही दवाइयां अस्पताल से मिल रही हैं बाकी दवाइयां के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। और बाहर से महंगी दवाइयां खरी. दनी पड़ रही है। जबकि आर्थिक तंगी से जूझ रहा मरीज बाहर मेडिकल स्टोर से महंगी दवाइयां नहीं खरीद सकता, आर्थिक तंगी से जूझ रही महिला शबाना, रुखसाना, रगबीरो,जमालो, बानों आदि बुखार से पीड़ित मरीज ने बताया कि अस्पताल के अंदर से दवाइयां नहीं मिल पा रही है जिसके चलते बाजार में स्थित मेडिकल स्टोर से दवाइयां खरीदने को मजबूर है।

सीएचसी प्रभारी डॉ अर्जुन का कहना है, कि बुधवार को करीब 750 मरीज सीएससी पर पहुंचे। दवाइयां पर्याप्त हैं। प्रधानमंत्री जन औषधालय भी अस्पताल परिसर में चल रहा है।

## रिसाईकलिंग प्लांट से 51 लाख रुपये की जीएसटी वसूली

**बुढ़ाना।** क्षेत्र में आज बुधवार के दिन किसी की सूचना के आधार पर जीएसटी विभाग की बड़ी कार्यवाही हुई है। जिसमें बुढाना क्षेत्र में स्थित एक रीसाइकलिंग प्लांट में छापेमारी के दौरान भारी अनियमितता पाई गयी। जिसमें जीएसटी की टीम ने जुर्माने के रुप में प्लांट के आनर से 51 लाख रूपए की वसूली की।

इस दौरान यहां पर हड़कंप मचा रहा और अफरा तफरी का माहौल भी देखने को मिला। यह बड़ी कार्यवाही जीएसटी एसआईबी के ज्वाइंट कमिश्नर सिद्धेश चंद दीक्षित के नेतृत्व में एसआईबी डिप्टी कमिश्नर मनोज शुक्ला और उनकी टीम के द्वारा सफलतापूर्वक तरीके से की गयी है। इस दौरान पुलिस बल भी मौजूद रहा। किसी भी तरह का विरोध इस दौरान यहां पर देखने को नहीं मिला।

## खुड्डा में नकली खाद बेचने वालों पर छापे

**मुजफ्फरनगर।** कृषि अधिकारी राहुल तेवतिया की बड़ी कार्यवाही से मचा हड़कंप

कृषि विभाग के अधिकारी राहुल तेवतिया की टीम और स्थानीय पुलिस प्रसाशन की बड़ी कार्यवाही।

छपार के् गाँव खुड्डा मे बनाया जा रहा था नकली किटनाशक और उर्वरक नकली भारी मात्रा में वैराइटी बनाकर राजस्व को पहुंचाया जा रहा था नुकसान, और किसानो की फसलों के साथ किया जा रहा था खिलवाड़।

इससे पूर्व भी कई जगहों पर इस तरह की नकली कीटनाशक और उर्वरक खाद बनाने वालों पर कसा जा सका है शिकंजा।

# एसडीएम ने डेयरी संचालकों से की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** उप जिला अधिकारी श्रीमति अपूर्वा यादव द्वारा आज बुधवार के दिन बुढ़ाना तहसील परिसर में स्थित अपने कार्यालय में बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र में स्थित सभी दूध डेयरी संचालकों की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त डेयरी संचालकों को निर्देश दिये गये कि कोई भी डेयरी संच. ालक किसी भी कारण से मर गये मृत गौवंश को खुले रूप से सड़कों पर ना डालें।

कुल मिलाकर किसी भी दशा में मृत पशु के शरीर का प्रक्रिया अनुसार प्रबन्धन किया जाए। इसके अतिरिक्त डेयरी परिसर की साफ सफाई का ध्यान रखते हुए उससे



निकलने वाले गोबर या कूड़ा इत्यादि को नाली या सार्वजनिक स्थान पर न फेंके जाने एवं स्वच्छता बनाये रखने के लिए भी निर्देशित किया गया। इस दौरान यहां पर खंड विकास अधिकारी सतीश कुमार और कई डेयरी संचालकों की भी उपस्थिति रही।

## लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष भी चन्द्रशेखर की शरण में

**मुजफ्फरनगर।** समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष टीटू पाल रमन का अचानक असपा प्रेम चर्चा का विषय बन गया है। उन्होंने अपने फेसबुक अकाउंट पर असपा सुप्रीमो व सांसद चंद्रशेखर के साथ फोटो पोस्ट की है। यही नहीं, हाल ही में असपा में शामिल हुए रंजीवीर को भी उन्होंने सोशल मीडिया पर समर्थन दिया



है।बताया जा रहा है कि फेसबुक पर जो फोटो टीटू पाल रमन ने साझा की है, वह दिल्ली में रंजीवीर के असपा जॉइनिंग कार्यक्रम के दौरान की है। अब सवाल उठ रहा है कि क्या टीटू पाल रमन भी सपा छोड़कर असपा का दामन थाम सकते हैं? इस पूरे प्रकरण पर निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि क्या सपा जिला अध्यक्ष जिया चौधरी टीटू पाल रमन के खिलाफ कोई कार्रवाई करेंगे या पार्टी स्तर पर इसे नजरअंदाज किया जाएगा।

# अखिलेश यादव ने दिए पंचायत चुनाव मजबूती से लड़ने के निर्देश



**मुजफ्फरनगर।** समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष ज़िया चौधरी, सपा विधायक चरथावल पंकज मलिक समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय सचिव राकेश शर्मा ने लखनऊ में समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मुलाकात करते हुए जनपद में समाजवादी पार्टी की सक्रिय गतिविधियों से अवगत कराते हुए जिले की तमाम प्रमुख घटनाओं से अवगत कराया। समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पंचायत चुनाव मजबूती से लड़ने हेतु निर्देश देते हुए जिले में तमाम बड़ी घटनाओं पर नजर रखने एवं पीडीए की एकजुटता व उनके अधिकारों तथा वोटर लिस्ट जैसे अभियान पर सक्रिय दृष्टि बनाए रखने के लिए कहा। उन्होंने समस्त प्रमुख घटनाओं से सपा हाईकमान को अवगत कराने के निर्देश भी दिए।

# भाजपा नेता यशपाल बालियान ने की डीएम व एसएसपी से मुलाकात

**बुढ़ाना।** वरिष्ठ भाजपा नेता यशपाल सिंह बालियान के नेतृत्व में भाजपाईयों ने एसएसपी संजय वर्मा से उनके आफिस में मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री योगी की अपराध व भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस को जिले में प्रभावी रूप से साकार करने पर चर्चा की।

भाजपाईयों ने एसएसपी से अनुरोध किया कि आप अपने निर्देशन में ऐसा मेकैनिज्म बनाने की कोशिश करें जिससे अपराधी तो पुलिस से डरे लेकिन शरीफ व आम आदमी पुलिस को अपना मित्र समझे। वो पुलिस से डरकर न रहे। चूंकि शरीफ व्यक्ति के मन में आज भी यह बैठा है कि पुलिस से दूर रहने में ही भला है जबकि पुलिस तंत्र सभी को सुरक्षा देने और उनके जन जीवन को सरल बनाने के लिए है। यह भाव पैदा करने की बहुत जरूरत है। जांच के नाम पर बेगुनाह और गरीब लोगों का उत्पीड़न नहीं होना चाहिए। आज पुलिस जांच के लिए कई सारे साइंटिफिक मेकैनिज्म है। उनमें विश्वास रख पुलिस कार्रवाई होनी चाहिए। किसी भी बेगुनाह व्यक्ति के सम्मान को नाजायज ठेस पहुंचने से उसका समाज व कानून व्यवस्था से विश्वास टूटता है। एसएसपी ने सब बातें ध्यान से सुनी और अपना मत भी व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि उनके कार्यकाल में उनका प्रयास मुज"फरनगर पुलिस को सर्वोत्तम कार्य करने के लिए प्रेरित कर कानून व्यवस्था को मजबूत करना रहेगा ताकि पुलिस के प्रति लोगों की धारणा बदल सके। जिससे पुलिस और जनता के बीच की दूरी कम होकर आपसी ब्विास में बदले। भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने डीएम उमेश मिश्रा से भी उनके आवास पर मुलाकात की और शहर व गांव देहात की विभिन्न समस्याओं से उनको अवगत कराया। मुख्य रूप से रियल टाइम खतौनी बनने के बाद गांव के किसानों के भू अभिलेख में हुई तहसील स्तर पर गड़बड़ी, जल मिशन शक्ति के तहत गांव में किए जा रहे पानी के नलकूपों और टंकियों का निर्माण कार्य, ड्रग कंट्रोल विभाग की लापरवाही व खाद्य पदार्थों में मिलावट कर मुनाफाखोरी संबंधी विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल से मीटिंग के दौरान ही डीएम ने जिले के सब एसडीएम को वीडियो कॉन्फेंसिंग पर लेकर रियल टाइम खतौनी बनाते समय हुई गड़बड़ी को अविलंब ठीक करने का आदेश दिया और प्रतिदिन की प्रगति से अवगत कराने को कहा। डीएम ने भ्रष्टाचार पर सरकार की जीरो टोलरेंस नीति को लेकर जिले में भ्रष्टाचार खत्म करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और कहा कि आज सभी को ईमानदारी और मेहनत से कार्य करने की जरूरत है। भाजपाई प्रतिनिधिमंडल में भाजपा नेता यशपाल बालियान, क्षेत्रीय संयोजक अशोक बाठला, अनुसूि. चत जाति जनजाति के पूर्व जिलाध्यक्ष राजकुमार सिद्धार्थ, किसान मोर्चा के महामंत्री तरुण त्यागी, पूर्व मंडल अध्यक्ष व जिला प्रतिनिधि नकुल उपाध्याय और योग गुरु सुरेंद्र मान आदि शामिल थे।

### सूचना

मेरा पुत्र साजिद व उसकी पत्नी प्रवीन व फरीन मेरे कहने सुनने में नहीं है। दुर्व्यवहार करती है। आपस में लडते है और समझाने पर उससे व उसके परिवार से बदतमीजी करते है। मै अपने पुत्र साजिद व पुत्रवधू प्रवीन व फरीन से तंग व परेशान हो चुका है इसलिए पुत्र व पुत्रवधू से अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद करते हुए इनको अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। आज के बाद इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए मै व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा। ये स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**रासुद्दीन पुत्र स्व.पीरबक्श**
**निवासी मदीना कालोनी,**
**थाना सिविल लाईन**
**जिला- मुजफ्फरनगर**

### सूचना

मेने अपना नाम SAKIB से बदलकर MOHD SHAQIB रख लिया है भविष्य में मुझको MOHD SHAQIB नाम से पुकारा जाए।

**मौ.साकिब पुत्र मोहतसिम**
**पता-म.न. 40 दधेडू कलां**
**मुजफ्फरनगर**

### सूचना

मेरा पुत्र पिन्कू पुत्र सुभाष जोकि अविवाहित है, जिसका गलत लोगों के साथ उठना बैठना है जो गैर कानूनी कार्यो में लिप्त रहता है। जब मै उसे गलत कार्यो से रोकती हूँ तो वह मेरे साथ दुर्व्यवहार करके हमलावर होता है और जान से मारने की धमकी देता है। इस कारण मैने अपने पुत्र पिन्कू से सभी सम्बन्ध समाप्त कर लिये है और मै उसे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रही हूँ। मेरा अब उससे कोई मतलब वास्ता नहीं रहा है और मै उसके किसी कार्य व लेन-देन के प्रति जिम्मेदार नही हूॅ।

**श्रीमति सुमन पत्नी रणधीर**
**सिंह निवासी मौहल्ला हरिपुरम,**
**कूकडा, थाना नई मंडी**
**जिला- मुजफ्फरनगर**

# सब एआरपी प्रशिक्षण देने में कर रहे हैं मेहनत

**बुढ़ाना।** बीईओ किरण यादव की अध्यक्षता में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान व एनसीईआरटी पाठ्ड पुस्तकों पर आधारित शिक्षक प्रशिक्षण हुआ।

जिसमें एआरपी नरेश कुमार, संजीव कुमार, रविशंकर, अमीर अहमद व क्षमा जांगिड़ द्वारा प्रशिक्षण शुरु किया गया। फिर प्रार्थना सभा हुई।



फिर दिवस 2 के सत्र प्रारंभ हुए। दिवस 1 के दोहराव के बाद कक्षा 1 व 2 की निपुण सूची को समझाया। कक्षा 1 व 3 के बच्चों में मौखिक तर्कशीलता विकसित करना बताया। ब्लेडिंग व ग्रिड के प्रभावी उपयोग के माध्यम से शब्द पठन को विस्तृत रूप में समझाया। सब प्रतिभागियों के 2 समूह बनाकर केस स्टडी पर विस्तृत चर्चा की गई। कक्षाएं 1 व 3 की पाठ्ड पुस्तक व कार्य पुस्तिका की गति. विधियों पर बच्चों की सहायता करने की रणनीति व रिमीडियल शिक्षण कार्य की रणनीति पर चर्चा हुई। शिक्षण के दौरान समावेशी वातावरण का निर्माण करने पर विस्तृत चर्चा हुई। एसआरजी विनीत के द्वारा सब शिक्षकों से प्रशिक्षण की गुणवत्ता व प्रशिक्षण की विशेषता व उपलब्धि के विषय में चर्चा की गई। प्रशिक्षण से होने वाले सब विशेष बिंदुओं पर चर्चा हुईघ। प्रशिक्षण के बाद स्कूल में जाकर शिक्षक संदर्शिका, शिक्षक डायरी व निपुण लक्ष्य एप के अनुसार कार्य करने के संबंध में व उनसे बच्चों को होने वाले फायदे के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई। सब एआरपी द्वारा प्रशिक्षण को बड़ी मेहनत के साथ दिया गया। प्रशिक्षण में महबूब, ताहिर, रफीक, पाकीज़ा, गरिमा, पंकज, रोहिणी, रीना, किरण, बाला, रश्मि, मानसी, दीपा, रविंद्र, सुधीर, मुरसलीन, मो. हित, पीयूष, नितिन, अमित, मनोज व नीरज जयंत आदि रहे।

# एमडीएस विद्या मंदिर में हर्षोल्लास के साथ गणेश चतुर्थी का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** एमडीएस विद्या मन्दिर इंटर कालिज में गणेश चतुर्थी का पावन पर्व अत्यंत हर्षोल्लास एवं धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी झालरों, फूलों और आकर्षक रंगोली से सजाया गया था। सुबह से ही पूरा वातावरण भक्ति और आनंद से सराबोर था।

कार्यक्रम का शुभारम्भ भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा स्थापना, पूजन एवं मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। पूजन के समय पूरा परिसर 'गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंज उठा। छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर आरती उतारी तथा विद्यालय प्रांगण में पवित्र और ऊर्जा से भरपूर वातावरण का अनुभव किया।

पूजन उपरांत छात्रों द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सबसे पहले छात्राओं ने भावपूर्ण गणेश वंदना प्रस्तुत की, जिसने सभी का मन मोह लिया। इसके पश्चात समूह गान, शास्त्रीय नृत्य, भक्ति गीत एवं नाटिका प्रस्तुत की गईं। एक नाटिका में विद्यार्थियों ने गणेश जी के जीवन से संबंधित प्रसंग प्रस्तुत कर यह संदेश दिया कि हमें सदैव सत्य और कर्तव्य के मार्ग पर चलना चाहिए। कक्षा 8 एवं 9 की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत गणपति नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। प्रबन्धक संदीप कुमार ने कहा कि भारतीय संस्कृति के ऐसे पर्व विद्यार्थियों में संस्कार, सहयोग और एकता की भावना को मजबूत करते हैं। प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि गणेश जी ज्ञान, विवेक और समृद्धि के प्रतीक हैं। हमें उनकी शिक्षाओं से प्रेरणा लेकर कठिन परिश्रम, धैर्य और अनुशासन को जीवन में अपनाना चाहिए। कार्यक्रम का संच. ालन अत्यंत प्रभावशाली ढंग से सुश्री अंकिता बत्रा ने किया। अंत में सामूहिक रूप से गणेश जी की आरती की गई तथा उपस्थित सभी लोगों को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने एक स्वर में संकल्प लिया कि वे भगवान गणेश की शिक्षाओं से प्रेरणा लेकर समाज में शिक्षा, संस्कार, भाईचारा और सद्भावना को और अधिक मजबूत करेंगे।




## अधिकारियों ने शिकायत पर रुकवाया निर्माण कार्य

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव मंदवाडा में स्थित सिंचाई विभाग की जमीन पर बिना परमिशन के जल निगम के द्वारा अवैध तरीके से पानी की टंकी बनाने का निर्माण कार्य चल रहा था कि गांव के ही अफसर अहमद ने इसकी शिकायत सिंचाई विभाग के कुछेक अधिकारियों को की तो आज बुधवार के दिन सिंचाई विभाग के कुछ अधिकारी और कर्मचारी गांव मंदवाडा में पहुंचे और अफसर अहमद की शिकायत की सत्यता जानने को मौके पर पहुंचे तो कार्य चलता हुआ पाया गया। तब अधिकारियों ने लेखपाल संजय गोस्वामी और अपनी सिंचाई विभाग की टीम के जय श्री और जोगिंदर सैनी को साथ लेकर जो निर्माण कार्य चल रहा था वह रुकवा दिया।

# भारतीय अस्तित्व का प्राण है गायत्री मंत्र: स्वामी ओमानंद महाराज

**मोरना।** अखिल ब्विव गायत्री परिवार, शांतिकुंज, हरिद्वार के तत्वाधान में सिद्ध गायत्री पीठ शांति कुंज, हरिद्वार में जल रही अखंड ज्योति के सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में ज्योति कलश रथ यात्रा जो पूरे भारत में जन जन तक जायेगी। वह तीर्थनगरी शुकतीर्थ के भागवत पीठ श्री शुकदेव आश्रम पहुंची जहां पीठाधीस्वर स्वामी ओमानंद महाराज ने ज्योति और कलश का विधिवत पूजन किया। स्वामी ओमानंद महाराज ने कहा कि हमारी भारतीय जीवन और संस्कृति में गायत्री मंत्र का बहुत बड़ा प्रभाव है। गायत्री मंत्र भारतीय अस्तित्व का प्राण है, जो जन जन को बौद्धिक चेतना प्रदान कर उसके मन और हृदय में वास्तविक



शांति प्रदान करता है। वेदमाता गायत्री ब्विव के कोटि कोटि आराधको के दैहिक, दैविक और भौतिक तापों को दूर करने का सशक्त साधन है। उन्होंने कहा कि युगपुरुष आचार्य श्री राम जी ने शांतिकुंज, हरिद्वार की स्थापना की और वहां मां गायत्री एवं गायत्री मंत्र की उपासना करवायी। उन्होंने अपने पुरुषार्थ, त्याग और कठिन तपस्या से गायत्री मंत्र की साधना जन जन तक पहुंचाने और सभी को गायत्री परिवार से जोड़ने एवं सभी से मां गायत्री की उपासना करवाने का स्तुत्य तथा सराहनीय कार्य किया। इस अवसर पर यात्रा के नेतृत्वकर्ता उदय सिंह चौहान, कथाव्यास अचल कृष्ण शास्त्री, आचार्य अरुण आदि रहे।

### सूचना

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र सं.-10250/20.09.2021 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा अपनी पुत्री का नाम आयत नूर अंकित नहीं कराया गया था। मेरी पुत्री का वास्तविक नाम यही है और भविष्य में भी उसे इसी नाम से जाना जायेगा। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र विभाग में प्रस्तुत किया गया है, जिसमें मेरा नाम इब्राहिम था, उसके स्थान पर मौ0 इब्राहिम किया जावे।

**मौ0 इब्राहिम**
मकान नं.- 508, जहाँगीर पट्टी,
सुजड्डू, जिला-मुजफ्फरनगर।
मोबाइल नं.- 8171817771.


**मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण मुजफ्फरनगर**

मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर।
Website: www.mdamuzaffarnagar.com & Email : mdamzn@yahoo.co.in
Ph. 0131-2621922 Fax. 0131-2620859

**प्रेस विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण के अन्तर्गत आवश्यकता के दृष्टिगत अंशकालिक भर्ती हेतु निम्न रिक्तियो हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है:-

| क्र0सं0 | पदनाम व संख्या | पद हेतु निर्धारित योग्यता | प्रस्तावित नियत मासिक मानदेय | अन्य विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अवर सहभागी अभियन्ता (Junior Associate Engineer) -सिविल (साक्षात्कार के आधार पर) संख्या-03 शैक्षिक योग्यता-डिप्लोमा (सिविल) | किसी भी निजी संस्था/सरकारी प्रोजेक्ट के अन्तर्गत न्यूनतम 03 वर्ष के सिविल अभियन्त्रण कार्यो के अनुभव वाले कार्मिक। | रूपये 25,000.00/- प्रतिमाह | आयु सीमा- अधिकतम 40 वर्ष |

उक्त रिक्तियों के सापेक्ष दिनांक 28.08.2025 बजे 10:00 AM से दिनांक 07.09.2025 बजे 5:00 PM तक इच्छुक आवेदको द्वारा आवेदन पत्र अधिष्ठान लिपिक श्री हसन आरजू से प्राप्त कर प्राधिकरण कार्यालय में जमा किया जा सकता है। विस्तृत नियम व शर्तें प्राधिकरण की वेबसाईट www.mdamuzaffarnagar.com से तथा अधिष्ठान अनुभाग (मो0नं0-7300741117, 7300741105) से प्राप्त की जा सकती है।

सचिव
मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण
मुजफ्फरनगर


### नाम परिवर्तन

मैं शमीम पुत्र हमीद निवासी, गांव जौला, ब्लाक/तहसील बुढ़ाना, जनपद मुजफ्फरनगर यूपी का निवासी हूं। मैंने अपना नाम शमीम से बदलकर शमीम मलिक कर लिया है। अब से मुझे भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए शमीम मलिक के नाम से जाना और पहचाना जाएगा।

**प्रार्थी शमीम मलिक**
**पुत्र हमीद, हाऊस नंबर 185,**
**मौहल्ला तेलियान,**
**गांव जौला,**
**ब्लाक/तहसील बुढ़ाना,**
**जनपद मुजफ्फरनगर यूपी**

# डीएम ने टीम भेजकर कराई विवादित नाली की पैमाईश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानसठ।** थाना क्षेत्र के खेड़ा चौगांवा गांव में लंबे समय से चली आ रही नाली के पानी की निकासी को लेकर चला आ रहा मामला जिलाधिकारी के सामने पहुंचा जिसको लेकर जिलाधिकारी ने मामले का संज्ञान लिया एसडीएम जानसठ जयेंद्र सिंह को कार्यवाही के आदेश दिए बुधवार को ग्रामीणों के द्वारा की गई शिकायत व जिलाधिकारी के आदेशानुसार जानसठ तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता व बी डी ओ खतौली ज्योति चावला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं और विवादित नाली की पैमाइश राजस्व टीम से करवाई गई । गौरतलब रहे कि यह विवाद तब शुरू हुआ जब कुछ ग्रामीणों ने नाली के रास्ते में अवरोध पैदा कर दिया, जिससे पानी की निकासी को लेकर अवरोध पैदा हो गया। जिसके चलते ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही थी। कई बार स्थानीय स्तर पर इस मामले को सुलझाने का प्रयास किया गया, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर कई बार तहसील और पुलिस प्रशासन से भी शिकायते की थी। ग्रामीण अपनी शिकायत को लेकर जिलाधिकारी के सम्मुख पहुंचे और अपनी समस्याओं से ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को अवगत कराया और उन्होंने शिकायत का संज्ञान लेते हुए, जानसठ एसडीएम जयेंद्र सिंह को आदेशित किया।

जिसको लेकर तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता पुलिस बल के साथ गांव पहुंचीं। उन्होंने ग्रामीणों और दोनों पक्षों के लोगों से बातचीत की और नाली की सही स्थिति का पता लगाने के लिए राजस्व विभाग की टीम से पैमाइश करवाई। पैमाइश के दौरान पाया गया कि नाली के रास्ते को जानबूझकर बंद किया गया था। इसके बाद तहसीलदार ने तत्काल जेसीबी मशीन बुलवाई और अवरुद्ध हिस्से को खुलवाने का आदेश दिये। जेसीबी की मदद से नाली को साफ कर पानी की निकासी का रास्ता सुचारू किया गया। इस दौरान मौके पर मौजूद



पुलिस बल ने किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए कड़ी निगरानी रखी। नाली खुलवाने के बाद ग्रामीणों ने पुलिस व प्रशासन का आभार व्यक्त किया। तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता ने बताया कि किसी भी सार्वजनिक रास्ते या नाली को अवरुद्ध करना कानून के खिलाफ है और ऐसी शिकायतों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने इस दौरान ग्रामीणों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील भी की।इस दौरान मुख्य रूप से कस्बा चौकी प्रभारी मोहित तेवतिया, कवाल चौकी प्रभारी प्रमोद कुमार, एस एस आई रामवीर सिंह उपनिरीक्षक अर्पणा यादव, उपनिरीक्षक निशा चौधरी भलवा चौकी प्रभारी पंकज शर्मा ,नायब तहसीलदार बृजेश कुमार कानूनगो सुनील शर्मा, हल्का लेखपाल अमित कुमार,बी डी ओ खतौली ज्योति चावला जे ई खतौली साक्षी, आदि मौजूद रहे।

# मीरापुर में गणपति शोभायात्रा का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** भगवान गणपति की भव्य शोभा यात्रा निकाल कर आगामी पूजापाठ के लिए नीरज वर्मा के आवास पर प्रतिष्ठा की गई। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ मीडिया सेंटर के कार्यकारी अध्यक्ष राजेश शर्मा ने फीता काटकर किया। इस मौके पर बडी संख्या में भक्तजन मौजूद रहे।



मीरापुर की पंजाबी कालोनी में गणपति बाबा की मूर्ति की ढोल व बैंड बाजो के साथ भव्य शोभा यात्रा भूमिया मंदिर से निकाली गई। मार्ग में जगह जगह भक्तो ने पुष्पवर्षा कर भगवान गणेश का अभिवादन किया। इसके बाद वैदिक मंत्रो व पूजा पाठ के बाद गणपति भगवन की मूर्ति की स्थापना आगामी पूजन के लिए नीरज वर्मा उर्फ गुरू के आवास पर स्थापना की गई। भगवान गणेश का विशेष श्रंगार करने के बाद उनकी भक्तो ने भव्य आरती उतारी। इसके बाद सभी भक्तो को प्रसाद वितरित किया गया। नीरज वर्मा के आवास पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ मीडिया सेंटर के कार्यकारी अध्यक्ष एवं एसएसएस स्कूल के डायरेक्टर राजेश शर्मा ने फीता काटकर किया। स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज द्वारा स्थापित राघव परिवार के अध्यक्ष पं. वासुदेव शर्मा ने राजेश शर्मा, नीरज वर्मा, दीपक ख्रष्णात्रेय, शिवम वत्स को पटका पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर समीर कौशिक, संजय माहेश्वरी, कमल कुमार, तुषार वर्मा, अमित आर्य उर्फ मिंटू, नीशु माहेश्वरी, अमित वत्स, सिद्धार्थ वर्मा, शंकरपाल, डा. ओमपाल सिंह, हरीश, बाबा योगी श्यामनाथ, दर्शन लाल, मंगतराम आदि बडी संख्या में भक्त मौजूद रहे। धार्मिक कार्यक्रम में पूजा अर्चना क्षेत्र के प्रसिद्ध आचार्य पं. दीपक कृष्णात्रेय द्वारा की गई।

# डीएम ने फिर दिए अवैध ई-रिक्शाओं को बंद कराने के आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता मे सड़क सुरक्षा समिति की माह अगस्त-2025 की बैठक जूम ऐप के माध्यम से सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने शहर के अन्दर अवैध रूप से चल रही ई-रिक्शा से होने वाली भीड के बारे में एवं ई-रिक्शाओं का रूट निर्धारित किये जाने हेतु सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी व ट्रैफिक पुलिस के साथ विचार विमर्श करते हुए ई-रिक्शा से होने वाली भीड को कम करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि सड़क दुघर्टनाओं को कम करने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को प्रतिमाह अधिक सख्या में सेमीनार एवं गोष्ठी आयोजित कर आम जनमानस को जागरूक किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। ब्लैक स्पॉटस पर कराये गये सुधारात्मक कार्यो की समीक्षा एवं सम्भावित सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए नये ब्लैक स्पॉटों के चिन्हांकन व उनके सुधारीकरण का कार्य कराये जाने हेतु एनएचएआई एवं लोनिवि के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार,अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर को पुलिस विभाग के सहयोग से शहर के अन्तर मार्गों पर हो रहे अस्थाई अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिये गये। जिला गन्ना अधिकारी को आगामी गन्ने के सीजन से पूर्व सभी वाहनों की फिटनेस एवं वाहनों के पीछे रिफलेक्टर लगाये जाने के निर्देश दिये गये। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को शहर के अन्दर चल रही सभी ई-रिक्शाओं की निरन्तर फिटनेस चेक करने एवं लाईसेंस चेक किये जाने एवं अवैध रूप से चल रही ई-रिक्शाओं को तत्काल बन्द करने हेतु हेतु निर्देशित किया गया। आईआईटी मद्रास के प्रोफेसर्स द्वारा सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित तैयार किया गया ेदरंल ।चच के बारे में सड़क दुर्घटनओं को कम करने हेतु मीटिंग में उपस्थित सभी अधिकारियों को जानकारी उपलब्ध कराई गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# गणेश चतुर्थी पर नगर भ्रमण को निकले गणपति

**पुरकाजी।** कस्बे व देहात में श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया जिसकी ढोल नगाड़ों के साथ शोभायात्रा निकाली गई



श्री गणेश युवा महोत्सव कमेटी के अध्यक्ष अंकुर गुप्ता व ऋषभ गोयल के नेतृत्व में गणेश चतुर्थी महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया एवं शोभा यात्रा निकाली गई शोभायात्रा प्राचीन शिव मंदिर मोहल्ला कानू गोयन से बाजार कला ठाकुरद्वारा मंदिर से होते हुए सत्य विहार कालोनी स्थित बालाजी धाम मंदिर के सामने वेंकट हक्क्ल में गणेश जी विराजमान किया शोभायात्रा श्रद्धालुओं ने ढोल नगाड़ों व गुलाल के साथ नृत्य करते हुए भाग लिया शोभायात्रा मे जगह-जगह प्रसाद वितरण किया गया फूलों से वर्ष की गई बृज किशोर बिटू ने बताया कि श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव भारतीय परंपरा के अनुसार प्रत्येक वर्ष भाद पक्ष शुक्ल पक्षकी चतुर्थी को मनाया जाता है किसी भी शुभ कार्य को शुरू करने से पहले गणपति जी की पूजा की जाती है युपी रत्न डाक्टर संदीप वर्मा ने बताया कि सप्ताह भर चलने वाले श्री गणेश महोत्सव कीधुम कस्बे में चारों ओर रहती है हर कोई बाबा गणपति जी की भक्ति में रंगा रहता है भगवान श्री गणेश अपने भक्तों के सभी कार्य संपूर्ण करते हैं शोभायात्रा मेंआचार्य विपिन भारद्वाज अंकुर गुप्ता शादी रामपाल पंकज जोशी यश जोशी मोहित गुप्ता तुषार भानु शर्मा कन्हैया वर्मा सोनू मित्तल सुनील पाल आदि भक्तजन मौजूद रहे

## संक्षिप्त समाचार

### लखनऊ राज्य प्रतियोगिता में निर्णायक बनेंगे गिरीश चन्द्र उप्रेती

**मोरना।** लखनऊ में आयोजित राज्यस्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में श्री शुकदेव संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य-आचार्य गिरीश चंद्र उप्रेती निर्णायक मंडल में रहेंगे। जिले के शिक्षकों ने उनके निर्णायक चयन समिति में होने पर खुशी जताते हुए बधाई दी है। उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ के निदेशक विनय श्रीवास्तव ने भेजे पत्र में बताया कि छह व सात सितम्बर को लखनऊ में राज्यस्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है ,जिसमें श्री शुकदेव संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शुकतीर्थ के प्रधानाचार्य-आचार्य गिरीश चंद्र उप्रेती निर्णायक मंडल में रहेंगे, जो सामान्य ज्ञान (बाल एवं युवा वर्ग) प्रतियोगिता को संपन्न कराएंगे। जिले के शिक्षकों ने उनके निर्णायक चयन समिति में होने पर खुशी जताते हुए बधाई दी है।

### आधा दर्जन युवकों ने दो बाइक सवारों को किया लहूलुहान

**छपार** ।रात्रि में रास्ते में बाइक डालकर आथा दर्जन से अधिक युवकों ने बाइक सवार दो युवकों को रोककर लाठी डंडों से मारपीट की।गांव के पिता पुत्र आ गये उन्होंने दोनों को छुडाया।पीड़ित ने आरोपियों के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है। 23 अगस्त की रात्रि में गांव परेई निवासी राहुल व उसका साथी पारस बाइक से अपने गांव जा रहे थे। रास्ते में एक बाइक पड़ी थी। और कुछ युवक हाथों में लाठी डंडे व धारदार हथियार लिये हुए खड़े थे उन्होंने तुरंत हमला कर दिया पीछे से कार में गांव के ही शिवकुमार व उसका पुत्र आ गये उन्होंने छुडाया । हमलावरों में गांव के ही मोनू, राहुल व शिवम ओर छह अज्ञात युवक थे। राहुल शिवम व मोनू पीड़ितों के मकान के सामने बाहर के युवकों के साथ बाइक पर आते हैं। तमंचे दिखाकर जान से मारने की धमकी देते है। पीड़ित ने आरोपियों के विरुद्ध तहरीर दी है।

### महिला ने दर्ज कराया जमीन कब्जाने का मुकदमा

**छपार।** पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर एक महिला की ओर एक व्यक्ति के विरुद्ध जमीन कब्जाने का मुकदमा दर्ज किया है। छपार निवासी अमरीश की पत्नी शिवनंदनी ने छपार के ही जुगमेंद्र के विरुद्ध अपनी जमीन कब्जाने की तहरीर दी थी। पुलिस द्वारा कार्रवाई न होने पर पीड़िता ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिये। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध जालसाजी करने के धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### एक के नब्बे के चक्कर में बर्बाद हो रही युवा पीढ़ी

**चरथावल।** देश प्रदेश मे भाजपा की सरकार बनने के बाद जहाँ अवैध कार्यो पर बहुत हद तक लगाम लगी है और प्रदेशवासियो को अनेको अवैध कार्यो से छुटकारा मिला है वही अब भी जहाँ क्षेत्र मे युवा पीढ़ी नशे की दलदल मे जा रही हैस और नशा युवाओं का जीवन बर्बाद कर रहा है वही अब भी चरथावल क्षेत्र मे एक बुकी वसीम द्वारा युवा पीढ़ी को एक के नब्बे का सपना दिखाकर जुए की लत मे धकेला जा रहा है। हालांकि इस बुकी को तत्कालीन थाना प्रभारी चरथावल एमपी सिंह द्वारा नशे के पदार्थो के साथ जेल भेजकर क्षेत्र मे कुछ दिनों के लिए इस अवैध कार्य पर रोक लगा दी गयी थीस कुछ दिन भूमिगत रहकर इस बुकी द्वारा फिर से युवा पीढ़ी को जुए के दलदल मे फसा दिया गया है क्षेत्रवासियो ने आलाधिकारियो के यहां वसीम की शिकायत भेजकर इस अवैध कार्य पर रोक लगाने की मांग की है सऔर शिकायत पर आलाधिकारियो ने मोके पर पहुंचकर इस मामले की जाँच की और पता चला की इस बुकी का पुत्र भी दुकान से सामान चोरी के मामले मे जेल जा चूका है सऔर यह भी अनेको बार इस अवैध कार्य के चलते जेल की हवा खा चुकी है इसकी खबर सोशल मीडिया पर भी खूब वायरल हुई है जिसके चलते क्षेत्रवासियो को इसके इस कार्य पर रोक लगने और जिले के कड़क कप्तान द्वारा अपराधियों के खिलाफ की जा रही कार्यवाही से इसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही होने की उम्मीद जगी है

### समाजसेवी स्व. रामपाल जैन को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि

**खतौली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता वैभव जैन के पिता स्वर्गीय रामपाल जैन की शोकसभा में जनसैलाब उमड़ पड़ा। जनपद ही नहीं, आसपास के जिलों से भी लोग उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे। वातावरण गमगीन था, हर आंख नम और हर दिल संवेदना से भरा हुआ। स्व. रामपाल जैन को लोग सिर्फ नाम से नहीं, बल्कि उनकी निस्वार्थ सेवा भावना और मानवीय कार्यों के लिए याद करते हैं। उन्होंने जीवनभर समाज की सेवा को ही अपना धर्म माना। खासतौर पर लावारिस मृतकों का पूरे विधि-विधान से अंतिम संस्कार कराने का जो संकल्प उन्होंने लिया था, वही उनकी सबसे बड़ी पहचान बना। उनके इस कार्य को पुत्र वैभव जैन ने आगे बढ़ाया और अब तक सैकड़ों निर्धन व लावारिस व्यक्तियों का अंतिम संस्कार उनके परिवार की देखरेख में कराया जा चुका है। सांसद व सपा नेता हरेंद्र मलिक ने वैभव जैन को ढांढस बंधाते हुए कहा कि वे हमेशा उनकी सामाजिक सेवाओं में साथ खड़े रहेंगे। वहीं भाजपा के वरिष्ठ नेता गौरव स्वरूप ने उन्हें हसमाज की अमूल्य धरोहरह बताया। विश्व हिंदू परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारी ललित महेश्वरी ने उनके साथ जुड़े संस्मरण सुनाते हुए भावुकता व्यक्त की। नगर पालिका मुजफ्फरनगर के सभासद विकल्प जैन समेत दर्जनभर सभासदों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा में उमड़ी अपार भीड़ और गमगीन माहौल ने यह स्पष्ट कर दिया कि स्व. रामपाल जैन का जीवन समाज की सेवा और मानवता को समर्पित था। उनके जाने से आई यह रिक्तता लंबे समय तक महसूस की जाएगी।

### भाजपा नेता अरूण सिंह को पितृ शोक

**मुजफ्फरनगर।** भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य तथा युवा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष ठाकुर अरूण सिंह के पिता ठा.रोहताश सिंह का आज बीमारी के चलते निधन हो गया। वह 93 वर्ष के थे तथा कॉपरेटिव सोसायटी के कर्मचारी रह चुके हैं। उनका अन्तिम संस्कार उनके पैतृक गांव कसौली (चरथावल)में न करके शहर के शमशान घाट पर सैकड़ो गणमान्य लोगों की मौजूदगी में किया गया। अरूण सिंह के छोटे भाई आज तक के बाद अब न्यूज नेशन में कार्यरत हैं।

# युवक के साथ मारपीट को लेकर, मुकदमा हुआ दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** धार्मिक कार्य से शुक्रताल जा रहे अनुसूचित जाति के युवक के साथ तीन व्यक्तियों पर गाली गलौज करने व मारपीट करने का आरोप पीड़ित द्वारा लगाया गया। घटना को लेकर रोष व्याप्त हो गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। तथा कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव मोरना निवासी वंशराज ने थाने पर तहरीर देकर बताया की वह गांव स्थित महर्षि शुकदेव इंटर कालिज मे कक्षा नो का छात्र है। बुधवार को वह अपने तहेरे भाई तुषार के साथ शुक्रताल मे धार्मिक कार्य के लिए जा रहा था जैसे ही वह महर्षि शुकदेव इंटर कालिज के सामने पहुंचे तभी वहां मौजूद मोरना निवासी राहुल,हेमंत व दरियाबाद निवासी काकु ने आकरण ही गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने तुषार के साथ मारपीट कर घायल कर दिया।घटना के बाद रोष व्याप्त हो गया।परिजनों संग दर्जनों व्यक्ति थाने पहुंच गये और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

थाना प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने बताया की राहुल, हेमंत काकु के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। हेमंत व काकू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# गणपति स्थापना से पहले महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्री विनायक गणेश जन्मोत्सव समिति संजय मार्ग पटेलनगर के द्वारा इस बार 19वां श्री गणेश जन्मोत्सव समारोह 27 अगस्त से 04 सितम्बर तक धूमधाम से मनाया जा रहा है। बुधवार को सुबह पटेलनगर स्थित जय मां शक्ति मंदिर परिसर से कलश यात्र एवं श्री गणेश जी स्थापना उत्सव प्रारम्भ हुआ। मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने मंदिर परिसर में पूजन और आरती के बाद कलश यात्र का शुभारंभ कराया। यहां पंडित अवधराज आचार्य ने पूजन अर्चन कराया। इसमें सैंकड़ों भक्तजन शामिल रहे। गणेश वंदना



के उपरांत भव्य झांकी निकाली गई। कलश यात्र नई मंडी वकील रोड स्थित बड़ी धर्मशाला पर जाकर संपन्न हुई जहां कलश स्थापना के बाद विधि विधान से भगवान गणपति की पूजा अर्चना की गई।

जिसमे नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीनाक्षी स्वरूप, गौरव स्वरूप , विकल्प जैन द्वारा कलश पूजन किया गया। समिति के संस्थापक संजय कुमार गर्ग, अध्यक्ष रामपाल तायल, उपाध्यक्ष पंकज कुमार बाबी, सुनील अग्रवाल, नितिन गोयल, विपिन पाल, दिनेश पाल, गौरव मौजूद रहे।

# तीन दिवसीय आयुर्वेद और योग शिविर का समापन

**मुजफ्फरनगर।** क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉक्टर इसम पाल के निर्देशानुसार राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय पटेल नगर की प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रिम्पल चौधरी के मार्गदर्शन में 25 अगस्त 2025 से 27 अगस्त 2025 तक लाला जगदीश प्रसाद इंटर कॉलेज मुजफ्फरनगर में तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें योग प्रशिक्षक रवि कुमार व पूनम वर्मा द्वारा छात्र-छात्राओं को योगाभ्यास व प्राणायाम कराया गया । प्रभारी चिकित्सा अधिकारी द्वारा छात्र-छात्राओं को संतुलित आहार विहार,नियमित दिनचर्या , दैनिक जीवन में योग का महत्व तथा संचारी रोग के लक्षण व



बचाव के विषय में जानकारी दी गई । इस शिविर में प्रधानाचार्या डॉक्टर डॉ. अखिलेश शर्मा व कॉलेज के समस्त स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा । तीन दिवसीय शिविर में कुल लाभान्वित छात्र-छात्राओं की संख्या लगभग 1044 रही।

# शाहपुर की तानिया बनी चार्टर्ड अकाउंटेंट



**शाहपुर।** नगर के वरिष्ठ प्रमुख समाजसेवी स्वर्गीय देशराज सिंघल (बर्तन वाले) की पौत्री तानिया सिंघल सुपुत्री संदीप सिंघल ने चार्टर्ड अकाउंटेंट की डिग्री प्राप्त कर परिवार एवं कस्बे का नाम रोशन किया। परिजनों में खुशी की लहर।

### आज लगभग दो घंटे विद्युत आपूर्ति रहेगी बंद

**बुढ़ाना।** स्थानीय ब्लाक क्षेत्र में स्थित गांव अटाली के विद्युत सब स्टेशन की 33 केवी लाइन में एक्सीडेंट हो जाने के कारण डैमेज हुए पोल को लगाने के लिए बृहस्पतिवार के दिन 28 अगस्त को सुबह 10 बजे से लेकर लगातार दोपहर 12 बजे तक अटाली सब स्टेशन, मिंडकाली, वैल्ली, चंधेडी, बुढ़ाना टाऊन, बुढाना देहात और कुरथल विद्युत ग्रह क्षेत्र का शटडाउन रहेगा यानि कि दो घंटे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। इसलिए सुबह 10 बजे से पहले ही बिजली संबंधी अपने सभी कार्य आप निपटा लें ताकि आपको किसी भी असुविधा का सामना ना करना पड़े। यह जानकारी विद्युत जेई विकास सिंह ने बुधवार को दी।

# शाहपुर में धूमधाम से मनाई गई गणेश चतुर्थी

**शाहपुर।** हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार, गणेश चतुर्थी ज्ञान और समृद्धि के देवता भगवान गणेश के जन्म का प्रतीक है। भारत में सबसे बड़े और सबसे शुभ त्योहारों में से एक, गणेश चतुर्थी धूमधाम से मनाई गई। इस 11 दिवसीय उत्सव का समापन 6 सितंबर को होगा। हिंदू कैलेंडर के अनुसार, यह भाद्रपद महीने में शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाया जाता है। वैसे तो गणेश चतुर्थी के दिन अबूझ मुहूर्त होता है इस दिन किसी भी मुहूर्त को नहीं देखा जाता ओर विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश जो कि सबके विघ्नों को हरते है उनके पूजन में कोई विघ्न डाल नहीं सकता है। इस लिए गणेश जी की स्थापना हेतु पूरा दिन ही शुभ होता है। इस अवसर पर आज नगर में भव्य प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। जिसके बाद कई परिवारों ने भगवान गणपति की प्रतिमाओ को विराजमान किया। प्रभात फेरी का नगर में पुष्प वर्षा द्वारा कई स्थानों पर स्वागत किया गया। प्रभात फेरी पिपलेश्वर हनुमान मंदिर से आरंभ होकर श्री बालाजी धाम, मेन बाजार, मंगलापुरी मंडी, मेन रोड, शिव मूर्ति आदि से होती हुई पिपलेश्वर हनुमान मंदिर पर समाप्त हुई। प्रभात फेरी में मुख्य रूप से युवा समाजसेवी प्रदीप पाल, महाकाल प्रेमी गोविंद वर्मा, श्री बालाजी धाम मंदिर से जुड़े अमन मित्तल, नितिन मित्तल, अमित मित्तल, अर्पित गोयल, अक्षय गोयल, सभासद मनोज अरोड़ा, गौरव नामदेव, विनय नामदेव, अमित सिंघल, रवि अरोड़ा, सिद्ध मित्तल, कुंज मित्तल, मुकेश गर्ग, जिनेंद्र नामदेव, हितेश गोयल, चिराग त्यागी, ध्रुव गर्ग, लवनीश सिंघल, शिवम सिंघल और महिलाओं में उमा गर्ग, राधा मित्तल, अंजली त्यागी, ललिता गर्ग, मंजू



गर्ग, अनीता गोयल, बैजन्ती शर्मा, योगिता अरोरा, उषा अरोरा आदि सैकड़ों लोग शामिल रहे। वही द स्काईलैंड स्कूल के प्रबंधक एवं समाजसेवी राहुल गोयल ने आज गणेश चतुर्थी के अवसर पर अपने आवास पर भगवान गणेश जी की प्रतिमा विराजमान की और अपने परिवार सहित पूजा अर्चना कर गणपति बप्पा का जय घोष किया।

# शिक्षिकाओं के विरुद्ध ग्रामीणों ने खोला मोर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एक सरकारी स्कूल की दो शिक्षिकाओं के विरुद्ध सैंकड़ों ग्रामीण लामबंद हो गये। बुधवार की सुबह ग्रामीणों ने स्कूल के बाहर प्रदर्शन कर दोनों शिक्षिकाओं को हटाने की मांग कर डाली।

बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव मदीनपुर खिजरपुर के प्राथमिक विद्यालय में पढ़ा रही 2 शिक्षिकाओं को हटाने की मांग उठी है। ग्रामीणों का आरोप है कि विद्यालय में कार्यरत 02 शिक्षिकाओं के द्वारा अपने दायित्व का पालन सही ढंग से नहीं किया जा रहा है। इनके संबंध में गंभीर शिकायते हैं। जिसमें वे बच्चों को पढ़ाने में रूचि नहीं लेती। जिसमें बच्चों की पढाई प्रभावित हो रही है। विद्यालय समय में अक्सर निजी कार्यों में लगी रहती हैं। बच्चों व अभिभावकों संग अनुचित व्यवहार करती हैं। अगर ग्रामीण इन दोनों की शिकायत करते हैं तो पुलिस की धमकी देती है। बीते कल एक अभिभावक के साथ इन शिक्षिकाओं ने ऐसा ही किया। इस कारण से ग्रामीणों मे रोष है। हमारे बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। इसलिए दोनों शिक्षिकाओं को तत्काल प्रभाव से हटाकर विद्यालय मे योग्य कर्तव्यनिष्ठ शिक्षिकाओं की नियुक्ति की जाए ताकि सब बच्चों की शिक्षा सही ढंग से हो सके। प्रदर्शन करने वालों में हरेंद्र, मनीष, नीटू, मनोज, उमेरा, राजीव, प्रियंका, प्रीति, शोमीन, सोनी, शहजाद, भूरा, इमरान, इनाम, नसीर, मुरसलीन, आस मुहम्मद, पूजा, कामिल, साजिद, इरफान, जोनी और सुनीता सहित 93 ग्रामीण हैं जिनके हस्ताक्षर प्रार्थना पत्र पर भी हैं।

### शिक्षिकाओं ने आरोप बताए गलत

**बुढ़ाना।** इस संवाददाता ने जब उक्त स्कूल का दौरा किया तो दोनों शिक्षिकाओं ने बताया कि कुछ अभिभावक स्कूल में अपना प्रभुत्व स्थापित करना चाहते हैं। इन लोगों ने उनकी अनुमति के बिना कई पेड़ काट लिए। ये लोग बच्चों का मिड डे मील जबरदस्ती घर लेकर जाते हैं। इन लोगों ने उन्हें परेशान कर रखा है और उनकी झूठी शिकायतें कर अधिकरियों को गुमराह कर रहे हैं। आज स्कूल में काफी बच्चों को भी आने नहीं दिया गया। बच्चों को उल्टा सीधा सिखा सिखाकर स्कूल भेज रहे हैं। बच्चों को पुलिस का भी डर दिखा रहे हैं और कह रहे हैं कि जो बच्चा स्कूल जाएगा उसको पुलिस पकड लेगी।

### क्या कहती हैं खंड शिक्षा अधिकारी....

**बुढ़ाना।** इस संबंध में जब खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमति किरण यादव से बातचीत की गयी तो उन्होंने इस मामले में जांच करने की बात कही है।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# खाद-उर्वरक, कीटनाशक व पेस्टीसाइड गोदाम सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने तहसील प्रशासन व पुलिस विभाग की टीम के साथ मोहल्ला अफगानान में खाद उर्वरक व पेस्टीसाइड,कीटनाशक के अवैध गोदाम पर संयुक्त छापेमार कार्यवाही करते हुए उसे सीज कर दिया है।साथ ही मौके से सैंपल लेकर उन्हें प्रयोगशाला भेजते हुए जिला कृषि रक्षा अधिकारी द्वारा कोतवाली कैराना पर संचालक बकाउल्लाह खान के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है।



मंगलवार की देर रात्रि जिला कृषि रक्षा अधिकारी प्रदीप यादव के नेतृत्व में तहसील प्रशासन व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम कस्बे के मोहल्ला अफगानान में पहुंची। जहां पर टीम ने अवैध रूप से संचालित खाद उर्वरक,कीटनाशक व पेस्टीसाइड के अवैध गोदाम पर छापेमारी की। भनक लगते ही संच. ालक मौके से फरार हो गया। टीम द्वारा बार-बार लाइसेंस मांगने पर भी संचालक के परिवारजनों द्वारा नहीं दिखाया गया।इस दौरान मौके से भारी मात्रा में खाद उर्वरक, कीटनाशक, पेस्टीसाइड, रसायन आदि कृषि दवाईयां बरामद हुई।जिसके बाद टीम ने परिसर में फैले मेटेरियल की सेंपलिंग करते हुए मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में उसे सीज कर दिया है और मौके से लिए गए सैंपल को नमूना परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा गया है। जिला कृषि विभाग द्वारा की गई कार्रवाई से कस्बे में हड़कंप मचा हुआ है।वहीं जिला कृषि अधिकारी द्वारा संचालक बकाउल्लाह खान के खिलाफ कैराना कोतवाली पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है।जिला कृषि रक्षा अधिकारी प्रदीप यादव ने बताया कि गोपनीय सूचना के आधार पर जिला. धिकारी को अवगत को अवगत कराते हुए मोहल्ला अफगानान में बिना वैध लाइसेंस उर्वरकों की पैकिंग का कार्य किया जा रहा था। मौके पर उर्वरक के साथ पेस्टीसाइड व कीटनाशक भी पाया गया है। छापेमारी के दौरान परिसर को सीज किया गया है। मामले में संचालक बकाउल्लाह खान पुत्र सनाउल्लाह खान के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। इस दौरान झिंझाना थानाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा,कांधला थानाध्यक्ष सतीश कुमार,कैराना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समय पाल अत्री,नायाब तहसीलदार कैराना सतीश यादव,कपिल कुमार व इमामगेट पुलिस चौकी इंचार्ज राहुल देशवाल पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

### जिला कृषि रक्षा अधिकारी ,तहसील प्रशासन व पुलिस विभाग की टीम ने मोहल्ला अफगानान में खाद उर्वरक,कीटनाशक व पेस्टीसाइड के अवैध गोदाम पर की संयुक्त छापेमारी



### एफपीओ लाइसेंस की आड़ में चल रहा था गोदाम

मोहल्ला अफगानान में बकाउल्लाह खान द्वारा एफपीओ का लाइसेंस लिया हुआ है। जिसकी आड़ में उसने अपने मकान में एक गोदाम बनाकर वहां अवैध रूप से उर्वरकों की पैकिंग का कार्य शुरू किया हुआ था। साथ ही भारी मात्रा में उर्वरक,पेस्टीसाइड व कीटनाशक दवाइयों का जखीरा भी इकठा किया हुआ था। जिसे जिला कृषि अधिकारी ने सीज कर दिया है। बिना लाइसेंस अवैध गोदाम का संचालन किसकी शह पर किया जा रहा था। विभाग इसकी जांच में जुट गया है।

### यह माल हुआ बरामद

जिला कृषि रक्षा अधिकारी द्वारा प्रदीप कुमार यादव ने अवैध खाद,उर्वरक पेस्टीसाइड के गोदाम में छापेमारी के दौरान 19 बैग जिंक जैसा मैटेरियल, पोटेशियम फुल वीआईजी ग्रेड,दो ड्रम ग्रीन सीवीर्ड, एक पैकिंग मशीन,100 बोतल नीम ऑयल,30 खाली कट्टे,20 खाली बोतल,एक स्टूल,एक तोलने वाली मशीन,20 ड्रम चालीस लीटर बरामद हुए हैं। मौके पर सभी सामग्री को सीज कर दिया गया है।

# राज्य स्तर फुटबॉल की टीम में छात्र चयनित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सत्यनारायण इंटर कालेज के छात्रो ने रोमांचक खेल का प्रदर्शन करते हुए फुटबॉल की राज्य स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान निश्चित कर लिया। छात्रो ने मुजफ्फरनगर के जनता इंटर कॉलेज पचेंडा कला में माध्यमिक विद्यालयों की मण्डल स्तर की फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया था। बुधवार को प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष सुशील गर्ग तथा प्रबंधक राजीव संगल और प्रधानाचार्य अनिल शर्मा ने विजेता छात्रो सत्यम, वंश, देव श्योरान, हर्ष तथा आर्य देशवाल को अपने हाथो से मेंडल पहनाकर सम्मानित किया। उन्हे आगामी प्रतियोगिता में विजेता होने का आशीर्वाद दिया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कहा कि यह गर्व का विषय है कॉलेज के छात्र-छात्राएं शिक्षा, खेल, संस्कार आदि हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे है। खेल प्रशिक्षक फूल कुमार ने बताया कि अब ए पांचो छात्र गाजीपुर में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगे। इस अवसर पर सतीश आत्रैय, घनश्याम सारस्वत, अनिल कश्यप, रामनाथ, शिवकुमार, महेश नारायण, प्रसून भार्गव, साकेत निर्वाल, राहुल सिंघल, लक्ष्मी गर्ग, छवि शर्मा, नीतू अग्रवाल, ज्योति तायल, जौली गर्ग, कीर्ति गर्ग आदि मौजूद रहे।

# शहर में जैन मुनि विव्रत सागर का प्रवचन दसलक्षण पर्व के आध्यात्मिक महत्व पर डाला प्रकाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के जैन धर्मशाला में जैन मुनि 108 विव्रत सागर महाराज ने आगामी दसलक्षण पर्व के आध्यात्मिक महत्व और उसकी विस्तृत आयोजन योजना पर प्रवचन दिया। मुनिराज ने कहा कि यह पर्व आत्मा की शुद्धि और अंतरंग सौंदर्य की साधना का विशेष अवसर है।



उन्होंने बताया कि पर्व का अर्थ जुड़ना है, और दसलक्षण पर्व व्यक्ति को अपनी शुद्ध आत्मा से जोड़ने का माध्यम बनता है। यह अन्य पर्वों की तरह भगवान, गुरु या जिनवाणी से जोड़ने के बजाय आत्मा के धर्मों से जोड़ता है। इसे आत्मा के लिए एक प्रकार का ह्ब्यूटीशियन कोर्सह्न बताते हुए मुनिराज ने कहा कि बाहरी सौंदर्य तभी निखरता है जब आत्मा भीतर से शुद्ध और सुंदर हो। मुनिराज ने क्षमा और उत्तम क्षमा के बीच अंतर स्पष्ट किया। उन्होंने उदाहरण देकर बताया कि जैसे फूल बेचने वाला फूल ही देगा और कचरा गाड़ी वाला कचरा ही देगा, वैसे ही क्षमाशील व्यक्ति क्रोध के बदले क्षमा ही देता है। उन्होंने कहा कि वर्ष में तीन बार दसलक्षण पर्व का आयोजन कषायों द्धक्रोध, मान, माया, लोभऋ को तोड़ने और आत्मा को शुद्ध रखने के लिए अत्यंत आवश्यक है। भाद्र शुक्ल पंचमी का विशेष महत्व बताते हुए उन्होंने कहा कि यह सृष्टि क्रम की शुरुआत से जुड़ा हुआ पर्व है। उन्होने कहा कि भोजन नियम जरूर करे। दो समय भोजन, चार बार पानी, बाजार का भोजन व रात्रि भोजन-पानी का त्याग करे। कार्यक्रम में चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन मुकुल जैन व पंकज जैन ने किया। पाद प्रक्षालन गुरु भक्त मोहित जैन व सुनीता जैन द्वारा संपन्न हुआ। शास्त्र भेंट निधि जैन और विज. ेता जैन ने की। प्रवचन के उपरांत समाज के महिला-पुरुष गाजे-बाजे के साथ आदिनाथ एवं पारस जिनालय से जिन बिंबों को लेकर दसलक्षण पर्व की तैयारियों को लेकर पालकी यात्रा निकाली गई। जिनका जैन समाज के लोगों ने अनेकों स्थानों पर स्वागत किया।





शामली। जैन मुनि के कार्यक्रम में शामिल लोग।

## एक नजर

### थानाभवन से दर्जनभर श्रद्धालु डोले मां शाकुंभरी के लिए हुए रवाना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** कस्बे के विभिन्न मन्दिरो व मोहल्लों से मां शाकुंभरी देवी पद यात्रा के लिए दर्जन भर से अधिक डोले रवाना हुए।नगर वासियों ने पुष्प वर्षा के साथ मां भगवती के डोलो व श्रद्धालुओं का स्वागत किया। नगर से प्रतिवर्ष मां शाकुंभरी देवी के दर्शन के लिए डोले जाते हैं। डोलो के साथ श्रद्धालु ढोल नगाडे, डीजे के साथ पैदल यात्रा करते हैं। गणेश चतुर्थी के दिन थाना भवन के मोहल्ला नबीपुरा, खैल, मुजावरन, टंकी चौक, शाह विलायत चौहान पट्टी ,शाहलाल,अग्रवाल कालोनी,राजो की मोरी आदि अनेक स्थानों से डीजे व आकर्षक झांकियों से सुसज्जित डोले रवाना हुए। इस अवसर पर पूर्व चौयरमैन संजय कुमार शर्मा, समाजसेवी अनमोल गर्ग ,उत्तर रेलवे सलाहकार बोर्ड के पूर्व सदस्य जगमाल सैनी, संजय कश्यप, सतीश, पलटू राम कश्यप, ठाकुर सुरेंद्र, राकेश मित्तल व नगर की जनता ने डोले में जाने वाले श्रद्धालुओं का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया। लोग नगर की सीमा तक पद यात्रा पर जा रहे डोलो को छोड़ने गए तथा मधुर भजनों पर श्रद्धालुओं ने नृत्य भी किया। थनाभवन में पद यात्रा के इतिहास में इस बार बडे से बडे लाइट डेकोरेशन से सुसज्जित डीजे पद यात्रा में शामिल हुए।

### रोजगार मेले का आयोजन 29 को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, लिसाढ़ एवं जिला सेवायोजन कार्यालय, शामली के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 29 अगस्त 2025, दिन शुक्रवार को 10 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, लिसाढ़ में एक रोजगार मेलें का आयोजन किया जा रहा है। ऋषिपाल सिंह , नोडल प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कैराना ने बताया कि रोजगार मेलें में गाजियाबाद , नोएडा, पंतनगर के लिए निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियां क्वैश कार्प, हीरो मोटर्स, डिक्सान इलेक्ट्रो, राम पिस्टन एंड रिंग्स, टाटा मोटर्स आदि कम्पनियां प्रशिक्षार्थियों को असेम्बली डिपार्टमेंट में प्रोडक्शन आपरेटर, अप्रेंटिस ट्रेनी, कौशल्य द्धअर्न एंड लर्नऋ आदि 500 पदों पर सभी ट्रेड में आईटीआई, हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक, डिप्लोमा होल्डर योग्यताधारी व आयु सीमा 18-35 वर्ष के अभ्यर्थियों को चयनित करेंगी।

### चौसाना में 31 अगस्त को होगा रक्तदान शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** सर्वोदय जन कल्याण समिति के तत्वावधान में 31 अगस्त को एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक डॉ. तैयब सोनता वाले, बिडोली रोड, चौसाना स्थित परिसर में लगाया जाएगा। समिति का कहना है कि शिविर का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए पर्याप्त रक्त संग्रह करना है, ताकि आपात स्थिति में किसी भी मरीज को रक्त की कमी का सामना न करना पड़े। समिति के पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि शिविर में आने वाले प्रत्एक रक्तदाता को डोनर कार्ड प्रदान किया जाएगा। इस कार्ड के माध्यम से भविष्य में यदि रक्तदाता को स्वयं रक्त की आवश्यकता पड़ती है तो उन्हें प्राथमिकता के आधार पर रक्त उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा प्रत्येक रक्तदाता का ब्लड ग्रुप और स्वास्थ्य जांच निशुल्क की जाएगी। इस आयोजन में डॉक्टर तैयब, डॉक्टर इस्तखार, डॉक्टर हाजी नूरुद्दीन ,शाहिद लैब वाले ,और डॉक्टर याकूब विशेष भूमिका निभा रहे हैं। उनका कहना है कि रक्तदान से न केवल दूसरों की जान बचाई जा सकती है बल्कि यह रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होता है।

### विशाल प्रजापति का जोरदार स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बुधवार को उत्तर प्रदेश एड्स कंट्रोल सोसाइटी कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश लखनऊ के तत्वावधान में जनपद शामली में कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें विशाल प्रजापति को जिलाध्यक्ष मनोनीत कर फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। बुधवार को जिला संयुक्त चिकित्सालय के सभागार में उत्तर प्रदेश एड्स कंट्रोल सोसाइटी कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संघ की नई कार्यकारिणी के गठन के लिए चर्चा की गई। जिसमें विशाल प्रजापति को जिलाध्यक्ष मनोनीत होने पर स्वागत समारोह हुआ। सभी जिला संयुत चिकित्सालय के कर्मचारियों द्वारा गुलदस्ता एवं फूल मालाएं देकर विशाल प्रजापति का स्वागत किया गया। मौके पर पंकज कुमार, अंशु तोमर, दीपा चौहान, एवं डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के ताहिर बेग, संजीव शर्मा, मनोज वर्मा, अजय कुमार, सुनील सैनी, सुनील रुहेला आदि मौजूद रहे।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के एक गांव से कई महा पूर्व एक किशोरी घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई थी। काफी खोजबीन करने के बाद भी किशोरी का कहीं सुराग नहीं लगा था पीड़ित पिता ने थाने पर पहुंचकर गुमशुदगी की सूचना दर्ज कराई थी।

पुलिस ने भाग दौड़ करते हुए किशोरी को बरामद कर लिया था किशोरी ने कोर्ट के समक्ष अपने बयान दर्ज करा कर बताया था कि कैराना कोतवाली क्षेत्र के गांव अकबरपुर सुनेहटी निवासी सुफियान नामक युवक उसे बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया था और उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने पीड़ित किशोरी का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद आरोपी के विरुद्ध अभियोग दर्ज कर लिया था। बुधवार को पुलिस ने आरोपी दुष्कर्मी को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया।

# क्राइम इंस्पेक्टर ने आरएएफ व पुलिस बल के साथ निकाला पैदल मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** बुधवार को कोतवाली पर तैनात अपराध निरीक्षक योगेंद्र सिंह ने रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) व पुलिस बल के जवानों के साथ में कस्बे में पैदल मार्च किया। पैदल मार्च कोतवाली गेट से शुरू होकर कस्बे के मुख्य चौक बाजार, जोड़वा कुआं, सर्राफा बाजार, निर्मल चौराहा, जामा मस्जिद, पुराना बाजार समेत विभिन्न स्थानों से होते हुए गुजरा। इस दौरान जहां आमजन को सुरक्षा का एहसास कराया गया, वहीं शांति-व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस-प्रशासन का सहयोग करने की भी अपील की गई। अपराध निरीक्षक ने पैदल मार्च के दौरान दुकानों के बाहर सामान रखकर किए गए अतिक्रमण पर दुकानदारों को सख्त कार्यवाही के लिए चेताया। इस अवसर पर कस्बे की किलागेट पुलिस चौकी प्रभारी एसआई विनोद राघव, इमामगेट चौकी प्रभारी एसआई राहुल देशवाल आदि मौजूद रहे।



# चौसाना में पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स ने किया फ्लैग मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को सु.ढ़ बनाने और आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से गुरुवार को चौसाना चौकी इंचार्ज खूब सिंह के नेतृत्व में चौसाना पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स ने संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च निकाला। यह मार्च चौसाना कस्बे के मुख्य बाजारों, गलियों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों से होकर गुजरा।



फ्लैग मार्च का उद्देश्य स्थानीय नागरिकों को यह संदेश देना था कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस-प्रशासन पूरी तरह तैयार है। मार्च के दौरान पुलिस कर्मियों और पैरामिलिट्री फोर्स ने अनुशासित तरीके से कदमताल करते हुए सुरक्षा का एहसास दिलाया। इससे लोगों में आत्मविश्वास बढ़ा और बाजार में सामान्य रूप से शांति का माहौल दिखाई दिया। मार्च में शामिल चौकी इंचार्ज खूब सिंह ने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की अफवाह या अशांति फैलाने की को. शिश करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील की कि वे पुलिस का सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत चौकी या थाना पुलिस को दें। चौकी इंचार्ज ने दुकानदारों और व्यापारियों से संवाद करते हुए उन्हें आश्वस्त किया कि त्योहारों के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। किसी भी तरह की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं पुलिस और पैरामिलिट्री जवानों की सख्त निगरानी से क्षेत्र में आपराधिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण की उम्मीद जताई जा रही है। फ्लैग मार्च के दौरान स्थानीय पुलिस कर्मी, पैरामिलिट्री फोर्स के जवान और चौसाना चौकी का पूरा स्टाफ मौजूद रहा। कस्बे में इस दौरान पुलिस की मजबूत मौजूदगी को देखकर लोगों ने राहत की सांस ली। ग्रामीणों का कहना था कि प्रशासन की ऐसी सक्रियता से क्षेत्र में शांति और सौहार्द का वातावरण कायम रहेगा। इस संयुक्त फ्लैग मार्च ने न केवल शांति और सुरक्षा का संदेश दिया बल्कि यह भी साफ किया कि कानून व्यवस्था में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चौसाना पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स की संयुक्त मुहिम से कस्बे में अमन-चौन बनाए रखने के प्रयास और मजबूत होते नजर आ रहे हैं।

# गणेश प्रकटोत्सव पर पूजा, अर्चना और महा आरती का आयोजन










**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलेभर में गणेश प्रकोत्सव बडे ही धूमधाम के साथ मनाया गया। शहर के मंदिर मां शाकुंभरी देवी अटठे वाला व सिद्धपीठ मंदि र हनुमान धाम पर गणेश की पूजा अर्चना की गई। महाआरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया।

बुधवार को सिद्धपीठ मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम पर गणेश प्रकटोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य यजमान विजय गर्ग एवं निशा गर्ग रहे। कार्यक्रम का विधिवत पूजन पंडित सुधीर पुंडरी, वीरेंद्र ओझा एवं मोहित वशिष्ठ द्वारा किया गया। तत्पश्चात भगवान गणेश के प्राकटडोत्सव के उपलक्ष में भजन संकीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन उत्तम नामदेव ने किया एवं सर्वप्रथम गणेश वंदना लालसिंह लचक के द्वारा प्रस्तुत की गई। तत्पश्चात आदेश शर्मा, उत्तम नामद. ेव, दिनेश पाठक, वंश राजपूत, सुनील गुप्ता के द्वारा सुंदर सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी गई। मौके पर अध्यक्ष सलिल द्विवेदी, महासचिव राजकुमार मित्तल, राजकुमार गर्ग, पुष्पा गर्ग, विपिन गर्ग, मीना गर्ग, मोहित गर्ग, राजीव गर्ग, पूर्व चेयरमैन अंजना बंसल, उपेंद्र द्विवेदी, वंश नामदेव, दिनेश भारद्वाज, राकेश शर्मा, मुकेश कुमार, विपिन भारद्वाज आदि मौजूद रहे। इसके अलावा शहर के पुरानी सब्जी मंडी स्थित मां शाकुंभरी देवी अटठे वाला मंदिर में गणेश महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। सवेरे मंदिर परिसर में गणेश की मूर्ति स्थापित की गई, जिसके बाद पूजा अर्चना और महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें शहर तथा आसपास क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने भाग लेकर धर्मलाभ उठाया। पंडित अनुराग शर्मा, पंडित शिवम शर्मा व पंडित प्रदीप शर्मा ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराई। जिसके यजमान तेजपाल संगल रहे। बाद में प्रसाद भी वितरित किया गया। इस अवसर पर प्रशांत शर्मा, सागर, निशांत शर्मा, हिमांशु, रोहित, नरेंद्र शर्मा, पुष्पेंद्र शर्मा, कृष्णकांत शर्मा, अगम, अमन, आशीष, संजीव शर्मा, पंकज कुमार, विशाल, आकाश गर्ग, विनीत नामद. ेव, शिवम गर्ग आदि मौजूद रहे।

**थानाभवन।** क्षेत्र में लोगों ने अलग-अलग दिनों के लिए गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की। कहीं 3 दिन तो कहीं 5 दिन, 7 दिन और 11 दिनों तक गणेश उत्सव मनाने की तैयारियां की गईं। इस दौरान भक्त रोजाना सुबह-शाम आरती व भजन-कीर्तन करते हैं और घर-परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। बच्चे भी उत्साहपूर्वक पूजा-अर्चना में भाग लेते दिखे।निर्धारित दिनों के पश्चात श्रद्धालु बप्पा की प्रतिमा का विसर्जन करेंगे। विसर्जन के दौरान भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें ढोल-नगाड़ों और भजनों की गूंज से पूरा नगर भक्तिमय माहौल में डूब जाएगा। श्रद्धालु नाचते-गाते और गणपति बप्पा मोरया के जयकारों के साथ बप्पा को विदाई देंगे। त्योहार को लेकर नगर में उल्लास और धार्मिक उत्साह का वातावरण बना हुआ है।

**उधर,** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी लिटिल स्टार पब्लिक स्कूल थानाभवन में गणेश चतुर्थी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया।इस अवसर पर विद्यालय के शिवाजी हाउस के विद्यार्थियों ने भगवान गणेश से संबंधित कविताएं और प्रश्नोत्तर प्रस्तुत किए, जिनके माध्यम से बच्चों ने गणेश जी के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। इसके बाद विद्यार्थियों ने गणेश और कार्तिकेय से संबंधित एक नाटक प्रस्तुत कर यह संदेश दिया कि माता-पिता के चरणों में ही समस्त सृष्टि का वास है।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रबंधक दिग्विजय राणा और प्रिंसिपल पूजा राणा ने पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विद्यालय परिसर में गणेश प्रतिमा को विराजमान कराया। वहीं प्री-प्राइमरी विंग के बच्चों ने अपनी कला और रचनात्मकता का परिचय देते हुए गणेश जी की सुंदर प्रतिमाएं अपनी ड्राइंग बुक पर बनाई।प्रधानाचार्य पूजा राणा ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों की रचनात्मकता को प्रोत्साहन देते हैं और हमारी सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने में भी सहायक सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

**शामली।** शहर के बीएसएम विद्यालय में गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापना कर विद्यार्थियों को गणेश चतुर्थी के महत्व से अवगत कराते हुए एक पौराणिक कथा का उल्लेख किया गया। जिसमें भगवान गणेश की स्थापना और विसर्जन की परंपराएं बताई गई। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य राहुल चौधरी, मैनेजर छाया सिंह, चेयरमैन सूर्यवीर सिंह और उप प्रधानाचार्या आशु पंडित द्वारा गणपति की प्रतिमा की स्थापना दीप प्रज्ज्वलन व श्लोकों के साथ की गई। इस उपलक्ष्य पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने पीले वस्त्र धारण किए। विद्यालय के नन्हे- मुन्ने विद्यार्थियों ने अपने गीतों, श्लोकों, कविताओं और नृत्य के माध्यम से भगवान गणेश की महिमा का गुणगान किया। चेयरमैन सूर्यवीर सिंह ने बताया कि एक बार महर्षि व्यास ने जब महाभारत ग्रंथ की रचना का संकल्प लिया तब उन्होंने गणेश को लेखक बनने का निवेदन किया। शर्त रखी कि वे बिना रुके लिखेंगे और व्यास जी को भी बिना रुके बोलना होगा।

वही व्यास जी ने भी शर्त रखी कि गणेश जी प्रत्एक श्लोक का अर्थ समझ कर ही लिखेंगे। इस प्रकार लगातार 10 दिनों तक गणेश जी व्यास जी के साथ रहे और महाभारत का लेखन पूरा किया। इसी घटना के प्रतीक स्वरूप गणेश चतुर्थी पर गणेश जी की स्थापना की जाती है और दसवें दिन विसर्जन किया जाता है। मौके पर प्रधानाचार्य राहुल चौधरी, मैनेजर छाया सिंह, उप प्रधानाचार्या आशु पंडित आदि मौजूद रहे।

# विधायक अशरफ अली ने अग्निशमन वाहन उपलब्ध कराने की उठाई मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थानाभवन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर पंचायत जलालाबाद, थानाभवन व गढ़ीपुख्ता में अग्निशमन वाहन की उपलब्धता कराने की मांग की। थाना भवन विधानसभा विधायक अशरफ अली खान ने जिला. धिकारी को प्रेषित पत्र में बताया कि थानाभवन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा थानाभवन एवं जलालाबाद, गढ़ीपुख्ता नगर पंचायतों में वर्तमान में अग्निशमन वाहन की अत्यंत आवश्यकता है। इन नगर पंचायतों में किसी भी प्रकार का अग्निशमन वाहन उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण आग लगने की स्थिति में जन-धन की भारी क्षति होती है। अग्निशमन सुविधा के अभाव में दमकल विभाग को जनपद शामली से बुलाना पड़ता है, जिससे आग पर नियंत्रण पाने में अत्यधिक विलंब होता है और आग विकराल रूप धारण कर लेती है। उन्होंने बताया कि यह क्षेत्र व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, विद्यालयों, रिहायशी बस्तियों तथा सार्वजनिक स्थलों से परिपूर्ण है, अत: यहां अग्निशमन वाहन की स्थाई व्यवस्था अत्यंत आवश्यक है। अत: थानाभवन विधानसभा क्षेत्र की नगर पंचायत थानाभवन, जलालाबाद, गढ़ीपुख्ता में कम से कम एक अग्निशमन वाहन की स्थाई व्यवस्था की जाए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में समय पर कार्रवाई कर जनहानि और धनहानि को रोका जा सके।

# माता वैष्णो देवी दर्शन को गए 24 श्रद्धालु सकुशल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** माता वैष्णोदेवी यात्रा पर गए 24 श्रद्धालुओं के सकुशल होने की सूचना मिलते ही परिजनों ने राहत की सांस ली। सभी यात्री वर्तमान में कटरा स्थित धर्मशालाओं और होटलों में सुरक्षित ठहरे हुए हैं। रेल और सड़क मार्ग अवरुद्ध होने के कारण वे वहीं रुके हुए हैं।



24 अगस्त को अंबाला रोड स्थित श्री शक्तिपीठ वैष्णोधाम के पीठाधीश संजय जी महाराज के नेतृत्व में महिला-पुरुष सहित 24 श्रद्धालुओं का जत्था श्री हेमकुंड साहिब एक्सप्रेस से माता वैष्णोदेवी के दर्शन हेतु रवाना हुआ था। मंगलवार को अर्द्धकुंवारी के पास भूस्खलन में कई यात्रियों की मौत की सूचना आने के बाद क्षेत्र में चिंता का माहौल बन गया। श्रद्धालुओं के परिजन मंगलवार से ही फोन पर संपर्क साधने का प्रयास करते रहे, लेकिन संचार व्यवस्था ठप होने से बात नहीं हो सकी। बाद में जत्थे में शामिल पत्रकार अभय चौधरी की एक शुभचिंतक से व्हाट्सएप कॉल पर बातचीत हुई, जिसमें सभी के सुरक्षित होने की जानकारी मिली। बताया गया कि मंगलवार दोपहर 12 बजे तक सभी श्रद्धालु दर्शन कर पैदल मार्ग से कटरा लौट आए थे। उसी दौरान उन्हें भूस्खलन की सूचना मिली। बुधवार सुबह यात्रियों के सुरक्षित होने की पुष्टि होते ही परि. जनों में खुशी की लहर दौड़ गई। श्रद्धालुओं ने बताया कि मौसम सुधारने और मार्ग बहाल होने के बाद ही वे वापसी करेंगे। श्रद्धालुओं के जत्थे में संजय महाराज, अभय चौधरी, राजकुमार कांटे वाले, उमादत्त त्यागी, गजेंद्र वर्मा, राजवीर चौधरी, वंश चौधरी, हिमांशु, संगीता, किरण, अंकित, पायल, हिमांशी, विपिन बोन्सा, मनोज शामिल हैं।

## करंट से दो दूधारु पशुओं की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** थाना क्षेत्र के गांव गांगनोली में चीनी मिल के निकट चारा चरने गए दो दूधारू मवेशियों की विद्युत करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गयी। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के खिलाफ मुआवजा की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस तथा विद्युत विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझा कर शांत किया और विभाग से मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

गांव के बाली पुत्र ऋषिपाल ने विद्युत वितरण उपखंड अधिकारी नागल को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि बुधवार सुबह करीब साढे आठ बजे वह अपने दो दुधारू पशुओं को लेकर चारा चराने के लिए गांव से चीनी मिल वाली सड़क पर जा रहा था। जैसे ही दोनों दुधारू पशु सड़क पर चढने लगे तो एलटी लाइन के टूटे पड़े तार के करंट की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई।

# जिशान नगराध्यक्ष व अहसान बने जिला सचिव




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** ऑल इंडिया जमियतुल कुरैश की बैठक में नगर पंचायत बेहट के सभासदपति जिशान कुरैशी को नगर अध्यक्ष और अहसान हनफी को जिला सचिव नियुक्त किया गया। उनकी नियुक्ति से समाज के लोगों में खुशी की लहर है।

ऑल इंडिया जमियतुल कुरैश उ.प्र. की एक बैठक जिला अध्यक्ष इमरान कुरैशी के आवास पर संपन्न हुई जिसमें संगठन के अध्यक्ष डॉ युसुफ कुरैशी की मौजूदगी में सभासदपति जिशान कुरैशी को बेहट नगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई जबकि युवा शायर अहसान हनफी को जिला सचिव बनाने की घोषणा के साथ ही उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा गया। कार्यक्रम में नवनियुक्त पदाधिकारियों को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान डॉ यूसुफ कुरैशी ने कहा कि नवनियुक्त पदाधिकारियों से उम्मीद करता हूं की सभी कुरैशी समाज की तरक्की में पूरा योगदान करेंगे। इसके साथ ही समाज में फैली बुराईयों को दूर करने और एजुकेशन का ग्राफ बढ़ाने की अपील की गई। जिलाध्यक्ष इमरान कुरैशी ने कहा कि सभी बिरादरी के पदाधिकारी को एक जुट होकर जिले में कुरैशी समाज की जो समस्याएं हैं उनको जल्द से जल्द दूर करने का काम किया जाएगा। कार्यक्रम में -इकराम कुरैशी लाला, इफ्तिखार अहमद, हाजी अमानत कुरैशी, सरफराज कुरैशी, चौधरी वसीम कुरेशी, चौधरी जुबैर कुरैशी , चौधरी अताउर रहमान कुरैशी हाजी बाहर कुरैशी,इकराम कुरैशी अकरम, कुरैशी आदि मौजूद रहे।

# पूर्व प्रधान प्रदीप चुनाव तैयारियों में जुटे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** ग्राम पंचायत चुनाव की सुगबुगाहट शुरू हो गई है चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों ने भी तैयारियां शुरू कर दी है ग्राम पंचायत लतीफपुर भूड़ से पूर्व प्रधान प्रदीप गुप्ता एक बार फिर मजबूती से लड़ेंगे जिन्हें हर वर्ग के लोगों का प्यार और समर्थन मिल रहा है।

बुधवार को पूर्व प्रधान प्रदीप ने अपने आवास पर अपने समर्थकों की बैठक बुलाई बैठक में गांव के जिम्मेदार लोगों ने उन्हें अपना समर्थन देकर चुनाव लड़वाने की जिम्मेदारी ली गई।

बैठक में बोलते हुए पूर्व ग्राम प्रधान प्रदीप गुप्ता ने कहा कि उन्होंने अपने पिछले योजना में जब वे ग्राम प्रधान थे तो उन्होंने गांव में गांव विकास तोड़ काम कराए थे। आज भी गांव की जनता उनके पास आती है जिन की हर परेशानी को वे दूर करने का 4काम करते है और जनता के बीच रहकर उनके सुख दुख को जानाख्रइसके अलावा गांव में अलग अलग गलियों में जिला पंचायत, सांसद एम एल सी कोटे से सीसी रोड नाले निर्माण आदि मंजूर कराकर बनवाए गए जिस के चलते उन्हें गांव की जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा हैख्रऔर हर समाज का वोटर हमारे साथ है। बैठक में मौजूद जिम्मेदार लोगों ने कि हमने ग्राम पंचायत चुनाव में प्रधान प्रदीप गुप्ता को को अपना प्रत्याशी चुन लिया है, क्योंकि यह एक चेहरा ऐसा साफ छवि का है जो गांव के हर काम में जनता के साथ खड़ा है और गांव का ग्राम प्रधान अगर मजबूत होगा तो जनता को कोई दिक्कत परेशानी नहीं होगी। बैठक में अक्षय कुमार जोनी शोएब इकराम कुर्बान रूपेश बीरा सिंह चंद्रपाल निसार मुस्तफा कवरपाल डिंपल अनीस आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## साहबा माजरा में जर्जर मकान की छत गिरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** क्षेत्र के गांव साहबा मजरा में बुधवार शाम उस समय बड़ा हादसा हो गया, जब जर्जर कच्चे मकान की छत अचानक गिर पड़ी। मलबे में दबकर 75 वर्षीय सुरजी देवी पत्नी रामपाल की मौके पर ही मौत हो गई। परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

हादसे के समय वृद्ध महिला घर में अकेली थी। परिजनों के अनुसार मृतका के दो बेटे हैं, दोनों की शादी हो चुकी है। परिवार ने बताया कि कई बार पीएम आवास योजना के तहत आवेदन करने के बावजूद आवास स्वीकृत नहीं हुआ। लगातार हो रही भारी बारिश से मकान की दीवारें और छत कमजोर हो गई थी। परिजनों का आरोप है कि ग्राम प्रधान को स्थिति से बार बार अवगत कराया गया।

# हिंदू संगठनों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने देवबंद रोड व शहरीपुल पर हो रहे अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है।प्रशासन द्वारा जल्द ही अतिक्रमण न हटाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने स्वयं अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी है।




अंतराष्ट्रीय हिन्दू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष विकास सैनी के नेतृत्व में तहसील कार्यालय पहुँचे कार्यकर्ताओं ने एसडीएम डॉ पूर्वा शर्मा को एक ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में कहा गया है कि रामपुर मनिहारान में मुख्य मार्गो पर हो रहे भयंकर अतिक्रमण से क्षेत्र की जनता त्रस्त है।आए दिन इन मार्गों पर भयंकर जाम लगा रहता है और अक्सर विवाद हो जाता है।ज्ञापन में देवबंद रोड पर लगने वाले सभी ठेलों को तुरंत हटाने,शहरीपुल व उसके आसपास के क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाए जाने व हटाए गए अतिक्रमण की पुनरावृत्ति न होने देने की माँग की गई है।ज्ञापन में चेतावनी देते हुए कहा गया है कि यदि अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल जल्द से जल्द सभी बिंदुओं पर कार्रवाही की माँग करता है।यदि शीघ्र कार्रवाही नहीं होती तो अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल स्वयं इस अतिक्रमण को हटाने का कार्य करेगा जिसके कारण कोई अप्रिय घटना होने पर प्रशासन जिम्मेदार होगा। इस दौरान डॉ अजय सैनी,रोहित रोहिला, सचिन, अंकुश, अवनीश ,मिंटू पाल, सन्दीप, प्रतीक, अभिषेक, रोहित, अजय आशु,सोनू, विराट, रितिक,आंनद,गौतम, आदित्य मौजूद रहे।

# शिविर में किया 52 यूनिट रक्तदान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** युथ फाउंडेशन वेलफेयर सोसाइटी ,पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल व खानआलमपुरा व्यापारी एसोसिएशन द्वारा लगाये गये शिविर में 52 व्यापारियों ने रक्तदान किया



यह रक्तदान शिविर थैलेसिमिया बच्चों को रक्त की जरूरत के लिये लगाया गया। व्यापार मंडल के मंडल अध्यक्ष सरदार सुरेंद्र सिंह ,जिलाध्यक्ष रोहित घई, यूथ फाउंडेशन वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष सरदार कंवलजीत लूथरा ने कहा कि रक्तदान महादान होता है , रक्तदान करने वाले को पुण्य अर्जित होता है और रक्त प्राप्त करने वाले को नया जीवन मिलता है। सहारनपुर बॉडी बिल्डिंग के सचिव सुहैल राणा ने युवाओं को इसमे बढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया।

संस्था सह सचिव एडवोकेट अजीम रजा, सुशील पंवार, शाहजेब राणा , शाकिर मलिक एवम जिले के बॉडीबिल्डर्स ने लोगों से इस अभियान में बढ़ चढ़ कर हिस्सेदारी करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में संजीव गक्खड़, नीरज अरोरा, सचिन घई, सुहैल राणा, सिमरप्रीत सिंह,सुशील चौधरी, मनदीप कौर, गुलजार अहमद, तस्लीम,शिवम् अखिलेश आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

# दलित युवक को चाकू घोंपा, उपचार के दौरान मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** बीती रात अज्ञात हमलावरों ने एक दलित युवक पर चाकू से हमला कर दिया।वारदात से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को हॉस्पिटल पहुँचाया जहाँ उसकी मौत हो गई।

गांव मल्हीपुर निवासी 30 वर्षीय कवरसेन उर्फ टकला पुत्र स्वर्गीय धर्मपाल मंगलवार रात गांव में लगे म्हाड़ी के मेले में गया था। देर रात वह पैदल घर लौट रहा था।तभी रास्ते में अज्ञात हमलावरों ने उस पर ताबड़तोड़ चाकू से वार कर दिए। वार इतने गंभीर थे कि वह लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़ा। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग और परिजन मौके पर पहुंचे। आनन-फानन में कवरसेन को अस्पताल ले जाया गया जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।घटना से ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। मृतक के भाई सुनील कुमार ने पुलिस को अज्ञात हमलावरों के खिलाफ तहरीर देकर दोषियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। घटना के बाद पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। थाना प्रभारी सत्येंद्र नागर ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# 26 छड़ियों का किया शानदार स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** प्रताप नगर में मंगलवार को 26 जाहरवीर के बसेरे का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया।



श्री गुग्घा म्हाडी सुधार सभा के चौधरी अनिल प्रताप सैनी के नेतृत्व में छडियां बडी धूमधाम के साथ प्रताप नगर पहुंची। जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। अनिल चौधरी ने कहा कि जाहरवीर गोग्घा जी महाराज की असीम अनुकंपा से नगर का वातावरण भक्तिमय हो रहा है और लोग छडी पूजन कर आशीर्वाद ले रहे है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एवं नगर विधायक संजय गर्ग तथा अशोक बंसल पहुँचे, जिनका पश्चिमी व्यापारी एकता व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता राजकुमार राजू, महीपाल वर्मा सहित पश्चिमी व्यापारी एकता व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष हरपाल सिंह वर्मा, प्रदेश महासचिव अनुज गुप्ता, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष भानु भारती, जिलाध्यक्ष विनय जैन, जिला महासचिव शांतनु शर्मा, महानगर अध्यक्ष सनी विजय मल्होत्रा, महानगर महासचिव रोहित अग्रवाल व कोषाध्यक्ष राकेश वर्मा मौजूद रहे। इसके अलावा विनोद वर्मा, आशीष वर्मा, विपुल गोयल, प्रवीण वर्मा, अखिल प्रसाद, आनंद चौहान, प्रवीण जगा, रवि कुमार, डॉ. राकेश गुप्ता, सुशील बंसल, पुनीत राजपूत, ओम प्रकाश सैनी समेत बड़ी संख्या में व्यापारी साथी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

# मुठभेड़ में फरार आरोपी पशुचोर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने बाद मुठभेड़ एक टॉप टेन बदमाश, अन्तर्राज्यीय फरार आरोपी पशु चोर को गिरफ्तार किया है जिसके कब्जे से अवैध असलहा व नकदी भी बरामद की गयी है।



थाना प्रभारी निरीक्षक चंद्रसेन सैनी ने बताया है कि ग्राम दुमझेडा के जंगल में संदिग्ध व्यक्तियों की चौकिंग के दौरान पुलिस टीम का टॉप टेन बदमाश, अन्तर्राज्यीय पशु चोर, गौंकश व फरार आरोपी बुरहान पुत्र खालिद निवासी ग्राम दुमझेडा थाना चिलकाना से आमना सामना हो गया। पुलिस टीम को देखते ही बुरहान ने जान से मारने की नियत से पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया तथा जंगल की ओर भागने लगा, इससे पहले कि वह दूसरा फायर झोंकता तभी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया।

गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, एक खोखा कारतूस व 01 जिन्दा कारतूस के साथ साथ 1500 रूपये की नकदी भी बरामद की गयी है। पुलिस पूछताछ पर आरोपी ने बताया है कि वह अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर हरियाणा, पंजाब व हिमाचल प्रदेश से रात के समय पशु चोरी करके लाते हैं, ओर यहां मंडी में बेच देते हैं। वह लोगों को डराने के लिए अवैध असलहा रखते हैं। विगत 14 अगस्त को वह अपने साथियों सहित भैंस बेचने जा रहा था कि रास्ते में पुलिस को चौकिंग करते देख पुलिस पर फायर कर दिया जिसमें उसके साथी पकडे गये लेकिन वह अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया था। आरोपी खालिद के खिलाफ पूर्व से भी हरियाणा, पंजाब, हिमाचल व उत्तर प्रदेश में गो. कशी, पशु चोरी, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट एवं आयुध अधिनियम जैसे संगीन अपराधों में लगभग तीस मुकदमें दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक चंद्रसेन सैनी, एसआई देवेन्द्र अधाना, हैड कांस्टेबल अरविंद कुमार, कांस्टेबल अनुज राणा व कृष्णवीर सिंह शामिल रहे।

**कार्यालय सहारनपुर विकास प्राधिकरण, सहारनपुर।**

पत्रांक 1552 स.वि.प्रा./जोन-04/2025-26 दिनांक 26.08.2025

**सार्वजनिक सूचना**

कृपया श्री अश्वनी कुमार जैन पुत्र स्व. श्री प्रदुमन कुमार जैन, श्री सक्षम जैन पुत्र श्री अश्वनी कुमार जैन द्वारा नगर निगम नं.-2सी/773, खसरा नं.-21, खेवट नं.-01, ग्राम पिंजौरा अन्दरून, एन.जेड.ए महाल पंजौरा अन्दरून, मौहल्ला-प्रदुमन नगर, सहारनपुर के 99.64 वर्ग मीटर भूमि पर भूतल, प्रथम तल व द्वितीय तल पर व्यवसायिक (शोरूम) क्रिया की स्वीकृति हेतु वाद शमन मानचित्र सं. -SDA/ANI/2025/0002698 प्रस्तुत किया गया है। प्रश्नगत स्थल का भू-उपयोग ''आवासीय'' के अन्तर्गत आता है एवं 18.00 मीटर चौडे महायोजना मार्ग पर स्थित है। मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि एवं मॉडल जोनिंग रेगुलेशन्स-2025 के प्राविधानों के अनुसार आवासीय भू-उपयोग में उक्त क्रिया अनुमन्य है।

अत: प्रश्नगत स्थल पर उपर्युक्त विचाराधीन मानचित्र की स्वीकृति के सम्बंध में यदि किसी की कोई आपत्ति / सुझाव हो, तो सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तिथि के एक माह के अन्दर उपाध्यक्ष सहारनपुर विकास प्राधिकरण, सहारनपुर के कार्यालय में उपलब्ध करा सकते हैं।

**उपाध्यक्ष**
**सहारनपुर विकास प्राधिकरण**
**सहारनपुर**

**सूचना**

मेरी यूपी बोर्ड परीक्षा कक्षा 10 वर्ष 2016 रोल नं. 0720215 एवं कक्षा 12 वर्ष 2018 रोल नं. 0581418 का अंक पत्र/प्रमाण पत्र वास्तव में खो गये है। जिनका प्रयोग अवैध होगा। आरती पुत्री श्री अरूण कुमार निवासी ग्राम कैन्डल तहसील नकुड, जनपद सहारनपुर। (उ.प्र.)

**सूचना**

मैं मौ. अल्ताफ खान पुत्र मकबूल अहमद खान निवासी F/6 मोह गुलाम औलिया गंगोह खालसा सहारनपुर यू पी 247341 ने अपना नाम मौ. अल्ताफ खान से बदलकर मकबूल खान मौ. अल्ताफ कर लिया है। अब मुझे भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए मकबूल खान मौ. अल्ताफ के नाम से जाना जाएगा।

**सूचना**

मैने अपने पुत्र आसिफ व पुत्रवधू रूबीना को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**मसरूफा पत्नि स्व. नूर मौहम्मद निवासी नया 62 फिटा रोड, पास ताज पैलेस, थाना कोतवाली देहात, सहारनपुर।**

**सूचना**

मेरा बड़ा बेटा अक्षय व उसकी पत्नी प्रियंका का परिवार व मेरे साथ व्यवहार ठीक नहीं है न किसी प्रकार का आना जाना है इसलिये मैं उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं तथा उनके किसी कार्य के प्रति जिम्मेदार नहीं रहूंगा।

**सुखपाल पुत्र बलजीत जाति नाई गांव मंहगी थाना तीतरो तहसील नकुड, सहारनपुर।**

# आज से दस दिवसीय अराधना

**सहारनपुर।** जैन बाग स्थित प्राचीन दिगंबर जैन मंदिर में संत शिरोमणि आचार्य प्रवर विमर्शसागर महाराज 30 मुनियों और आर्यिकाओं सहित विश्व शांति के लिए मंगलमय वर्षायोग कर रहे हैं।

कल (आज) से 6 सितम्बर तक दस दिवसीय धर्म आराधना उनके पावन चरणों के सानिध्य में मनायी जा रही हैं, जैन समाज के अध्यक्ष राजेश कुमार जैन ने महानगर के जैन और जैनत्तर समाज के सभी स्त्री पुरुष युवा वृद्ध बालक बालिकाओं से दस दिवसीय आराधना में मन वचन काय से प्रतिभाग करने का निवेदन किया है। परम पूज्य आचार्य श्री के पावन सानिध्य में धर्म की यह अद्भुत आराधना सभी जीवन में अतिशयकारी गुणात्मक परिवर्तन उपस्थित करेगा ताकि सभी समाज और राष्ट्र में सत्य प्रेम अहिंसा जीव दया करुणा वात्सल्य सौहार्दपूर्ण वातावरण हो,सभी सुखमय जीवन व्यतीत करते हुए राष्ट्र की प्रगति के साथ-साथ अपना कल्याण भी सुनिश्चित करें।

राजेश कुमार जैन ने बताया विश्व के जैन समुदाय में भाद्रपद पंचमी यानि 28 अगस्त का दिन अत्यंत पावन पवित्र दिन है, इस दिन से दसदिवसीय दश लक्षण महापर्व प्रारंभ होते हैं, दशलक्षण महापर्व आत्मा की शुद्धि के पर्व हैं, संसार में जीवन बिताते हुए हमारा परिवार, समाज, सामाजिक संगठनों में राग द्वेष मतभेद वैमनस्य से हो जाता है, इसे समूल से नष्ट करने के लिए आचार्यो ने दशलक्षण महापर्व की वैज्ञानिक विधि बतायी है,पर्व के 10 दिनो मे धर्म की आराधना भक्ति अर्चना करके हम किसी पर उपकार नहीं करते केवल अपनी आत्मा पर उपकार करते हैं और अपने लिए जीने प्रयास करते हैं।

# विकेश ने किया मेले का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** बरथा कायस्थ पठेड में गोगा म्हाड़ी मेले का शुभारंभ डॉ.विकेश चौधरी, पूर्व जिला अध्यक्ष बिजेंद्र कश्यप , प्रधान सोनू सैनी, हरीश चेयरमैन ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।



कस्बा पठेड में गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी गोगा म्हाड़ी मेले का आयोजन धूमधाम के साथ किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे नकुड विधायक प्रतिनिधि डॉ. विकेश चौधरी ने सर्वप्रथम गोगा जी के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व जिलाध्यक्ष बिजेंद्र कश्यप ने कहा कि गोगा जाहरवीर जी बहुत बड़ी शक्ति के रूप में प्रकट हुए थे। हम सभी को उनके बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. मुकेश सैनी व संचालन डॉ.विमल शर्मा ने किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा, थाना चिलकाना प्रभारी चंद्रसेन सैनी, चौ. हरीश चेयरमैन, देवी सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष विजय सैनी ने सभी को गोगा जाहरवीर मेले की शुभकामनाएं दी। इस दौरान रगबीर सैनी, प्रधान सोनू सैनी, सौरभ कांबोज, नकली राम भगत, राजेंद्र उपाध्याय, राजेन्द्र सैनी, प्रमोद धीमान, अजय सैनी, अजय धीमान, ऋषिपाल, अंकित सैनी, राहुल मित्तल, आर्यन सैनी, कमल मित्तल, डॉ.प्रमोद कुमार, ऋषभ सैनी, चटका राम, नाथीराम कश्यप, डॉ. मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## कथा का वर्णन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर के मोहल्ला कोठीवाला में श्रीगुरु रविद. ास मंदिर प्रांगण में चल रही श्रीगुरु रविदास साप्ताहिक अमृत कथा में छठे दिन कथा सागर आनन्द महाराज ने मन चंगा कटौती में गंगा कथा का सुंदर वर्णन किया।

मंगलवार की रात्रि को कथा में महाराज ने भक्तों को मन चंगा कठौती में गंगा का मतलब समझाया कि यदि मन में सच्ची आस्था है तो ईश्वर आपके निकट है। उन्होंने बताया कि रविदास जी के अंदर मा गंगा के लिए सच्ची आस्था व भक्ति थी इसलिए गंगा मां राजा और क्षेत्र के लोगो के सामने उनकी कटौती में प्रकट हो गयी थी। कथा का शुभारंभ मुख्यातिथि श्री गुरु रविदास प्रबंध समिति ग्राम पटना, मा. अश्वनी, बालेश स्टील फर्नीचर, संजय फर्नीचर ने फीता काटकर शुभारम्भ किया।

# लंबित प्रकरणों को जल्द निपटाएं: डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने निवेश मित्र पोर्टल पर समय सीमा के उपरान्त लम्बित प्रकरणों को सम्बंधित विभागों को निस्तारण करने के निर्देश दिये।

श्री बंसल कलक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु की बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने देहरादून रोड कुम्हारहेड़ा से बारिस के पानी की निकासी हेतु नालियों के कार्य को आगामी बोर्ड बैठक में प्रस्तुत किये जाने के निर्देश जिला पंचायत को दिये। जिलाधिकारी द्वारा औद्योगिक क्षेत्र पिलखनी में तालाब के सौन्दर्यीकरण करने संबंधी प्रकरण में दोबारा निविदा आमंत्रित करने के निर्देश दिये गये। औद्योगिक क्षेत्र पिलखनी, सहारनपुर में 15 भूखण्डों पर कार्यशील एवं अकार्यशील इकाईयों में से 07 अकार्यरत् इकाईयों की पूर्व में गठित समिति दोबारा जांच करते हुए अग्रिम कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। कामधेनु उद्योग नगर में लेन नं.-1 व 2 पर बरसात के बाद स्पीड ब्रेकर बनाये जाने के निर्देश लोक निर्माण विभाग को दिये। औद्योगिक आस्थान, दिल्ली रोड में खराब पड़ी सोलर लाईटों को हटाकर एलईडी लगाये जाने के निर्देश दिये गये। उन्होने नवीन प्रकरणों के संबंध में संबंधित विभागों को अग्रिम कार्यवाही करने के निर्देश दिये। बैठक में उपायुक्त उद्योग डॉ. बनवारी लाल, आईआईए से गौरव चोपडा, लघु उद्योग भारती से अनुपम गुप्ता सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कार की चपेट में आने से युवक की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** कार की चपेट में आने के कारण युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेज दिया जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजन शव को लेकर देवबंद पहुंचे और मकबरा मार्ग पर जाम लगा आरोपी कार चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किये जाने की मांग की। मौके पर पहुंचे पुलिस क्षेत्राधिकारी रविकांत पाराशर के उचित कार्रवाई के आश्वासन के बाद लोग शांत हुए।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मकबरा निवासी धर्मेंद्र का 20 वर्षीय पुत्र रजनीश उपकारागार के निकट मुजफ्फरनगर की ओर जा रही तेज गति की कार की चपेट में आकर गंभीर रुप से घायल हो गया था। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेज दिया गया था। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। युवक की मौत से गुस्साए परिजनों और ग्रामीणो ने आसपा के जिलाध्यक्ष शौर्य अंबेडकर के नेतृत्व में देर राम देवबंद मकबरा मार्ग पर जाम लगा दिया। उन्होंने आक्रोष व्यक्त किया कि राजनीतिक दल का झंडा लगी कार से युवक की दुर्घटना होने के बाद भी कार चालक के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। जबकि आसपास के क्षेत्रों में सीसी कैमरे लगे हुए।

इतना ही नहीं उक्त कार का झंडा भी मौके पर गिर गया था। शौर्य अंबेडकर ने मृतक युवक के परिवार को सरकारी सहायता दिलाए जाने की मांग की। पुलिस के समझाने बुझाने के बाद मृतक युवक का पंचनाम भर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

पुलिस के मुताबिक परिजनों से तहरीर मिलने के बाद आरोपी कार चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## आवारा कुत्तों ने दंपति व युवती को किया घायल

**देवबन्द।** आवारा कुत्ते ने खेत में काम कर रहे दंपती एवं युवती समेत चार लोगों पर हमला कर घायल कर दिया। खेड़ामुगल के बीरपुर गांव निवासी केहर सिंह उसकी पत्नी पूनम और गांव के ही वैभव व भूरी खेत पर काम कर रहे थे। इसी दौरान आवारा कुत्ता वहां पहुंचा और भौंकने लगा। उसे भगाने का प्रयास किया तो अचानक उसने उक्त लोगों पर हमला कर दिया। जिसमें चारों घायल हो गए। शोर मचाने पर आसपास काम कर रहे ग्रामीणों ने उन्हें बामुश्किल बचाया। बाद में सभी को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले काफी दिनों से गांव में आवारा कुत्तों से दहशत फैली हुई है। इस कारण उन्होंने बच्चों का अकेले घर से निकलना भी बंद कर दिया है।

# बच्चों ने भगवान श्री गणेश की सुंदर मूर्तियां बनाकर दिखाई प्रतिभा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** शैक्षणिक संस्थाओं में गणेश चतुर्थी पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने गणेश वंदना समेत अन्य प्रस्तुतियां देने के साथ ही भगवान श्री गणेश की सुंदर मूर्तियां बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

मुजफ्फरनगर हाईवे स्थित मेपल्स एकेडमी प्रागण में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों ने भगवान गणेश का स्वागत ढोल-नगाड़ों एवं नृत्य गान के साथ किया। बच्चों ने फूलों एवं क्राफ्ट कला से भगवान श्री गणेश की सुंदर मूर्ति बनाई। बाद में विधि विधान से भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित की गई। गणेश जी को भोग लगाया गया। प्रधानाचार्य डा. चित्रा जोशी ने गणेश चतुर्थी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे कार्यकर्मो से बच्चो को धर्म से सम्बंधित जानकारी मिलती हैं। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं सहित





शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल रहे।

सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल प्रागण में आयोजित गणेश उत्सव धूमधाम से मना। छात्रों ने भगवान गणेश के जीवन से संबंधित नाटिका का मंचन किया। प्रधानाचार्य रूपेश कुमार सैनी ने कहा कि भगवान गणेश ने ही सर्वप्रथम बताया कि माता पिता का स्थान सभी लोकों की परिक्रमा से बड़ा है। उन्होंने बच्चों से माता पिता व गुरुजन का सम्मान करने की सीख दी। संरक्षक हरि सिंह सैनी, अनीता सैनी, शिवकुमार सैनी, वंदना ध्रुव, सपना गुप्ता, संदीप धीमान आदि छात्र-छात्राओं व शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल रहे।

# सीएमओ ने की टीकाकरण अभियान की समीक्षा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने टीकाकरण अभियान के तहत विभिन्न क्षेत्रो में पहुंच अभियान का सर्वेक्षण किया। समीक्षा के दौरान उन्होने अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. प्रवीण कुमार के नेतृत्व में टीम ने नगर के मुहल्ला पठानपुरा, मदीना कालोनी, शेखुल हिंद कालोनी, बैरून कोटला और गांव नूनाबड़ी व राजूपुर समेत कई गांवों में पहुंच टीकाकरण अभियान का जायजा लिया। सीएमओ ने बच्चों का टीकाकरण के अलावा पैरासिटामोल सिरप व टेबलेट और गर्भवती महिलाओं के लिए आयरन व फोलिक एसिड की उपलब्धता पर जोर दिया।

सीएमओ ने निर्देशित किया कि टीकाकरण नहीं कराने वाले परिवारों पर ध्यान केंद्रित करें और टीकाकरण कराना सुनिश्चित करें। इसके लिए मदरसों व संस्थाओं के जिम्मेदारों समेत वार्ड सभासदों व गणमान्यों से संपर्क किया जाए। सीएमओ डा. प्रवीण कुमार ने बताया कि सर्वे के





दौरान सबकुछ ठीक पाया गया है। स्थानीय टीम को जरूरी दिशा निर्देश दिए गए है। इस मौके पर सीएमओ एनएचएम डा. कपिल देव, डा. मुकेश, बृजेश कुमार, डा. प्रवेश कुमार, डब्ल्यूएचओ से डा. आनंद कुमार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की अधीक्षक डा. रियंका चौधरी आदि शामिल रहे।

## श्रद्धालुओं की मौत पर जताया दुख

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मंदिर सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित सतेंद्र शर्मा ने कटरा क्षेत्र में हुए भूस्खलन में मां वैष्णो देवी के दर्शन करने आए श्रद्धालुओं की मौत पर गहरा दुख जताया है।

पंडित सतेंद्र शर्मा ने कहा कि यह हमारे लिए अति दुखदाई समाच. ार है। हम सभी श्रद्धालुओं से अनुरोध करते हैं कि वह फिलहाल यात्रा पर न जाएं, जब तक कि हालात पूरी तरह से सामान्य न हो जाएं। कहा कि हमें मां वैष्णो देवी की कृपा पर विश्वास रखना चाहिए और अपनी सुरक्षा का पूरा ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कटरा प्रशासन से इस घटना के बाद सुरक्षा उपायों को ओर अधिक बेहतर बनाने का आह्वान किया।

# खेत से चारा लेने गए युवक से बाईक सवार बदमाशों ने चाकू की नोक पर लूटा मोबाईल

**देवबन्द।** खेत में पशुओं का चारा लेने गए युवक से बाइक सवार बदमाशों ने चाकू की नौक पर मोबाइल लूटने के साथ उसके साथ मारपीट की गई।

इस्माईलपुर गुर्जर गांव निवासी गुड्डू पशुओं का चारा लेने तल्हेड़ी बुजुर्ग चौकी क्षेत्र के गंगदासपुर गांव के जंगल में गया था। वह चारा काट रहा था, तभी बाइक पर वहां पहुंचे तीन लोगों ने उसे दबोच लिया और चाकू दिखाकर उसका मोबाइल लूट लिया। आरोप है कि इस दौरान उसके साथ मारपीट भी की गई। जिसमें वह घायल हो गया। गुड्डू ने बताया कि तीनों ने चेहरे पर नकाब लगाया हुआ था। शोर मचाने पर खेतों में काम रहे लोगों ने उनका पीछा भी किया, लेकिन वह फरार हो गए। बताया कि कुछ दिन पहले ही उसने प्रसिद्ध कंपनी का महंगा मोबाइल खरीदा था, जिसे वह लूटकर ले गए। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिल गई है। मामले की जांच की जा रही है।

## वृद्धा की गला रेतकर हत्या के दूसरे दिन भी पुलिस नहीं कर सकी घटना का खुलासा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** वृद्धा विद्या देवी की हत्या किसने की, दूसरे दिन भी इसका खुलासा नहीं हुआ। पुलिस की पांच टीमें खुलासे के लिए लगाई गई हैं। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

रसूलपुर गांव में जिले सिंह कश्यप की 75 वर्षीय पत्नी विद्या देवी पुत्र और पौत्रवधू के साथ जंगल में पशुओं के लिए चारा लेने गई थी। दोनों बहूओं के मुताबिक विद्या ने उन्हें घर भेज दिया जबकि खुद कुछ देर बाद आने को कहकर वह वहीं रुक गई। घर न पहुंचने पर तलाश की गई तो उसका शव जंगल में पेड़ के नीचे पड़ा था। गला रेतकर उसकी हत्या की गई थी। पुलिस ने बताया पीएम रिपोर्ट नहीं आई है, खुलासे के लिए पांच टीमों को काम पर लगाया गया है। कई बिंदुओं पर जांच की जा रही है। मृतका के बेटे विनोद की तहरीर पर अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज की गई है। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

# सतीश गिरधर अध्यक्ष, बालेंद्र सिंह महामंत्री बने



**देवबन्द।** पंजाबी समाज की बैठक में सर्वसम्मति से सतीश गिरधर को अध्यक्ष व बालेंद्र सिंह को महामंत्री चुना गया। अध्यक्ष सतीश गिरधर व महामंत्री बालेंद्र सिंह ने कहा कि समाज ने उन पर भरोसा किया है वे उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। शीघ्र ही कार्यकारिणी की घोषणा कर दी जाएगी। संरक्षक सेठ कुलदीप कुमार, संयोजक गुरजोत सिंह सेठी, कुलभूषण छाबड़ा, अशोक साहनी, श्याम लाल अरोड़ा, धर्मपाल महाजन, श्याम लाल भारती, संजय सलूजा, राजेश अजमानी, सचिन छाबड़ा, कुणाल गिरधर शामिल रहे।

# इस्लाम में जुआ व किसमत आजमाना जायज नहीं: गोरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** जमीयत दावतुल मुसलीम. ीन के संरक्षक व प्रसिद्ध आलिम मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने मुसलमानों को ऑनलाइन गेम्स के बढ़ते चलन से दूर रहने की नसीहत दी है। उनका कहना है कि कुरआन में जुआ और किस्मत आजमाने वाले खेलों को हराम करार दिया गया है।

- जमीयत दावतुल मुसलीमीन के संरक्षक ने मुसलमानो से ऑनलाईन गेम से दूर रहने की दी नसीहत

मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि वर्तमान में ऑनलाइन गेम्स की लत समाज में तेजी के साथ फैल रही है। नौजवान तबका ही नहीं बल्कि उम्रद. राज लोग भी इसकी जद में है। उन्होंने कहा कि इन खेलों में लोग पैसे लगाते हैं और कोई जीत जाता है और कोई हार जाता है। इस्लाम की नजर में यह अमल साफ तौर पर जुए की सूरत रखता है। अल्लाह ताआला ने कुरआन-ए-करीम में जुआ और किस्मत आजमाने वाले खेलों को नापाक और हराम करार दिया है। इस्लाम में जुए को इंसान की तबाही और बरबादी का रास्ता बताया है। कहा कि मुसलमानों को चाहिए कि ऐसे खेलों और हर उस काम से दूर रहें जिसे अल्लाह और उसके रसूल ने मना फरमाया है।

# जुलूस-ए-मौहम्मदी का जुलूस 5 को, तैयारियां शुरू

**धामपुर।** मौहल्ला बंदूकचियान स्थित नसीम सलमानी के आवास पर अंजुमन फलाहे एहले सुन्नत की अहम बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी जुलूस-ए-मौहम्मदी की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई और यह तय किया गया कि जुलूस पूरी तरह भाईचारे, अमनो अमान और तहजीब के साथ निकाला जाएगा।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जुलूस-ए-मुहम्मदी 05 सितम्बर को सुबह 8:30 बजे मदरसा नूररया, मौहल्ला बंदूकचियान से शुरू होगा और अपने तयशुदा रास्तों मुसाफिर खाना होते हुए डॉ. जाकिर हुसैन रोड तक पहुंचकर समाप्त होगा। बैठक



की सदारत जकी अहमद खान ने की, जबकि निजामत शायर नसीम सलमानी ने अदा की। बैठक में अंजुमन फलाहे एहले सुन्नत के तमाम जिम्मेदारान मौजूद रहे। इसमें महासचिव नसीम सलमानी, कोषाध्यक्ष इरफान लतीफी, मास्टर जुबैर अहमद, आस मौहम्मद, मौहम्मद दानिश, हाफिज अब्दुल कादिर, लईक सलमानी, हमजा, फुरकान अहमद, आसिफ सकलेनी, काशीफ लतीफी आदि रहे।

# बाबा अमरनाथ यात्रा पर 25 वर्षों से शिवभक्तों को ले जाने वाले सुनील पचरंगी का अभिनंदन

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** नगर के शिवभक्त त्रिशूलधारी सुनील कुमार अग्रवाल पचरंगी का रामा रेजीडेंसी सभागार में आयोजित भव्य समारोह में सार्वजनिक अभिनंदन किया गया। सुनील अग्रवाल बीते 25 वर्षों से लगातार बाबा अमरनाथ बर्फानी यात्रा पर शिवभक्तों के जत्थे को ले जाते आ रहे हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. दीप सौरभ पार्थ (भाजपा पूर्व प्रदेश सहसंयोजक), महंत पीयूष अग्रवाल, दिनेश चंद्र अग्रवाल नवीन एवं प्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य पं. पवन कौशिक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान जय बाबा अमरनाथ बर्फानी, हर-हर महादेव के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। वक्ताओं ने कहा कि सुनील अग्रवाल पचरंगी ने शिवभक्तों की सेवा और भगवान भोलेनाथ के प्रति अपने समर्पण से समाज में श्रद्धा और आस्था का भाव जागृत किया है।

पूर्व पालिकाध्यक्ष राजू गुप्ता व



सहयोगियों ने उन्हें केसरिया शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त युवा मित्रगण सामाजिक सेवा समिति, सामाजिक संस्था सवेरा, अमरनाथ बर्फानी सेवा दल, श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल सहित अनेक सामाजिक-धार्मिक संस्थाओं ने भी अभिनंदन किया। अजय कपूर (शाहजहांपुर), कपिल कुमार (शाहजहांपुर), पिंकू शर्मा (मुरादाबाद), मनोज पाठक (गुड़गांव), दुर्गेश माहेश्वरी (कासगंज), सुबोध कुमार (शामली-मुजफ्फरनगर), नीलू गुप्ता (बिजनौर), डॉ. रंजन अग्रवाल (पूर्व प्राचार्य), गोविंद अग्रवाल, श्याम अग्रवाल सहित विभिन्न राज्यों और जनपदों से आए श्रद्धालु शामिल रहे।

नगर के प्रसिद्ध नाट्य निर्देशक पवन संगम ने कुशल संचालन किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष सुशील गुप्ता, उपाध्यक्ष राजू गुप्ता, महामंत्री उमंग कंसल तथा संयोजक सुनील अग्रवाल पचरंगी ने आए हुए अतिथियों और नागरिकों के प्रति आभार जताया।

# धामपुर में गणेश चतुर्थी महोत्सव का शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** नगर में गणेश चतुर्थी महोत्सव का शुभारंभ धूमधाम और धार्मिक उत्साह के साथ किया गया। भगवान गणेश की भव्य शोभायात्रा निकालकर विभिन्न स्थानों पर प्रतिमाओं की स्थापना की गई। गणपति बप्पा मोरया और मंगल मूर्ति मोरया के जयकारों से पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में गूंज उठा।

श्री गणेश मित्र मंडल मोहल्ला खातियान की ओर से आयोजित 9 दिवसीय श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव का शुभारंभ मुख्य बाजार से निकली शोभायात्रा से हुआ। शोभायात्रा में भगवान गणेश के भक्त पारंपरिक वेशभूषा में आकर्षण का केंद्र बने। आयोजन की सफलता में दीपक सिंघल सर्राफ, लक्ष्मीकांत अग्रवाल, संजय गुप्ता, विजयपाल सिंह, पंकज वर्मा एडवोकेट, रवि अग्रवाल, अनमोल मराठा, शंभू रस्तोगी, राजू जैन समेत बड़ी संख्या में सर्राफा व्यापारियों और श्रद्धालुओं का योगदान रहा।



श्री ठाकुरद्वारा बजरिया मंदिर में आयोजित 11 दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ समिति अध्यक्ष विभु प्रकाश बंसल, महामंत्री पवन अग्रवाल एडवोकेट और कोषाध्यक्ष अंबरीश अग्रवाल की देखरेख में सामूहिक पूजन से किया गया। कार्यक्रम का संयोजन नितिन अग्रवाल एडवोकेट के संरक्षण में हुआ।

वहीं अंकुर कांपलेक्स खारी कुआं रोड पर आयोजित सात दिवसीय गणेश चौथ महोत्सव का शुभारंभ शिव मंदिर पंजाबी कॉलोनी से शोभायात्रा निकाल कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन अंकुर गोयल ने किया, जबकि मुख्य यजमान की भूमिका समाजसेवी विकल गुप्ता व उनकी पत्नी मोनिका गुप्ता तथा राजीव माथुर व उनकी पत्नी गौरी माथुर ने निभाई। इसके अतिरिक्त बड़ी मंडी युवा व्यापार संगठन के तत्वावधान में भी 11 दिवसीय गणेश महोत्सव का शुभारंभ सामूहिक पूजन से हुआ।

अध्यक्ष अजय कुमार अग्रवाल पिंटू समेत संगठन के पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।

श्री राधा कृष्ण मंदिर चैरिटेबल ट्रस्ट, मोहल्ला गुजरातियान में आयोजित पांच दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ समिति अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा एडवोकेट के निर्देशन में हुआ। वहीं टीचर्स कॉलोनी स्थित देव मंदिर में भी 10 दिवसीय विघ्नहर्ता गणेश महोत्सव आरंभ हुआ।

इन सभी आयोजनों के साथ-साथ नगर के विभिन्न मोहल्लों और परिवारों में भी गणेश चतुर्थी उत्सव मनाया जा रहा है। श्रद्धालु बड़ी संख्या में गणपति बप्पा के जयकारों के बीच पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन में शामिल होकर धार्मिक माहौल को और अधिक उल्लासमय बना रहे हैं।

**सम्बन्ध-विच्छेद सूचना**

**मैं रीना पत्नी स्वर्गीय कुरडी** निवासी ग्राम सरसीना थाना नागल, तहसील देवबंद जनपद सहारनपुर अपने पुत्र **अभिषेक** व उसकी पत्नी **रेनू** को गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उनके किसी भी लेन-देन से मेरा कोई संबंध नहीं रहेगा और उनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कार्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# हजरत इमाम हुसैन ने इंसानियत की खातिर कुर्बानी दी: मौलाना सज्जाद

**हरसौली (मुजफ्फरनगर)।** गत दिवस ग्राम हरसौली में चेहलुम-शोहदा-ए कर्बला परंपरागत तरीके से आयोजित किया गया। इस दौरान मजलिस में तकरीर करते हुए मौलाना सैय्यद सज्जाद हुसैन रिजवी ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन की याद में चैहलुम मनाया जाता है। हजरत इमाम हुसैन ने इंसानियत बचाने को अपनी कुर्बानी दी थी। इस दौरान मजलिस से पहले तिलावते कुरआन हुई और मजलिस के बाद मुजफ्फरनगर व आसपास से आई हुई अन्जुमनों ने

## हरसौली में परंपरागत तरीके से मनाया गया चैहलुम

नौहाख्वानी कर सीनाजनी की। इस मौके पर प्रोग्राम को कामयाब बनाने में सदर मौ. अली, मुतवल्ली नजर अब्बास के अलावा हसीन अब्बास, दिलदार अब्बास, मौ. सलमान, मौ. हसन, मौ. साजिद, बाकिर शाहरूख, फर्ज हसन, हाजी शहजाद व तौसीन हैदर की खिदमत रही। इसके अलावा प्रोग्राम में मरसिया खा जिया मेहंदी, कैसर हुसैन एडवोकेट, वारिस अली,



सैय्यद रोनक अब्बास, ग्राम प्रधान तेजवीर सिंह व ओमवीर भगत जी मुख्य रूप से मौजूद रहे।



मौलाना सज्जाद तकरीर करते हुए तथा मौजूद लोग



# गिल-रोहित वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर

**● बल्लेबाजों की रैंकिंग में हेड एक स्थान उपर चढ़कर 11वें पर, मार्श चार पायदान पहुंचकर 44वें स्थान पर पहुंचे**



**दुबई, वार्ता।** आईसीसी पुरुष वनडे खिलाड़ी रैंकिंग की नवीनतम जारी सूची में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने बढ़त हासिल की है जबकि शुभमन गिल और रोहित शर्मा बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं।

हालांकि ऑस्ट्रेलिया को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू मैदान पर 2-1 से श्रृंखला हार का सामना करना पड़ा, लेकिन मैके में श्रृंखला के अंतिम मैच में शानदार जीत के बाद आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप विजेता टीम को नवीनतम रैंकिंग में बढ़त मिली। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 50 ओवरों के इस मुकाबले में 431/2 का विशाल स्कोर बनाया, जिसमें उनके तीन बल्लेबाजों ट्रैविस हेड (142), मिच मार्श (100) और कैमरन ग्रीन (नाबाद 118) ने शतक जड़े। परिणामस्वरूप, तीनों ने वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में अच्छी बढ़त हासिल की, जिसमें हेड एक स्थान ऊपर चढ़कर 11वें स्थान पर, मार्श चार पायदान ऊपर चढ़कर 44वें स्थान पर और ग्रीन 40 पायदान ऊपर चढ़कर 78वें स्थान पर पहुंच गए।

ऑस्ट्रेलियाई टीम के उनके साथी जोश इंगलिस ने भी वनडे बल्लेबाजों की सूची में जगह बनाई है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला के दूसरे मैच में 87 रनों की पारी की बदौलत यह दाएं हाथ का बल्लेबाज 23 स्थानों के सुधार के साथ 64वें स्थान पर पहुंच गया है। भारतीय जोड़ी शुभमन गिल (784 रेटिंग अंक) और रोहित शर्मा (756) वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं, जबकि पाकिस्तान के दाएं हाथ के बल्लेबाज बाबर आजम (739) शीर्ष तीन में शामिल हैं। वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर स्थिति और भी कड़ी है, दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच श्रृंखला समाप्त होने के बाद श्रीलंका के स्पिनर महेश दीक्षाना 671 रेटिंग अंकों के साथ साथी स्पिनर केशव महाराज के साथ शीर्ष पर हैं। महाराज ने सीरीज के आखिरी मैच में 57 रन देकर 1 विकेट चटकाने के बाद अपनी रैंकिंग खो दी है। उनकी रेटिंग दीक्षाना के बराबर हो गई है, जबकि श्रीलंकाई स्पिनर पूरे हफ्ते मैदान पर नहीं उतरे। गेंदबाजों की वनडे रैंकिंग में सबसे बड़ा उछाल लुंगी एनगिडी के जरिए आया। दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों में सीरीज में सबसे ज्यादा सात विकेट लेने के बाद छह स्थान की छलांग लगाकर 28वें स्थान पर पहुंच गए हैं। ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी सीन एबॉट (नौ स्थान की छलांग के साथ 48वें स्थान पर) और नाथन एलिस (21 स्थान की छलांग के साथ 65वें स्थान पर) ने भी प्रोटियाज के साथ सीरीज के दौरान कुछ अच्छे प्रदर्शन के बाद वनडे गेंदबाजों की सूची में जगह बनाई है।

# अहमदाबाद बनेगा 2030 राष्ट्रमंडल खेलों का दावेदार

**● कैबिनेट ने राष्ट्रमंडल खेल 2030 के लिए बोली प्रस्तुत करने की मंजूरी दी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रमंडल खेल 2030 के लिए बोली प्रस्तुत करने के युवा मामले एवं खेल मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। साथ ही मेजबानी सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर करने को भी मंजूरी दे दी। (एचसीए) से संबंधित मंत्रालयों, विभागों और प्राधिकरणों से आवश्यक गारंटी और बोली स्वीकार होने की स्थिति में गुजरात सरकार को आवश्यक अनुदान सहायता की मंजूरी भी ली जाएगी। 72 देशों के एथलीट राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लेंगे। इसमें बड़ी संख्या में एथलीट, कोच, तकनीकी अधिकारी, पर्यटक, मीडियाकर्मी आदि शामिल होंगे जो खेलों के दौरान भारत आएंगे, जिससे स्थानीय व्यवसायों को लाभ होगा और राजस्व प्राप्त होगा। अहमदाबाद एक आदर्श मेजबान शहर है जो विश्व स्तरीय स्टेडियम, अत्याधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएं और एक उत्साही खेल संस्कृति प्रदान करता है। दुनिया का सबसे बड़ा स्टेडियम, नरेंद्र मोदी स्टेडियम, 2023 आईसीसी क्रिकेट विश्व कप फाइनल की सफलतापूर्वक मेजबानी करके अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर चुका है। खेलों के अलावा, भारत में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी पर्यटन को बढ़ावा देने, रोजगार सृजन और लाखों युवा एथलीटों को प्रेरित करने जैसे स्थायी प्रभाव छोड़ेगी। इसके अलावा, खेल विज्ञान, कार्यक्रम संचालन और प्रबंधन, रसद और परिवहन समन्वयक, प्रसारण और मीडिया, आईटी और संचार, जनसंपर्क और संचार तथा अन्य क्षेत्रों में भी बड़ी संख्या में पेशेवरों को अवसर मिलेंगे। इस तरह के विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित आयोजन से राष्ट्रीय गौरव और एकता की भावना प्रबल होगी। यह एक साझा राष्ट्रीय अनुभव प्रदान करेगा और हमारे राष्ट्र का मनोबल बढ़ाएगा। यह एथलीटों की नई पीढ़ी को खेलों को एक करियर विकल्प के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करेगा और सभी स्तरों पर खेलों में अधिक से अधिक भागीदारी को प्रोत्साहित करेगा।

# कैरेबियन लीग में एक बाल पर बने 22 रन

**● नो, वाइड, फिर लगातार 2 नो बाल पर 2 सिक्स अगली बाल पर भी सिक्स**

**नई दिल्ली, वार्ता।** कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) में एक बाल पर 22 रन बने। मामला सेंट लूसिया ग्राउंड पर गयाना अमेजन वारियर्स और सेंट लूसिया किंग्स के बीच खेले गए मैच का है। टॉस जीतकर गयाना अमेजन वारियर्स पहले बैटिंग कर रही थी। रोमारियो शेफर्ड और इफ्तिखार अहमद क्रीज पर थे। 15वें ओवर की तीसरी गेंद पर 22 रन बने।

ओशाने थामस ने ओवर की तीसरी गेंद नो बाल डाली। इस पर बल्लेबाज और कोई रन नहीं बना सका। उन्होंने अगली गेंद वाइड डाली। फिर अगली दो गेंदें नो बाल डाली।

इन दोनों गेंदों पर बल्लेबाज शेफर्ड ने दो छक्के जड़ दिए। थामस ने अगली गेंद सही डाली। इस पर भी शेफर्ड ने छक्का जड़ दिया।

इस तरह तीसरी गेंद पर कुल 22 रन बन गए। इसकी डिटेल्स अगले ग्राफिक्स में देख सकते हैं। शेफर्ड ने 34 गेंदों में नाबाद 73 रन की पारी खेली। हालांकि, इस मैच को सेंट लूसिया किंग्स ने 4 विकेट से जीत लिया। टी-20 क्रिकेट में दो दफा एक बाल पर 13 रन बन चुके हैं। केरल प्रीमियर लीग- सैमसन ने लगातार 2 छक्के लगाए एक दिन पहले मंगलवार, 26 अगस्त 2025 को केरल क्रिकेट लीग में एक बाल पर 13 रन बने थे।

# ध्रुव कपिला-तनिषा क्रैस्टो दूसरे दौर में

**● भारतीय जोड़ी ने राउंड ऑफ 32 के 35 मिनट के मुकाबले में आयरलैंड के जोशुआ मैगी और मोया रयान को 21-11, 21-16 से हराया**



**पेरिस, वार्ता।** भारत की मिश्रित युगल जोड़ी ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो ने बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। भारतीय जोड़ी ने राउंड ऑफ 32 के 35 मिनट के मुकाबले में आयरलैंड के जोशुआ मैगी और मोया रयान को 21-11, 21-16 से हराया।

इस जीत के साथ, वे राउंड ऑफ 16 में पहुंच गए, जहां उनका अगला मुकाबला पांचवीं वरीयता प्राप्त हांगकांग चीन के तांग चुन मान और त्से यिंग सुएट की जोड़ी से होगा। इससे पहले दो बार की ओलम्पिक पदक विजेता पी वी सिंधु और 2023 के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय भी दूसरे दौर में पहुंच गए हैं। प्रणय ने राउंड ऑफ 64 के मुकाबले में फिनलैंड के जोआकिम ओल्डॉर्फ को 47 मिनट में 21-18, 21-15 से हराया। अब उनका सामना राउंड ऑफ 32 में डेनमार्क के एंडर्स एंटनसन से होगा। सिंधु ने अपने अभियान की शुरुआत मात्र 39 मिनट में 23-21, 21-6 से जीत के साथ की। शुरुआती गेम में कड़ी टक्कर देखने को मिली, स्कोर 21-21 से बराबर रहा, लेकिन सिंधु ने दो अंकों की बढ़त के साथ गेम अपने नाम कर लिया। 2019 की महिला एकल चैंपियन ने दूसरे गेम में शानदार प्रदर्शन करते हुए 15 अंकों के अंतर से मैच अपने नाम कर लिया। सिंधु का अगला मुकाबला राउंड ऑफ 32 में मलेशिया की करुपाथेवन लेत्शाना से होगा। मिश्रित युगल में, रोहन कपूर और रुथविका शिवानी गड्डे ने अपने पहले राउंड ऑफ 64 मैच में शानदार प्रदर्शन किया।

# अफगानिस्तान ने जॉन मूनी को फील्डिंग कोच बनाया

**● जॉन मूनी छह साल के अंतराल के बाद अफगानिस्तान की राष्ट्रीय टीम वापसी कर रहे है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** आयरलैंड के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी जॉन मूनी छह साल के अंतराल के बाद अफगानिस्तान की राष्ट्रीय टीम में वापसी कर रहे हैं। बुधवार को, एसीबी ने घोषणा की कि मूनी को उनकी राष्ट्रीय टीम का नया फील्डिंग कोच नियुक्त किया गया है।

मूनी, जिन्होंने 2018 से 2019 तक अफगानिस्तान के साथ काम किया था, को शेन मैकडरमॉट के जाने के बाद यह पद खाली होने पर नियुक्त किया गया था। मैकडरमॉट वर्तमान में पाकिस्तान की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के फील्डिंग कोच के रूप में मार्गदर्शन कर रहे हैं। मूनी ने 91 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में आयरलैंड का प्रतिनिधित्व किया है, जिसमें 2007, 2011 और 2015 के तीन आईसीसी क्रिकेट विश्व कप और दो आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप शामिल हैं।

नके पास इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड से लेवल 3, 2 और 1 कोलचग सर्टिफिकेट हैं। अफगानिस्तान के साथ काम करने के अलावा, मूनी ने 2019 में वेस्टइंडीज के साथ और इस साल जनवरी से आयरलैंड की महिला टीम के साथ भी काम किया है।

एसीबी ने ऑस्ट्रेलिया के निर्मलन थानाबालासिंगम को अपना नया फिजियोथेरेपिस्ट भी नियुक्त किया है।

खेल विशेष

## विश्व चीन की महिलाओं का जलवा, मेजबान फ्रांस ने दर्शकों को रोमांचित किया

**पेरिस, वार्ता।** बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के दूसरे मैच के दिन मंगलवार को एडिडास एरिना में चीन की महिलाओं ने अगले दौर में प्रवेश किया, जबकि फ्रांस ने अपने घरेलू दर्शकों को रोमांचक मुकाबलों से रोमांचित किया। महिला एकल में, चीन की गहराई पूरी तरह से देखने को मिली। दूसरी वरीयता प्राप्त वांग झीयी ने हंगरी की एग्नेस कोरोसी को केवल 26 मिनट में 21-5, 21-4 से हरा दिया। तीसरी वरीयता प्राप्त हान यू ने भी ऐसा ही किया, उन्होंने चीनी ताइपे की चिउ पिन-चियान को सीधे गेमों में आसानी से हरा दिया, जबकि गाओ फांगजी ने मलेशिया की गोह जिन वेई को इसी अंतर से हराया।

## घरेलू हीरो शुभंकर शर्मा डीपी वर्ल्ड इंडिया चैंपियनशिप में वैश्विक सितारों के साथ शामिल होंगे

**नई दिल्ली, वार्ता।** दो बार के डीपी वर्ल्ड टूर विजेता शुभंकर शर्मा 40 लाख डॉलर की डीपी वर्ल्ड इंडिया चैंपियनशिप में वैश्विक सितारों रोरी मैक्लॉय और टॉमी फ्लीटवुड के साथ घरेलू टीम की अगुवाई करेंगे। यह चैंपियनशिप 16-19 अक्टूबर तक दिल्ली गोल्फ क्लब में आयोजित होगी। शर्मा, जिन्होंने हाल ही में 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करके अपने करियर का एक शानदार प्रदर्शन किया, दिसंबर 2017 में सिर्फ 21 साल की उम्र में जोबर्ग ओपन का खिताब जीतकर डीपी वर्ल्ड टूर जीतने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय खिलाड़ी बन गए। उन्होंने दो महीने बाद मेबैंक चैंपियनशिप जीतने के लिए 62 का शानदार फाइनल राउंड बनाकर दूसरी ट्रॉफी जीती।

# राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप में भारत ने तीन रजत पदक जीते

**● बिंद्यारानी, मुथुपंडी और स्नेहा उपविजेता रही जबकि कोयल बार ने सुर्खिया बंटोरी**

**नई दिल्ली/अहमदाबाद, वार्ता।** भारत ने राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2025 के दूसरे दिन तीन रजत पदक जीते। बिंद्यारानी देवी, मुथुपंडी राजा और स्नेहा सोरेन उपविजेता रहीं, जबकि 17 वर्षीय कोयल बार ने युवा विश्व रिकॉर्ड बनाकर सुर्खियाँ बटोरीं। ओलंपिक्स डॉट कॉम द्वारा जारी बयान के अनुसार, भारत की बिंद्यारानी देवी, मुथुपंडी राजा और स्नेहा सोरेन ने कल अहमदाबाद में आयोजित राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2025 में रजत पदक जीते, जबकि 17 वर्षीय कोयल बार ने युवा विश्व रिकॉर्ड बनाकर सुर्खियाँ बटोरीं। बंद्यारानी देवी ने महिलाओं के 58 किलोग्राम भार वर्ग में कुल 206 किलोग्राम भार उठाकर रजत पदक जीता। बयान में कहा गया है, ष्उन्होंने स्नैच में 85 किग्रा, 88 किग्रा और 91 किग्रा भार उठाया और क्लीन एंड जर्क में 110 किग्रा और 115 किग्रा भार उठाकर 122 किग्रा का अंतिम प्रयास विफल कर दिया। ऑस्ट्रेलिया की कियाना इलियट ने 212 किग्रा (100 किग्रा, 112 किग्रा) के साथ स्वर्ण पदक जीता। बिंद्यारानी देवी ने बर्मिंघम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में 55 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता था। वह पूर्व राष्ट्रमंडल चैंपियन हैं, जिन्होंने 2019 में स्वर्ण और 2021 में रजत पदक जीता था। पुरुषों के 65 किग्रा वर्ग में, मुथुपंडी राजा 296 किग्रा (128 किग्रा 168 किग्रा) के साथ स्वर्ण पदक के बेहद करीब पहुंच गए, जो मलेशिया के मुहम्मद अजनिल बिन बिदिन से बस थोड़ा पीछे थे, जिन्होंने 297 किग्रा (125 किग्रा 172 किग्रा) भार उठाया था। पापुआ न्यू गिनी के मोरिया बारू ने 292 किग्रा (127 किग्रा, 165 किग्रा) के साथ कांस्य पदक जीता। हालांकि, 17 वर्षीय कोयल बार ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। यह दिन कोयल बार के नाम भी रहा, जिन्होंने महिलाओं के 53 किग्रा युवा वर्ग में कुल 192 किग्रा (85 किग्रा, 107 किग्रा) वजन उठाकर प्रभावित किया और कुल और क्लीन एंड जर्क में नए युवा विश्व रिकॉर्ड बनाए। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि सीनियर महिलाओं के 53 किग्रा वर्ग में, नाइजीरिया की ओमोलोला ओनोमे दीदीह ने 197 किग्रा (90 किग्रा, 107 किग्रा) वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि भारत की स्नेहा सोरेन ने 185 किग्रा (81 किग्रा, 104 किग्रा) वजन उठाकर रजत पदक जीता।

## पंजाब एफसी के छह खिलाड़ियों को विभिन्न आयु वर्गों में भारतीय टीम में शामिल किया गया

**नई दिल्ली, वार्ता।** राउंडग्लास और पंजाब एफसी के जमीनी स्तर से लेकर भारतीय फुटबॉल के उच्चतम स्तर तक के रास्ते बनाने के दृष्टिकोण को एक और शानदार समर्थन मिला है, क्योंकि इसके छह खिलाड़ियों को विभिन्न आयु वर्गों में राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है। यह चयन न केवल क्लब के लिए, बल्कि युवा विकास और समग्र विकास के उस दर्शन के लिए भी गौरव की बात है जिसने हाल के वर्षों में राउंडग्लास को परिभाषित किया है। इसमें निखिल प्रभु और मुहम्मद उवैस अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं, जिन्हें सीएएफए नेशंस कप 2025 के लिए भारतीय सीनियर टीम में चुना गया है। निखिल के लिए, यह चयन गुजरात से शीर्ष स्तर तक की वर्षों की निरंतर प्रगति का पुरस्कार है।

# सिनर, स्वियाटेक, कोको और नाओमी ओसाका ने अपने-अपने मुकाबले जीते

**● पुरुष वर्ग में शीर्ष वरियता प्राप्त सिनर ने चेक गणराज्य के विटकोप्रिवा को मात्र 98 मिनट में हरा दिया**

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** 2025 यूएस ओपन एकल स्पर्धाओं का पहला दौर मंगलवार को संपन्न हुआ, जिसमें गत विजेता जैनिक सिनर के साथ-साथ शीर्ष दावेदार इगा स्वियाटेक, कोको गॉफ और नाओमी ओसाका ने भी शानदार जीत दर्ज की।

पुरुष वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त सिनर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चेक गणराज्य के विट कोप्रिवा को मात्र 98 मिनट में 6-1, 6-1, 6-2 से हरा दिया। सिनर ने कहा कि यहां वापस आकर बहुत अच्छा लग रहा है। यह एक बहुत ही खास टूर्नामेंट है। तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने भी चिली के एलेजांद्रो ताबिलो के खिलाफ सीधे सेटों में 6-2, 7-6(4), 6-4 से जीत हासिल की। महिला वर्ग में, चैंपियन खिलाड़ियों ने पूरी ताकत से प्रदर्शन किया। स्वियाटेक ने कोलंबिया की एमिलियाना अरांगो को 6-1, 6-2 से हराकर डब्ल्यूटीए एकल के पहले मैच में अपनी लगातार 65वीं जीत दर्ज की - जो ओपन युग में एक नया रिकॉर्ड है। दो बार की यूएस ओपन चैंपियन ओसाका को 2022 के बाद पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम में वरीयता दी गई थी, और उन्होंने बेल्जियम की ग्रीट मिनेन पर 6-3, 6-4 से जीत हासिल की। गॉफ के लिए सबसे बड़ी चुनौती थी। 2023 यूएस ओपन चैंपियन ने लगभग तीन घंटे तक संघर्ष किया और अंततः अजला टोमलजानोविक को 6-4, 6-7(2), 7-5 से हराया। गॉफ, जो अपनी सर्विस की समस्या को दूर करने की को. शिश कर रही हैं, ने 10 डबल फॉल्ट किए, लेकिन महत्वपूर्ण क्षणों में संयम बनाए रखा। उन्होंने कहा कि आज का प्रदर्शन उतना अच्छा नहीं था, लेकिन अंतिम गेम में जब जरूरी था, तब उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया। चीनी स्टार वांग शिन्यू ने अमे. रिकी प्रतिद्वंद्वी कैरोलिन डोलेहाइड के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए 2-6, 6-4, 6-2 से जीत हासिल की और दूसरे दौर में प्रवेश किया। धीमी शुरुआत के बावजूद, वांग ने अपनी रणनीति में बदलाव किया और सरल तथा अधिक निर्णायक खेल से सफलता पाई। वांग ने कहा कि यह एक बहुत ही कठिन मुकाबला था। पहले सेट में मेरा पहला सर्व प्रतिशत कम था। उसके बाद, मैंने धीरे-धीरे खुद को ढाला और अपनी सोच को स्पष्ट किया।

# अलेक्जेंडर ज्वेरेव की आत्मविश्वास से भरी शुरुआत

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** जर्मनी के विश्व नंबर 4 अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने देर से शुरुआत से उबरते हुए संयमित प्रदर्शन करते हुए आर्थर ऐश स्टेडियम में चिली के एलेजांद्रो ताबिलो को 6-2, 7-6(4), 6-4 से हराकर 2025 यूएस ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश किया। 28 वर्षीय ज्वेरेव को अपने पहले दौर के मैच में जीत हासिल करने के लिए लगभग ढाई घंटे लगे, जो टूर्नामेंट के पहले रविवार के मैच का हिस्सा था।

2020 यूएस ओपन के फाइनलिस्ट ने शुरुआती गेम में सर्विस तोड़ी और पहले सेट में दबदबा बनाया, लेकिन दूसरे सेट में उन्हें ताबिलो की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा, उन्होंने 5-6 के स्कोर पर एक सेट पॉइंट बचाया और फिर टाईब्रेक में नियंत्रण हासिल कर लिया। उन्होंने तीसरे सेट के निर्णायक दसवें गेम में फिर से सर्विस तोड़ी और मुकाबला जीत लिया। ज्वेरेव ने जीत के बाद कहा कि ईमानदारी से कहूं तो कई बार यह बहुत अच्छा नहीं था, लेकिन आप जानते हैं, मैं आगे बढ़ चुका हूँ, मैंने सीधे सेटों में जीत हासिल की, यही सबसे महत्वपूर्ण बात है। अभी बहुत कुछ बनाना बाकी है, बहुत कुछ सुधारना बाकी है। इस नतीजे ने ज्वेरेव को नौवीं बार यूएस ओपन के दूसरे दौर में पहुंचा दिया, जिससे फ्ललशग मीडोज में शुरुआती दौर के मैचों में उनका रिकॉर्ड 9-1 हो गया। इस जीत ने उन्हें जुलाई में लवबलडन में पहले दौर में मिली हार से उबरने में भी मदद की, जिससे मॉन्ट्रियल और सिनसिनाटी में सेमीफाइनल तक पहुंचने सहित उनके उत्तरी अमे. रिकी हार्ड-कोर्ट प्रदर्शन में और सुधार हुआ।

# आर अश्विन ने आईपीएल से लिया संन्यास

**अनुभवी स्पिन गेंदबाज अश्विन ने एक्स पर अपने फैसले की घोषणा की और फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलने का संकेत दिया**



**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने अपने आईपीएल करियर को अलविदा कह दिया है। इस अनुभवी स्पिन गेंदबाज ने एक्स पर अपने फैसले की घोषणा की और दुनिया भर में फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलने का संकेत दिया। अश्विन ने एक्स पर पोस्ट किया, ष्कहते हैं कि हर अंत की एक नई शुरुआत होती है।

एक आईपीएल क्रिकेटर के रूप में मेरा समय आज समाप्त हो रहा है, लेकिन विभिन्न लीगों में खेल के एक अन्वेषक के रूप में मेरा समय आज से शुरू हो रहा है। चेन्नई सुपर किंग्स द्वारा 9.75 करोड़ रुपये में खरीदे जाने के बाद अश्विन की इस साल शानदार वापसी हुई। लेकिन उनका सीजन निराशाजनक रहा, उन्होंने केवल नौ मैच खेले और सात विकेट लिए। इस महीने की शुरुआत में, क्रिकबज ने बताया था कि अश्विन और सीएसके अलग होने वाले हैं। 38 वर्षीय ऑफ स्पिनर, जिन्होंने 2009 में सीएसके के साथ लीग में पदार्पण किया था, ने कई फ्रेंचाइजी के लिए 221 मैचों में 187 विकेट लिए। वह आईपीएल में पांचवें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, उन्होंने 18 में से 16 सीजन में हिस्सा लिया। अश्विन 2010 और 2011 में सीएसके की खिताबी जीत का अहम हिस्सा थे, उन्होंने क्रमशः 13 और 20 विकेट लिए थे। 2010 में, अश्विन सीएसके की चैंपियंस लीग टी-20 जीत में प्लेयर ऑफ द सीरीज भी रहे थे। अगले साल के आईपीएल फाइनल में, उन्होंने पहला ओवर फेंका और सीएसके के 205/5 के लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी के क्रिस गेल को शून्य पर आउट कर दिया। उन्होंने 2014 में सीएसके के साथ दूसरी चैंपियंस लीग टी-20 ट्रॉफी जीती। अपनी घरेलू फ्रेंच. इजी में लंबे सफल कार्यकाल के बाद, अश्विन ने अब बंद हो चुकी राइलजग पुणे सुपरजायंट्स, पंजाब किंग्स (जिसके वे कप्तान थे), दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के लिए खेला। 2009 में अपने पदार्पण से लेकर 2015 सीजन तक, अश्विन ने सीएसके के लिए खेला और कुल 90 विकेट लिए। 2016 में, जब सीएसके पर प्रतिबंध लगा, तो उन्होंने आरपीएस के लिए खेला, वह भी एमएस धोनी की कप्तानी में। इसके बाद चोट के कारण वह 2017 सीजन में नहीं खेल पाए। 2018 में, पंजाब किंग्स ने राजस्थान रॉयल्स को हराकर उन्हें 7.60 करोड़ रुपये में अपनी टीम में शामिल कर लिया और उन्हें कप्तानी सौंप दी। इन दोनों सीजन में 25 विकेट लेने के बावजूद, पंजाब की किस्मत नहीं बदली और वे दोनों ही मौकों पर शीर्ष चार से बाहर रहे। 2020 सीजन से पहले, उन्हें दिल्ली कैपिटल्स में ट्रेड कर दिया गया, जहां उन्होंने दो साल तक खेला। 2022 की मेगा नीलामी में, राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें 5 करोड़ रुपये में खरीदा, जहां उन्होंने युजवेंद्र चहल के साथ मिलकर एक घातक स्पिन आक्रमण तैयार किया। आरआर में पहले दो सीजन में उन्होंने 12 और 14 विकेट लिए, लेकिन 2024 में उनके प्रदर्शन में थोड़ी गिरावट आई (8.49 की इकॉनमी रेट से 9 विकेट)। फिर आरआर ने उन्हें रिलीज कर दिया और सीएसके ने उन्हें बड़ी रकम में खरीद लिया। बीसीसीआई भारतीय अंतर्राष्ट्रीय या घरेलू क्रिकेट के किसी भी मौजूदा खिलाड़ी को अन्य टी-20 लीगों में खेलने की इजाजत नहीं देता है।

# खाताखेड़ी की गली-गली घूमे नगर आयुक्त

## पार्षदों व क्षेत्रवासियों ने मुख्यमार्ग सहित विभिन्न समस्याओं से कराया अवगत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने आज दोपहर में निगम अधिकारियों के साथ खात्ताखेड़ी क्षेत्र में दो किलोमीटर तक पैदल गली-गली घूमकर निरीक्षण किया। उन्होंने मुख्यमार्ग के निर्माण, गली नंबर 11 की स्थिति, निगम की खाली पड़ी भूमि तथा नवनिर्मित शौचालय आदि के संबंध में अधिकारियों से मौके पर ही जानकारी ली।

नगरायुक्त शिपू गिरी निगम के अधिशासी अभियंता जल व पथ प्रकाश प्रभारी वी बी सिंह व सम्पत्ति प्रभारी सुधीर शर्मा के साथ आज दोपहर खत्ताखेड़ी पहुंचे। उन्होंने वार्ड 56 खत्ताखेड़ी के पार्षद प्रतिनिधि भूरा मलिक, वार्ड 36 के पार्षद प्रतिनिधि डॉ.एहतेशाम व वार्ड 60 के पार्षद प्रवेज मलिक तथा क्षेत्र के लोगों के साथ मुख्यमार्ग का पैदल घूमकर निरीक्षण किया। पार्षद प्रतिनिधि भूरा मलिक ने मुख्य मार्ग के अलावा काफी समय से निर्मित सार्वजनिक शौचालय को चालू न किये जाने तथा गली नंबर 11 की कच्ची अवस्था से नगरायुक्त को अवगत



कराते हुए बताया कि स्कूल की छात्राओं को बारिश की अवस्था में कीचड़ भरी गली से गुजरना पड़ता है। उन्होंने निगम की खाली पड़ी पार्क की जमीन की चारदीवारी कराने की भी मांग की। नगरायुक्त ने सड़क निर्माण के संबंध में अधिकारियों को आकलन कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

नगरायुक्त ने पूर्व में निगम के स्वामित्व में रही ( अब दूरसंचार के पास) भूमि के संबंध में भी जानकारी मांगी जिस पर सम्पत्ति प्रभारी सुधीर शर्मा व लेखपाल ने मौके पर ही जानक. ारी दी। जिस पर नगरायुक्त ने पत्रावली ई-ऑफिस पर भेजने के निर्देश दिए। वार्ड 36 के पार्षद प्रतिनिधि डॉ. अहतेशाम तथा वार्ड 60 के पार्षद प्रवेज मलिक ने भी खत्ताखेड़ी के अंतर्गत आने वाले अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराते हुए उनके शीघ्र समाधान की मांग की। क्षेत्र के पार्षद प्रतिनिधियों व क्षेत्रवासियों ने नगरायुक्त को मुख्य मार्ग के निर्माण के लिए नगरायुक्त को एक ज्ञापन भी दिया। इस दौरान उक्त के अलावा क्षेत्र के नफीस मलिक, महफूज मलिक, सरफराज खां, मुजम्मिल मलिक, फरमान, सलमान अहमद, खालिक व सलीम राव आदि मौजूद रहे।

# खेल दिवस के रूप में मनेगा मेजर ध्यानचंद का जन्मदिवस: चौ.नीरपाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लो. कदल खेलकूद प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ.नीरपाल सिंह ने कहा कि हॉकी के जादूगर दादा मेजर ध्यानचंद का जन्मदिवस 29 अगस्त को खेल दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

चौ.नीरपाल सिंह ने यह बात हकीकत नगर कैंप कार्यालय पर आयोजित बैठक में कही। उन्होंने कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सदस्यता अभियान में ओर तेजी लाई जाए ओर पार्टी के सभी कार्यकर्ता आने वाले पंचायत चुनाव की तैयारी में जुटे। खेल दिवस पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल हमारे नेता केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के नेतृत्व में मजबूती से चुनाव लड़ेगी ।आप लोग तैयारी करो, इस बार राष्ट्रीय लोकदल पंचायत चुनाव में परचम लहराएगा।

जिलाध्यक्ष रिंकू सोनकर व महानगर अध्यक्ष अरविंद मलिक ने कहा कि हम सभी को मिलकर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की विचार धारा को आगे बढ़ाना है।

इस अवसर पर तरुण कुमार, रवि कुमार सेठी, उपेंद्र शर्मा, आरिफ मलिक, रवि वाल्मीकि, रामबलराम उपस्थित रहे।

# सरफराज कुरैशी को बनाया नगराध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** ऑल इंडिया जमीअतुल कुरैश ने सरफराज कुरैशी पुत्र मतलूब को नकुड़ नगर अध्यक्ष नियुक्त किया है।

प्रदेश कार्यालय से जारी नियुक्ति पत्र में कहा गया कि सरफराज कुरैशी संगठन की नीतियों एवं उद्देश्यों को जन जन तक पहुंचाने और समाज की एकजुटता को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएंगे। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. हाजी यूसुफ कुरैशी, प्रदेश महासचिव चौधरी शादाब कुरैशी व जिला अध्यक्ष इमरान कुरैशी ने विश्वास जताया कि वह अपनी योग्यता व निष्ठा से कुरैशी समाज के उत्थान में योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य आपसी भाईचारे को बढ़ावा देना, शिक्षा के क्षेत्र में जागरूकता फैलाना और जरूरतमंदों की मदद करना है। सरफराज कुरैशी की नियुक्ति पर सभासद जुनैद असगर, आमिर कुरैशी (सभासद पति), दिलशाद कुरैशी, अरशद कुरैशी, हाजी याकूब कुरैशी, आजाद कुरैशी, बिलाल कुरैशी, असगर कुरैशी, राशिद कुरैशी सहित क्षेत्रवासियों ने शुभकामनाएं दीं।

# पर्युषण पर्व की तैयारियां शुरू

**नकुड़।** जैन समाज के धर्मालंबियों का पर्युषण पर्व (दशलक्षण पर्व) 28 अगस्त से शुरू होगा। श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में तैयारियां शुरू हो गई हैं।

दशलक्षण पर्व आत्मशुद्धि और दस धर्मोंख्रक्षमा, मार्दव, आर्जव, सत्य, शौच, संयम, तप, त्याग, आकिंचन्य और ब्रह्मचर्यख्रके पालन का पर्व है। यह भादपद्र शुक्ल पंचमी से चतुर्दशी तक चलता है, जिसमें उपवास, तपस्या और धार्मिक अनुष्ठानों के माध्यम से आत्मा की उन्नति और मोक्ष की साधना की जाती है। जैन समाज के अध्यक्ष संदीप जैन एडवोकेट, महामंत्री आलोक जैन, कोषाध्यक्ष राजेश जैन राजू और पंकज जैन ने बताया कि पर्व का आयोजन नगर के श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर एवं चंद्रप्रभु चैतालय में विधि-विधान के साथ होगा।

# विधायक निम ने प्रदान किए नियुक्ति पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उ.प्र. अधीनस्थ चयन सेवा आयोग से चयनित महिला अभ्यर्थियों को आईसीडीएस विभाग के अन्तर्गत अपनी सेवाएं प्रदान करने के लिए भाजपा विधायक देवेंद्र निम ने नियुक्ति पत्र प्रदान किए गये।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग में मुख्य सेविका के पद पर चयनित 2425 महिला अभ्यर्थियों एवं महिला कल्याण विभाग में चयनित 15 फार्मासिस्ट को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस कार्यकम का लोकभवन से सीधा प्रसारण हुआ जिसका कलक्ट्रेट सभागार में लाईव प्रसारण देखा गया। कार्यक्रम में अतिथिगण द्वारा जनपद सहारनपुर की 35 महिला अभ्यर्थी



मुख्य सेविका पद पर चयनित महिला अभ्यर्थियों को विधायक देवेंद्र निम ने नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर विधायक श्री निम ने आईसीडीएस विभाग की ओर से नव-नियुक्त मुख्य सेविकाओं को ईमानदारी, निष्ठा एवं सेवा भाव से कार्य करने के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि कि सरकार द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया द्वारा भर्ती पूर्ण की जा रही है। मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन ने कहा कि बाल विकास विभाग में नये एवं योग्य महिलाओं की नियुक्ति के उपरान्त विभाग की योजनाएं सही ढंग से क्रियान्वित होंगी। कार्यक्रम में जिला कार्यकम अधिकारी दुर्गेश प्रताप सिंह, सीडीपीओ रामपुर मनिहारान डॉ. पंकज कुमार, सीडीपीओ शहर श्री रचित गोयल सहित अन्य समस्त विकास खण्डों से प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी, विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रेमिका के दूसरे प्रेमी को पीट युवक उसकी बाइक लेकर फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** अपनी प्रेमिका से मिलने आए एक प्रेमी युवक की युवती के दूसरे प्रेमी युवक ने मौके पर पहुंच कर पहले प्रेमी की पिटाई कर डाली और उसकी बाइक को लेकर रफूचक्कर हो गया। मामला थाने में पंहुचने से परिजनों ने लोकलाज के मारे रफा दफा कर दिया।

सहारनपुर निवासी एक युवती थाना क्षेत्र के एक गांव में अपनी रिश्तेदारी मे रहकर कस्बे के एक स्कूल में पढ़ाई कर रही है। बुधवार दोपहर करीब दो बजे युवती ने अपने सहारनपुर निवासी प्रेमी को मिलने के लिए कस्बे के बस स्टैंड के बिजली घर के निकट बुला लिया । उसके दूसरे सजातीय प्रेमी युवक को इसकी भनक लग गयी और वह भी मौके पर पहुंच गया। अपनी प्रेमिका के साथ अन्य युवक को बातें करता देख उसने पूर्व प्रेमी को गाली-गलौच कर मारपीट पर उतर आया। युवती द्वारा बीच बचाव करने पर मामला शांत होने के बाद वर्तमान प्रेमी युवक सहारनपुर से मिलने आए प्रेमी युवक की बाइक लेकर रफू चक्कर हो गया। प्रेमिका ने मामले की सूचना पुलिस आपातकालीन सेवा 112 को दी तो वह मौके पर पहुंची और घटना की बाबत जानकारी ली ।बताया जा रहा है कि बाद मे बाइक लेकर रफू चक्कर हुआ प्रेमी युवक भी थाने पहुंच गया। मामला सजातीय होने के कारण आपसी सहमति के बाद निपटा लिया गया।

# शिविर में कर्मचारियों ने किया 42 यूनिट रक्तदान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी एसोशिएशन से सम्बद्ध राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ एवं भारतीय मजदूर संघ के स्वर्णिम 70 वर्ष पूर्ण होने तथा पुरानी पेन्शन बहाली के समर्थन आज रक्तदान शि. विर लगाया गया। जिसमें 42 यूनिट रक्तदान किया गया।

सिचाई विभाग परिसर स्थित जू. इंजी. संघ भवन में शिविर का उदघाटन अधीक्षण अभियंता ने किया। जिसके बाद उन्होंने अधिशासी अभियंता रामबाबू के साथ दीप प्रज्ज्वलित किया। अधीक्षण अभियन्ता चन्द्र भान यादव ने कहा कि रक्तदान एक महान कार्य है और इससे राष्ट्र के प्रति भावना का विकास होता है। अधिशासी अभियन्ता राम बाबू ने कहा कि रक्तदान महान कार्य



है और उ. प्र.राज्य कर्मचारी एसो. शिएशन के पदाधिकारी एव सदस्य राष्ट्रहित के कार्य कर रहे है जो कि बधाई के पात्र है।

राज्य कर्मचारी एसोशिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष पश्चिम क्षेत्र प्रभारी धर्मेन्द्र धवलहार तथा सहारनपुर एवं मेरठ मंडल प्रभारी तरुण भोला ने बताया की 23 जोलाई को भारतीय मजदूर संघ ने अपने स्वर्णिम 70 वर्ष पूर्ण कर लिए है तथा पिछले 35 वर्षो से भारतीय मजदूर संघ देश में नंबर एक की पोजीशन में हैं। इकाई मंत्री मनोज सैनी, रूपेश कुमार,सौरभ गौतम और सरंक्षक राजेश कुमार ने भी विचार रखे।

रक्तदान करने वालों में मणिक पाल, आनंद त्यागी जिला मंत्री, प्रदीप सैनी, भूपेंद्र कुमार, मनोज सैनी, सुंदर लाल, दीपक कुमार, अनिल कुमार, संजय कुमार, दुष्यंत बेदी, टिंकू धारीवाल, मोनू कुमार, संजय कुमार, लक्ष्य गौड़, योगेन्द्र कुमार, मुकेश चावला, आनंद बिरला आदि मुख्य रूप से शामिल रहे।

# अदालत से गैर हाजिर चल रहे तीन लोग पकड़े

■ थाना बेहट पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में किया पेश

**बेहट।** अदालत से गैर हाजिर चल रहे तीन लोगों को पुलिस ने अलग-अलग जगह से पकड़ कर गिरफ्तार किया है पुलिस ने पकड़े गए सभी आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

कोतवाली क्षेत्र के तीन अभियुक्त अदालत से गैर हाजिर चल रहे थे,जिन्हें पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया है। गस्त के दौरान पुलिस को मुखबिर के द्वारा सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति जो अदालत से गैर हाजिर चल रहा है वह कहीं जा रहा है पुलिस ने मुखबिर के बताते गये हुलिए पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया जिसने अपना नाम गफ्फार पुत्र नुर हसन निवासी ग्राम जसमौर थाना बेहट बताया यह। पोक्सो एक्ट में अदालत से गैर हाजिर चल रहा था। इस्लाम पुत्र मुस्ताक निवासी ग्राम मीर गढ़ थाना बेहट को पकड़ा है जो गुंडा एक्ट मे अदालत से गैर हाजिर चल रहा था। अभियुक्त सुधीर पुत्र वसंत धीमर निवासी ग्राम बाबैल बुजुर्ग थाना बेहट को विद्युत चोरी में वांछित को गिरफ्तार करके सक्षम न्यायालय में पेश किया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी ने बताया कि उपरोक्त तीनों अभियुक्त न्यायालय से गैर हाजिर चल रहे थे।

# ज्ञापन सौंप समस्या निस्तारण की मांग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति ने आज खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के निस्तारण की मांग की।

प्रदेश प्रभारी रविंद्र त्यागी के नेतृत्व में ब्लाक बलियाखेडी पहुंचे किसानों ने ज्ञापन देकर ग्राम कोटा, सिडकी व उमाही की समस्याओं की ओर ध्यान दिलाया। जिसमें गांव कोटा में बस स्टैंड से गांव की ओर जाने वाली जीर्णशीर्ण सडक को बनवाये जाने, मुख्य मार्ग पर स्ट्रीट लाइट लगवाने, पीर के स्थान पर फैली गंदगी को हटाने, गांव सिडकी में पिछले दो वर्षो से बंद पडी सभी स्ट्रीट लाईट को चालू कराने, सफाई व्यवसथा दुरूस्त कराने, ब्लाक बलियाखेडी के अंतर्गत पडने वाले सभी गांवों के तालाबों की सफाई कराने तथा सभी धार्मिक स्थलों के पास स्ट्रीट लाइट व पेयजल की वयवस्था कराने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में डा.सर्वेश शर्मा, मौ.साजिद अंसारी, सुल्तान, प्रदीप, रवि राणा, सुनीता, योगेश प्रजापति, वीरूपाल, सौरभ शर्मा, बिलाल, अमित पाल, डा.सोयब अंसारी आदि शामिल रहे।

# कान्हा गौशाला के उत्पादों की देशभर में धूम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम द्वारा संचालित मां शाकंभरी कान्हा उपवन गौशाला के उत्पादों का जादू आम लोगों पर ही नहीं देश-प्रदेश के दूसरों नगर निगमों के सर भी चढ़ कर बोल रहा है। कान्हा गौशाला के उत्पादों की देशभर में मची धूम का ही परिणाम रहा कि आज नगर निगम गाजियाबाद के नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक खुद अपने अफसरों की टीम के साथ कान्हा उपवन गौशाला पहुंचे और निगम के पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्र से गोमय उत्पादों की बारीकी से जानकारी लेते हुए उनके बनने की प्रक्रिया देखी।

उल्लेखनीय है कि नगर निगम की कान्हा उपवन गौशाला में प्राकृतिक गोबर पेंट, गोनाइल दिए, बंदनवार, राखी, वर्मी कम्पोस्ट,



मूर्तिया व कलाकृतियां, धूप बत्ती, हवनकप, बायोगैस और जैविक खाद सहित 26 उत्पाद तैयार किये जा रहे हैं जो आईएसओ प्रमाणित हैं। जिनके लिए कान्हा गौशाला विश्व रिकॉर्ड से सम्मानित हो चुकी है। इसके अलावा निगम गौशाला को स्मार्ट इण्डिया एक्सपो में भी पूरे देश में गोबर पेंट के लिए प्रथम पुरस्कार प्राप्त हो चुका है। गौशाला के उत्पाद देश के नौ राज्यों में ऑन लाइन विक्रय किये जा रहे हैं।

नगर निगम गाजियाबाद के नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक भी कान्हा उपवन गौशाला सहारनपुर की उपलब्धियां सुनकर अपने आप को रोक नहीं पाये और अपने चीफ इंजीनियर निर्माण एन के चौधरी, उपमुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ. अनुज कुमार सिंह सहित गाजियाबाद निगम के अफसरों को साथ लेकर निगम की कान्हा गौशाला पहुंचे और गोबर गैस संयंत्र, गोबर पेंट यूनिट, गोनाइल यूनिट, वर्मी कम्पोस्ट यूनिट व गोबर से निर्मित की जा रही कलाकृतियां देखी और हर्ष व्यक्त करते हुए उनके सम्बंध में निगम के पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्र से विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने गोबर पेंट व गैस संयंत्र को गाजियाबाद नगर निगम गौशाला में स्थापित करने की संभावनाओं पर अपने अधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया।

# शिविर में 180 लोगों की जांच

**गंगोह।** शोभित विश्वविद्यालय के कुंवर शेखर विजेंद्र आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर द्वारा गांव ताताहेड़ी में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में डॉ. नितिन कुमार, डॉ. आकाश आर्य और डॉ. सृष्टि सैनी, मेडिकल स्टाफ रुचि, काजल व शैंकी, इंटर्न छात्र अकमल, आसिफ, परवीन व कॉलेज के छात्र विक्रांत, विमल और अनिल ने भी सेवाएँ दी। कुलपति प्रो. डॉ. रणजीत सिंह, कुलसचिव प्रो. डॉ. महिपाल सिंह, केयर टेकर सूफी जहिर अख्तर, जमशेद प्रधान ने चिकित्सा शिविर के आयोजकों को अनेक शुभकामनाएं दी और आयोजन की सराहना की। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. विकास कुमार शर्मा व हॉस्पिटल इंचार्ज डॉ कुलतार सिंह ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# सरकार की आवासीय योजना से वंचित उषा का परिवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेडा अफगान।** गांवों में आज भी अधिकारियों के नकारे पन के कारण सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन ठीक से ना होने की वजह से योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को नहीं मिल पाता।

ऐसा ही एक उदाहरण है जिला मुख्यालय से लगभग 35 किलोमीटर दूर गंगोह ब्लॉक के गांव कैंडल का। यहां पर उषा पत्नी रमेश का परिवार सरकार की आवासीय योजना से वंचित है। यह परिवार वर्षों से कच्चे मकान में रहने को मजबूर है। ऐसा नहीं है कि इस महिला ने अपने मकान को पक्का बनवाने के लिए प्रयास नहीं किया।आवेदन किया, अधिकारियों के चक्कर लगाए लेकिन हाथ कुछ नहीं लगा, उल्टा यह परिवार हाथ मलने को मजबूर है।उषा के परिवार में उनका पति,दो



बेटे और पुत्रवधू है।बड़े बेटे की शादी हो चुकी है और वह अपनी पत्नी के साथ अलग रह रहा है।उषा,उसका पति,उसका बेटा मेहनत मजदूरी करने का काम करते हैं।मजदूरी करके गृहस्थी की गाड़ी जैसे तैसे खींच रहे हैं।ऐसा भी नहीं है कि प्रतिदिन उन्हें काम मिल जाता हो, महीने में कई बार घर पर खाली भी रहना पड़ जाता है।मजदूरी करके इतने पैसे कमा नहीं पाए हैं कि स्वयं के पैसों से अपना पक्का मकान बना सकें। उषा के घर पर बारिश से बचने के लिए तिरपाल पड़ी हुई है। घर की छत की कडियां भी टूटी हुई हैं जिन्हें लकडी की बल्ली लगाकर गिरने से रोका गया है। बरसात के इस मौसम में घर की कच्ची छत से पानी टपक रहा है।इस तिरपाल के नीचे ही इज्जत घर है और इसके नीचे ही स्नानघर है। रोटी भी इस टपकती छत के नीचे ही पक रही हैं। माली हालत खस्ता होने के बाद भी सरकार की तरफ से पक्का मकान न बनने का दर्द उषा और उसके परिवार के चेहरे पर साफ देखा जा सकता है।

हालांकि सरकार ने उषा को उज्ज्वला गैस योजना के तहत चूल्हा और सिलेंडर तो दिया है और उसके घर पर इज्जत घर भी बनवाया गया है लेकिन जिस पक्की छत की उसे सबसे ज्यादा जरूरत है वह अभी तक भी नहीं बनी है।उषा का कहना है कि उनका कच्चा मकान कभी भी गिर सकता है और उनके साथ कुछ दुर्घटना भी घट सकती है।उषा बताती है कि पक्के मकान के लिए वह अधिकारियों के चक्कर काट चुकी है।कई बार अधिकारी उनके घर पर भी पहुंचे हैं लेकिन फोटोशूट से आगे आज तक बात आगे नहीं बढ़ पाई है।उषा बताती है कि उनकी और उनके पति की वृद्धा पेंशन भी रोक दी गई है।चारों तरफ से दुख और लाचारी है।उषा का यह भी कहना है कि उनके गांव में सरकार की आवासीय योजना से कई मकान पक्के बन चुके हैं लेकिन न जाने क्यों अधिकारियों को उनकी गरीबी और कच्चा मकान दिखाई नहीं देता है।

जब हमने खण्ड विकास अधिकारी असलम परवेज से बात की तो उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए जो पात्र लोग हैं उनका 9 साल बाद एक सर्वे खुला है।अब सर्वे चल रहा है।सर्वे अभी फाइनल स्टेज पर नहीं पहुँचा है।पहले सर्वेयर ने सर्वे किया है अब 31 अगस्त तक चौकर चौक करेंगे।इसके बाद आगे की प्रक्रिया शुरू होगी।

# अस्पताल में ताला, चिकित्सक गायब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** मुफ्त की तंख्वाह लेकर घर पर आराम करने वाली चिकित्सा के खिलाफ क्षेत्र की जनता ने रोष व्यप्त किया है।

राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में चिकित्सा अधिकारी डॉ. पूनम त्रिपाठी की कथित नियमित अनुपस्थिति को लेकर क्षेत्रवासियों ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर शिकायत दर्ज की है। स्थानीय निवासी विजय गोयल द्वारा 26 अगस्त को लिखे गए पत्र में कहा गया है कि चिकित्सालय में डॉ. पूनम त्रिपाठी के कार्यालय में ताला लगा रहता है और उनकी अनुपस्थिति में वार्ड बाय भीम सिंह द्वारा मरीजों को दवाइयाँ वितरित की जा रही हैं और उपचार किया जा रहा है। पत्र में दावा किया गया है कि डॉ. त्रिपाठी की अनुपस्थिति की शिकायत पहले भी की गई थी, जिसके बाद जांच का आश्वासन दिया गया था। लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसके बजाय शिकायतकर्ताओं पर महिला आयोग में झूठे मामले दर्ज करने का आरोप लगाया गया है। क्षेत्रवासियों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि डॉ. पूनम त्रिपाठी को हटाकर किसी योग्य चिकित्सक की नियुक्ति की जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को उचित चिकित्सा सुविधा मिल सके। क्षेत्रवासियों ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई की उम्मीद जताई है और जिलाधिकारी से इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार करने का अनुरोध किया है।



# सम्पादकीय

गुरुवार, 28 अगस्त 2025

## नाकाम रही बातचीत

आखिरकार वही हो गया, जिसकी आशंका काफी समय से की जा रही थी। अब भारत से अमेरिका भेजे जाने वाले सामानों पर 27 अगस्त से 50 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लागू हो गया। टैरिफ लागू होने से यह साफ हो गया कि पर्दे के पीछे जो टैरिफ को लेकर बातचीत चल रही थी, वह परवान नहीं चढ़ सकी। टैरिफ को लेकर अब नफे-नुकसान की बातें भी होने लगी हैं। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव की रिपोर्ट की मानें, तो इस नए टैरिफ से भारत का लगभग 5.4 लाख करोड़ का आयात प्रभावित होगा। ऐसा माना जा रहा है कि इस नए टैरिफ से इंजी. नियरिंग, गुड्स, छोटे और मध्यम उद्योग सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे।

यहां भारत को घाटा होगा, वहीं चीन, वियतनाम और मैक्सिको जैसे देशों को लाभ पहुंचेगा, क्योंकि उनके सामान वहां सस्ते दाम पर बेचे जाएंगे। इससे भारतीय कंपनियों की अमेरिकी बाजार में स्वीकार्यता कम होगी। बड़ी संख्या में नौकरियां भी प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही हैं। ट्रम्प अभी रुक नहीं रहे हैं, वह भारत को बराबर धमका रहे हैं और कह रहे हैं कि 18 महीने में 150 प्रतिशत और बाद में 250 प्रतिशत टैरिफ लगाया जाएगा। जाहिर है अगर ऐसा होता है, तो इससे भारतीय व्यापार बुरी तरह प्रभावित होगा। हालांकि अच्छी बात यह है कि भारत के वाणिज्य मंत्रालय ने लगभग 50 देशों के लिए नई निर्यात रणनीति बनाई है। अब भारत चीन, मिडिल ईस्ट और अफ्रीकी बाजारों पर फोकस करेगा। साफ है कि अमे. रिका के बाजार का विकल्प तलाश करने के लिए अब भारत को अन्य देशों के बाजार में अपनी पैठ बनानी होगी। निश्चित रूप से यह काम इतना आसान भी नहीं है, लेकिन असंभव भी नहीं है। असल सवाल यह नहीं है कि भारत को इस नए टैरिफ से कितना लाभ या हानि होगी, असल सवाल यह है कि आखिर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प भारत के साथ बेगाने जैसा व्यवहार क्यों कर रहे हैं। अभी कल तक जो अमेरिका अपने आपको भारत का रणनीतिकार बताता था और ट्रम्प स्वयं पीएम मोदी को अपना घनिष्ठ मित्र बताते रहे हैं, तो भारत के साथ इस तरह की बेरुखी किसी के समझ में नहीं आ रही है। चीन, पाकिस्तान, मलेशिया, इंडोनेशिया, मैक्सिको जैसे देशों पर भारत से बहुत कम टैरिफ लगाया गया है। जाहिर है भारत में भी भारत की विदेश नीति को लेकर एक बहस छिड़ गई है, कांग्रेस तो पूरी तरह हमलावर हो रही है कह रही है कि ट्रेड पर कोई सम्मानजनक डील न होना इस बात का सबूत है कि भारत की विदेश नीति व कूटनीति पूरी तरह विफल रही है। कांग्रेस के इन आरोपों को पूरी तरह खारिज नहीं किया जा सकता। यह हमने हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के समय भी देखा था, जब हमारे साथ कोई भी देश नहीं खड़ा था। इतना ही नहीं ट्रम्प ने फिर से अपनी इस पुरानी बात को दोहराया है कि भारत-पाक के बीच युद्ध रुकवाने में उन्होंने मध्यस्थता की, यह भी कहते हैं कि व्यापार की धमकी को देकर ही दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम कराया। यह अलग बात है कि भारत ऐसा नहीं मानता, लेकिन लगता है कि ट्रम्प पर इसका प्रभाव नहीं पड़ रहा है, जहां भी अवसर मिलता है वह इस बात को दोहराते हैं।

### जनता का समर्थन देश में नई क्रांति लाएगा



देशभर में वोट की चोरी हो रही है, इसी के खिलाफ हमने यह यात्रा शुरू की है, इसकी सफलता देखकर मैं काफी उत्साहित हूं, आने वाले दिनों में हमारी सरकार बनेगी और जनता का समर्थन देश में नई क्रांति लाएगा, यह लड़ाई सां. प्रदायिक ताकतों और वोट की चोरी करने वालों से है, जिसमें सभी दल एकजुट होकर साथ दे रहे हैं, ऑपरेशन सिंदूर के समय युद्ध विराम को लेकर पीएम मोदी ने अमेरिका के दबाव में घुटने टेक दिए थे, जब युद्ध चल रहा था, तब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पीएम मोदी को फोन किया और कहा कि 24 घंटे के भीतर युद्ध बंद कर दो, इसके बाद मोदी ने महज पांच घंटे के भीतर ही युद्ध बंद कर दिया, यह बात उन्होंने नहीं, बल्कि खुद ट्रम्प ने सार्वजनिक रूप से कही थी। **-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# जंगल नहीं, बच्चों की सांसें काट रहे हैं हम

## वृक्षों के कटान में हम दुनिया में दूसरे नंबर पर

### आप सबकी आंखों में धूल झोंक सकते हैं लेकिन प्रकृति की आंखों में नहीं





**पवन सिंह**

आदमी को जब-जब ताकत मिली है तब-तब उसने अपनी शक्तियों का प्रयोग नृशंसता के साथ किया है। इतिहास गवाह है कि ऐसे व्यक्तियों ने वर्तमान ही नहीं भविष्य भी नष्ट-भ्रष्ट कर डाला है। भारतीय संदर्भ में मैं यह कह सकता हूं कि अब हमारी बारी है। नेता-मलाईदार पद के लिए सर्प की तरह लपलपाती जुबान वाले अफसरों-आदमखोर उद्योगपतियों और धर्म के अंधियारे में डूबी आवाम ने मिलकर पर्यावरण पर जिस तरह का वहशियाना हमला किया है, ऐसा इस प्रकृतिवादी देश में कभी नहीं हुआ।

एक पेड़ मां के नाम जैसे नारे देकर पूरे के पूरे जंगल साफ करने की भयावह कवायद इस देश में देखी जा सकती है। बड़े-बड़े फर्जी और दिखावटी नारों की आड़ में हम सब वह कर रहे हैं, जो विश्व के किसी भी देश में देखने को नहीं मिलेगा। भारत में हम जंगल के जंगल साफ कर रहे हैं और गमलों में बोनसाई उगा रहे हैं। आप सबकी आंखों में धूल झोंक सकते हैं, लेकिन प्रकृति की आंखों में नहीं। इसीलिए नेचर भी आपसे लड़ने के लिए फेंटा कस कर मैदान-ए-जंग में उतर चुकी है। हमारे देश की हालत यह है कि यहां अब बे-सिर-पैर के विषयों पर ही चर्चा होती है, जबकि शिक्षा, पर्यावरण, चिकित्सा, विज्ञान पर बात करना या तो अपराध की श्रेणी में आता है या मूर्खता की।

इंडिया स्टेट ऑफ फॉरेस्ट रिपोर्ट 2023 की रिपोर्ट आई है। हर दो सालों पर यह रिपोर्ट आती है। वन क्षेत्रों को लेकर बहुत ही चमकदार रिपोर्ट बनाई गई है। बकौल रिपोर्ट, बीते दो वर्षों में देश के वन और वृक्ष आवरण क्षेत्रों में 1,445 वर्ग किलोमीटर की बढ़ोतरी हुई, जो अब देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 25.17 प्रतिशत है। हालांकि, दो साल में एक बार प्रकाशित होने वाली इस रिपोर्ट का विश्लेषण देश में वनों की स्थिति को लेकर एक चिंता पैदा करने वाली असलियत उजागर करता है।

रिपोर्ट आई और चली गई। इस रिपोर्ट पर हिंदू-मुस्लिम मीडिया ने कोई चर्चा नहीं की। विश्लेषण नहीं किया। रिपोर्ट में छिपा सबसे बड़ा सच तो यह है कि वर्ष, 2023 में वन आवरण में वृद्धि मात्र 0.02 प्रतिशत है, जो कि 2021 की तुलना में न के बराबर है। रिपोर्ट राजा के डर के कारण, हौले-हौले से, धीरे-धीरे से, डरते-सहमते बहुत कुछ कह जाती है। रिपोर्ट में दर्ज राज्यवार आंकड़ों का विश्लेषण करिए तो पता चला है कि देश में वन क्षेत्र में जबरदस्त गिरावट आई है। उदाहरणार्थ-असम के रिकॉर्डेड फॉरेस्ट एरिया (आरएफए), जिसमें सरकारी रिकॉर्ड में मौजूद वन शामिल हैं, उनमें 86.66 वर्ग किलोमीटर की कमी आई है। यह डरावनी स्थिति है। रिपोर्ट बताती है कि सघन वन (एमडीएफ) 8,333 वर्ग किलोमीटर से घटकर मात्र 4,468 वर्ग किलोमीटर रहे गए हैं। यानी कि आधे रह गए हैं। वहीं, अति सघन वन क्षेत्र में थोड़ी वृद्धि हुई है। यह 2,789 वर्ग किलोमीटर से बढ़कर 2,833 वर्ग किलोमीटर हो गए हैं। त्रिपुरा में, आरएफए के अंतर्गत मौजूदा वन क्षेत्र घटकर 116 वर्ग किलोमीटर रह गया है।

यही हाल, अरुणाचल प्रदेश, असम, गुजरात, तेलंगाना और लद्दाख का भी है, जहां वन क्षेत्रों का दायरा घटा है। रिपोर्ट बताती है कि आरएफए के अंदर कुल 46,707 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र कैनोपी में गिरावट का सामना कर रहे हैं। यानी कि कभी अत्यधिक घने, मध्यम घने और खुले वन क्षेत्र से बदलकर गैर-वन क्षेत्रों में परिवर्तित हो गए हैं। बकौल रिपोर्ट, कैनोपी के घनत्व को सबसे ज्यादा नुकसान 0 से 10 हेक्टेयर वाले क्षेत्रों में हुआ, जो 31,709 वर्ग किलोमीटर में फैला है। इसके बाद, 10 से 50 हेक्टेयर वाले क्षेत्रों में 9,531 वर्ग किलोमीटर में वितान आवरण को नुकसान हुआ है। रिपोर्ट में यह भी पाया गया कि 50 हेक्टेयर से अधिक वाले क्षेत्रों में वितान को होने वाला नुकसान 5,466 वर्ग किलोमीटर में फैला था।

50 हेक्टेयर से बड़े क्षेत्र के मामले में वितान आवरण को सबसे अधिक क्षति मिजोरम में हुई है, जहां 892।81 वर्ग किलोमीटर में इसमें गिरावट आई है। इसके बाद बाद राजस्थान में 558 वर्ग किलोमीटर और तेलंगाना में 557 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में वितान आवरण को गिरावट का दंश झेलना पड़ा है। रिपोर्ट में 92,989 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र की भी पहचान की गई है, जो विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत गिरावट से जूझ रहे हैं। इसमें 44,891 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र का भी उल्लेख किया गया है जो मध्यम सघन वन (एमडीएफ), खुले जंगलों और झाड़ियों से गैर-वन क्षेत्रों में बदल सकते हैं। यह सब बहुत ही भयावह और डरावना है।


गुजरात में मैंग्रोव को सबसे बड़ा नुकसान हुआ, जहां 2021 की तुलना में 2023 में राज्य ने 36.39 वर्ग किलोमीटर में फैले मैंग्रोव खो दिए हैं। कच्छ में रिकॉर्ड के मुताबिक सबसे ज्यादा 61.14 वर्ग किलोमीटर कवर कम हुआ है। यह सब लिखते और पढ़ते हुए मैं बेहद डरा हुआ हूं कि हमारे बाद की पीढ़ियों का होगा क्या? क्या उनकी औसत आयु प्रदूषण और पर्यावरण जनित भयावह स्थितियों के कारण कुछ ही साल रह जाएगी? न शुद्ध हवा, न पानी, न भोजन। इसके बाद आदमखोर, उद्योगपति- सत्ताधीश और लालची अफसर और घंटा टनटनाती मूर्ख आवाम क्या करेगी? खैर, अकेले गुजरात ने ही मैंग्रोव नहीं खोते हैं बल्कि अंडमान निकोबार द्वीप समूह में भी विगत दो वर्षों की तुलना में 4.65 वर्ग किलोमीटर मैंग्रोव क्षेत्र को दिया है। हम वन विनाश के मामले में विश्व में दूसरे स्थान पर आ चुके हैं। हमने विगत पांच वर्षों में 668,400 हेक्टेयर में फैले जंगल काट डाले हैं। सरकार ने संसद में जानकारी दी कि दिसंबर 2024 तक हसदेव वन में 94,460 पेड़ काटे गए हैं और भविष्य में और काटे जाएंगे, क्योंकि सरकार ने कोयला खनन के लिए कुल 2,73,757 और पेड़ों को काटने की मंजूरी दी है। यह कटान अडानी सर को कोयला देगी।

जुलाई 2025 में, केंद्र सरकार ने लोकसभा में बताया कि अडानी समूह की परसा ईस्ट केंटे बेसिन PEKB कोयला खदान के लिए 3.68 लाख से अधिक पेड़ काटे जाएंगे। इससे पहले, मुंबई के आ.रे.जंगल में मेट्रो शेड के लिए लगभग 2,600 पेड़ों को काटा गया था, शुरुआती दौर में 2,000 से अधिक पेड़ काटने की मंजूरी मिली थी, जिसे स्थानीय लोगों और पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने चुनौती दी थी। बाद में, सुप्रीम कोर्ट ने आगे कोई पेड़ न काटने का आदेश दिया, लेकिन इसके बावजूद कटाई की गई। राजस्थान के चार जिलों में इतनी पेड़ों की कटाई हुई है कि जीवन-चक्र ही बर्बाद हो गया है। राजस्थान में 26.40 लाख पेड़ कट चुके हैं। आने वाले साल में 38.54 लाख पेड़ और काटे जाएंगे। इस कटान से बड़ी संख्या में तितली, पक्षी और अन्य वह कीट-पतंगें खत्म हो गए हैं जिनका संबंध प्रकृति जीवन चक्र से था। इसका सीधा असर पेड़-पौधों व कृषि उत्पादन पर पड़ा है। इसी हाल, पश्चिमी घाट वन क्षेत्र का है। यहां भी वन क्षेत्रों में कमी आई है। वन राज्य रिपोर्ट 2023 के अनुसार, पिछले दशक में पश्चिमी घाट में लगभग 58.22 वर्ग किमी वन क्षेत्र का नुकसान हुआ है, जहां मध्यम और खुले घने जंगल में कमी आई है। जिन गंभीर विषयों पर भारतीय मीडिया को मुखर होना चाहिए था, वहां वह मौत सी खामोशी ओढ़ कर, अन्य विषयों पर रक्कासा बना हुआ है। यह समय वैचारिक, वैज्ञानिक और चारित्रिक व व्यावहारिक पतन का स्वर्णिम समय है। यकीन मानिए एक दिन नेचर, जमीन-हवा और जल का सारा हिसाब-किताब आप और आपकी पीढ़ियों को दफन करके ले लेगी। मानव प्रजाति का विनाश तेजी से करीब आ रहा है और इस विनाश को स्वयं मानव ने न्यौता दिया है। अभी तो भूस्खलन, बाढ़, सूखा और भयावह गर्म दिनों का ट्रेलर रिलीज हुआ है, पूरी फिल्म अभी बाकी है। यह पूरी फिल्म, हमारी पीढ़ियां मौत की हिचकियां लेते हुए देखेगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# संक्रमण सुप्त कैंसर कोशिकाओं को जगा सकते हैं

**दरअसल, कैंसर के इलाज में मुख्य ट्यूमर हटा देने के बाद भी कुछ कैंसर कोशिकाएं अस्थिमज्जा या फेफड़ों जैसी जगहों में छिपी रह सकती हैं। इन्हें सुप्त कैंसर कोशिकाएं कहते हैं, जो सालों तक निष्क्रिय रहती हैं लेकिन मौका मिलने पर मेटास्टेसिस यानी कैंसर फैलने की वजह बन सकती हैं, लेकिन इनके जागने का कारण क्या है?**



चूहों पर हुए एक अध्ययन के अनुसार कोविड-19 और फ्लू जैसे संक्रमण सुप्त कैंसर कोशिकाओं को सक्रिय कर सकते हैं। नेचर में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक, ऐसे संक्रमण कुछ मरीजों में कैंसर से मौत का खतरा लगभग दुगना कर सकते हैं। दरअसल, कैंसर के इलाज में मुख्य ट्यूमर हटा देने के बाद भी कुछ कैंसर कोशिकाएं अस्थिमज्जा या फेफड़ों जैसी जगहों में छिपी रह सकती हैं। इन्हें सुप्त कैंसर को. शिकाएं कहते हैं, जो सालों तक निष्क्रिय रहती हैं लेकिन मौका मिलने पर मेटास्टेसिस यानी कैंसर फैलने की वजह बन सकती हैं, लेकिन इनके जागने का कारण क्या है? पूर्व अध्ययनों में पाया गया था कि धूम्रपान, उम्र बढ़ना या कुछ बीमारियों से होने वाला जीर्ण शोथ इसका कारण हो सकते हैं। लेकिन कोलोराडो युनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन के जेम्स डीग्रेगरी और उनकी टीम को लगा कि शायद सांस के संक्रमण से होने वाले गंभीर शोथ का भी इसमें हाथ हो सकता है।

इसे परखने के लिए उन्होंने चूहों को इस तरह तैयार किया कि उनमें स्तन कैंसर टड्यूमर बनें और फेफड़ों में सुप्त कैंसर कोशिकाएं मौजूद रहें। फिर इन चूहों को या SARS-CoV-2 (कोविड-19 वायरस) या इन्फ्लुएंजा (फ्लू) वायरस से संक्रमित किया। नतीजे चौंकाने वाले थे। शोधकर्ताओं ने पाया कि संक्रमण के कुछ ही दिनों में सोई हुई कैंसर कोशिकाएं तेजी से बढ़ने लगीं और फेफड़ों में मेटास्टेटिक घाव बनने लगे। इसका कारण सिर्फ वायरस नहीं, बल्कि इंटरल्यूकिन-6 IL-6 नाम का एक प्रतिरक्षा अणु था, जो संक्रमण से लड़ने में अहम भूमिका निभाता है। जब वैज्ञानिकों ने ऐसे चूहों पर प्रयोग किया जिनमें IL-6 नहीं था, तो कैंसर कोशिकाओं की वृद्धि काफी धीमी रही। इससे साबित हुआ कि IL-6 इस प्रक्रिया का मुख्य कारक है। एक और चौंकाने वाली बात यह निकली कि हेल्पर T कोशिकाएं, जो आम तौर पर बीमारियों से बचाव करती हैं, वे इन कैंसर कोशिक. ाओं को प्रतिरक्षा प्रणाली के हमले से बचा रही थीं। इन निष्कर्षों के बाद वैज्ञानिकों ने यूके बायोबैंक का डैटा देखा और पाया कि जिन लोगों को कोविड-19 हुआ था, उनमें कैंसर से मरने का खतरा उन लोगों की तुलना में लगभग दुगना था जिन्हें कोविड नहीं हुआ। इसके अलावा यह खतरा संक्रमण के बाद शुरुआती कुछ महीनों में सबसे ज्यादा था। वैसे तो यह निष्कर्ष शुरुआती हैं और अभी और अधिक अनुसंधान की जरूरत है, लेकिन चीजें और स्पष्ट होने तक संक्रमण से एहतियात बरतना ही बेहतर होगा। **-स्रोत फीचर्स**

# पशु प्रेमियों के देश में वृद्धजनों की दुर्दशा



**निर्मल रानी**



इन दिनों भारत में सड़क से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक आवारा कुत्तों को लेकर बड़ी बहस छिड़ी हुई है। वैसे तो आवारा कुत्तों के पक्ष में और इसके खिलाफ भारतीय समाज पहले से ही विभाजित है परन्तु इस विषय को लेकर ताजातरीन बहस की शुरुआत उस समय हुई जब सर्वोच्च न्यायलय ने गत 11 अगस्त को दिल्ली-एनसीआर अर्थात दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा, फरीदाबाद, गुरुग्राम में आवारा कुत्तों की समस्या पर स्वत: संज्ञान लेते हुए दिल्ली नगर निगम व अन्य नगर निकायों को निर्देश दिया था कि वे 8 सप्ताह के भीतर सभी आवारा कुत्तों को पकड़ें और उन्हें स्थाई रूप से शेल्टर होम्स या पाउंड्स में रखें।

अपने इस आदेश में सर्वोच्च न्यायलय ने कुत्तों को वापस सड़कों पर छोड़ने पर भी रोक लगाई थी। चूंकि कुत्तों के काटने की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही थी खासकर बच्चों और बुजुर्गों पर कुत्तों के हमलों की शिकायतें बढ़ती जा रही थीं और इस संबंध में केवल दिल्ली में ही हजारों मामले दर्ज हो चुके थे और रेबीज से होने वाली मौतें में भी वृद्धि होती जा रही थी इसी के मद्देनजर सर्वोच्च न्यायलय द्वारा स्वत: संज्ञान लेते हुए यह आदेश दिए गए थे। अपने आदेश में न्यायलय ने कहा था आर्टिकल 21 के तहत जीवन का अधिकार व नागरिकों की सुरक्षा प्राथमिकता है। इसी के साथ अदालत ने यह निर्देश भी दिया था कि आवारा कुत्तों के लिए शेल्टर होम्स बनाए जाएं व कुत्तों को पकड़ने के लिए संसाधन भी जुटाए जाएं। यहां तक कि इस अदालती निर्देश में बाधा डालने वाले पशु प्रेमियों व गैर सरकारी संगठनों को दण्डित करने का भी निर्देश दिया गया था परन्तु इस जनहितकारी अदालती आदेश के बाद तो देश के श्कुत्ता प्रेमियोंश में कोहराम मच गया। मानव सुरक्षा को दरकिनार कर कुत्ता प्रेमियों द्वारा तर्क दिया जाने लगा कि शेल्टर होम्स में कुत्ते असुरक्षित रहेंगे, क्योंकि इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी के चलते लाखों कुत्तों को शेल्टर में रखना अव्यावहारिक है। इससे लाखों कुत्तों को कैद करने और संभावित रूप से मारने का खतरा बढ़ेगा। इसे एनिमल बर्थ कंट्रोल (डॉग्स) रूल्स, 2023 का उल्लंघन बताया जाने लगा। पशु प्रेमियों द्वारा इस अदालती आदेश को बहुत कठोर बताया जाने लगा। जगह जगह धरने प्रदर्शन शुरू हो गए। कुत्ता प्रेमी अदालती आदेश की अवहेलना करने पर आमादा दिखाई देने लगे।

इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर 22 अगस्त 2025 को एक संशोधित आदेश जारी किया। सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की बेंच ने 11 अगस्त 2025 के मूल आदेश में बदलाव करते हुए नए निर्देश जारी किए। इन संशोधित निर्देशों में सुप्रीम कोर्ट द्वारा कहा गया कि कुत्तों को पकड़ना जारी रखें, लेकिन उन्हें स्टरलाइज नसबंदी, डीवार्म कीड़े निकालना तथा वैक्सीनेट टीका लगाना करें। गैर-आक्रामक नॉन-एग्रेसिव और गैर-संक्रमित रेबीज मुक्त कुत्तों को उसी इलाके में वापस छोड़ें। केवल रेबीज संक्रमित या आक्रामक कुत्तों को ही अलग शेल्टर में रखें। जबकि सड़कों पर खाना खिलाना प्रतिबंधित करार दिया गया। अदालत ने प्रत्येक वार्ड में समर्पित फीडिंग स्पॉट बनाने व नोटिस बोर्ड लगाने का भी निर्देश दिया। यह भी निर्देशित किया गया कि पशु प्रेमी कुत्तों को गोद ले सकते हैं, लेकिन उन्हें सड़क पर नहीं छोड़ सकते। इन निर्देशों में बाधा डालने वाले कथित पशु प्रेमियों पर व्यक्तिगत तौर पर 25,000 तथा गैर सरकारी संगठनों पर 2,00,000 रूपये जुर्माना लगाने का निर्देश दिया गया। जुर्माने से वसूली गई यह धनराशि शेल्टर होम बनाने में इस्तेमाल होगी। यह संशो. धित आदेश पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 और ABC रूल्स, 2023 पर आधारित है, जो पशुओं को मारने के बजाय स्टरलाइजेशन और वैक्सीनेशन पर जोर देता हैं, परन्तु समाज के सामने सबसे बड़ी समस्या यह है कि नागरिक सुरक्षा और पशु कल्याण के मध्य संतुलन कैसे बिठाया जाए। पशु प्रेमी होने में कोई बुराई नहीं, परन्तु क्या पशु प्रेम विशेषकर कुत्ता प्रेम को मानव प्रेम पर तरजीह दी जा सकती है? देश में रोजाना कुत्ते के काटने से सैकड़ों लोग बुरी तरह घायल होते हैं। अनेक की मौत हो जाती है। इनहीं कुत्तों की वजह से अनेक दुर्घटनाएं होती हैं। स्कूल जाते बच्चों पर व असहाय बुजुर्गों पर आवारा कुत्ते घातक हमले कर देते हैं। उस समय इन कुत्तों से प्यार करने वाला कोई भी पशु प्रेमी सामने नहीं आता। उल्टे कई बार तो पीड़ित राहग. ीरों पर ही यह दोष मढ़ दिया जाता है कि वह उधर से गुजरा ही क्यों या फिर पहले उसने कुत्ते को छेड़ा होगा आदि आदि। हद तो यह है कि कई बार यही कुत्ते अपने श्कुत्ता प्रेमी श को ही काट लेते हैं। निश्चित रूप से कुत्तों को दोष इसलिए नहीं दिया जा सकता कि उनकी प्रवृति ही हिंसक है। इसलिए कुत्तों के काटने भोंकने या उनके पीछे दौड़ने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। हालांकि कुत्तों की वफादारी से भी इंकार नहीं किया जा सकता। कुत्तों को तो मनुष्य से भी अधिक वफादार माना जाता है। परन्तु उनकी हिंसक प्रवृत्ति को नकारना और कुत्ता प्रेम की शर्त पर मानव सुरक्षा से समझौता करना भी तर्कसंगत नहीं। इसी संदर्भ में एक बात और भी ध्यान देने योग्य है कि जिस तरह सर्वोच्च न्यायलय के गत 11 अगस्त के आदेश के बाद देश के कुत्ता प्रेमी सड़कों पर उतर आए और अपने पशु प्रेमी होने का प्रदर्शन करने लगे यहां तक कि कई कुत्ता प्रेमी तो अदालती आदेश को लेकर रोते पीटते भी दिखाई दिए वास्तव में यदि इसी स्तर पर समग्र भारतीय समाज में मानव प्रेम की भावना होती तो शायद आज देश में कहीं भी वृद्धाश्रम की जरुरत न होती। वृंदावन में लाखों विधवाएं अपने भाग्य पर आंसू न बहा रही होतीं। अयोध्या,मथुरा व काशी जैसे अनेक धर्म स्थान बुजुर्ग व असहाय भिखारियों से भरे न होते। देश के स्टेशन व फुट पाथ पर बड़ी संख्या में निराश्रित लोग नजर न आते। यानी पशु प्रेमियों के इस देश में कम से कम वृद्ध जनों की ऐसी दुर्दशा देखने को तो न मिलती?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# रूसी तेल खरीदने की सजा, अब जिनपिंग से हाथ मिलाएंगे मोदी

**लंदन।** अमेरिका का भारत पर 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ आज यानी 27 अगस्त से लागू हो गया है। इससे पहले ट्रम्प ने जुलाई में भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया था, अब भारत पर कुल टैरिफ 50 प्रतिशत हो गया है। भारत और चीन के बीच 5 साल पहले हुई हिंसक झड़प के बाद रिश्तों में तनाव आ गया था, लेकिन अब ट्रम्प के आर्थिक दबाव के बाद उनके बीच नजदीकी बढ़ने लगी है। पीएम मोदी इस हफ्ते 2018 के बाद पहली बार चीन का दौरा करेंगे।

वे शी जिनपिंग से मुलाकात करेंगे। जियो पालिटिकल उथल-पुथल के इस दौर में दोनों नेता पुरानी तल्खियों को पीछे छोड़ते हुए आर्थिक मुद्दों पर फोकस करेंगे और आपसी सहयोग के लिए हाथ मिलाएंगे। यह देखना बाकी है कि यह यात्रा ग्लोबल रिलेशन को कैसे प्रभावित करेगी। क्या इससे अमेरिका को चिंता होनी चाहिए? अखबार ने

## भारत पर 50% अमेरिकी टैरिफ को लेकर वर्ल्ड मीडिया ने जताई प्रतिक्रिया

एक्सपर्ट्स के हवाले से लिखा है कि अगर अमेरिका, भारत को खो देता है, तो यह उसके लिए 'सबसे बुरा परिणाम' साबित होगा। न्यूयार्क टाइम्स ने कहा कि भारत पर अमेरिकी टैरिफ का बोझ, रूसी तेल खरीदने की सजा। ट्रम्प ने भारत के सभी सामानों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की अपनी धमकी को हकीकत में बदल दिया है। 25 प्रतिशत टैरिफ रूसी तेल खरीदने के कारण लगा है। इससे भारत के उन निर्यातकों को भारी नुकसान होगा, जो लाखों लोगों को रोजगार देते हैं। साथ ही यह कदम भारत और अमेरिका के बीच बढ़ते आर्थिक रिश्तों को नुकसान पहुंचा सकता है। भारत में दुनिया की सबसे बड़ी अमेरिकी कंपनियों में से दो-तिहाई का कारोबार भारत में है। यह टैरिफ भारत



के शेयर बाजार में अरबों डॉलर के विदेशी निवेश को भी अस्थिर कर सकता है, जो दुनिया का चौथा सबसे बड़ा शेयर बाजार है। भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगने से अमेरिकी आयातकों की चीन की फैक्ट्रियों पर निर्भरता कम करने की रणनीति कमजोर पड़ सकती है। भारत, जो इंडो-पेसिफिक क्षेत्र में अमेरिका का मजबूत साझेदार है, अब दुनिया में सबसे ज्यादा टैरिफ देने वाले देशों में शामिल हो गया है। यह भारत के लिए बड़ा झटका है। इससे भारत के निर्यात और आर्थिक विकास पर बुरा असर पड़ सकता है।

### 1 द गार्डियन:

ट्रम्प के टैरिफ से भारतीय अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान पहुंचने और ग्लोबल सप्लाई चेन में व्यवधान पड़ने का खतरा है। अमेरिका के इस कदम से भारतीय निर्यातक विदेशों से आने वाले सामानों पर सबसे ज्यादा अमेरिकी शुल्कों का सामना कर रहे हैं।

### 2 एसोसिएटेड प्रेस:

भारत को अपने सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार अमेरिका से तगड़ा झटका लगा है। इससे भारत के 48.2 अरब डॉलर के निर्यात पर असर पड़ेगा। भारतीय अधिकारियों का कहना है कि इससे अमेरिका को निर्यात करना मुश्किल हो जाएगा, जिससे नौकरियां खतरे में पड़ सकती हैं और आर्थिक विकास धीमा पड़ सकता है।

### 3 फाइनेंशियल टाइम्स:

भारत पर दुनिया में सबसे ज्यादा टैरिफ रेट लागू हो गया है। ट्रम्प के इस फैसले से दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया। भारतीय विश्लेषकों का मानना है कि ट्रम्प का यह कदम रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर यूक्रेन युद्ध खत्म करने का दबाव बनाने के लिए भी है। हालांकि, भारत ने रूस से तेल खरीदना जारी रखा है।

# दुनिया के सबसे ताकतवर रॉकेट का 10वां टेस्ट कामयाब

**■ पहली बार आठ डमी सैटेलाइट अंतरिक्ष में छोड़े, स्टारशिप की हिंद महासागर में लैंडिंग**

**टेक्सास।** दुनिया के सबसे ताकतवर राकेट स्टारशिप का 10वां टेस्ट बुधवार (27 अगस्त) को किया गया, जो कामयाब रहा। राकेट को सुबह 5:00 बजे टेक्सास के बोका चिका से लान्च किया गया। ये टेस्ट 1 घंटे 6 मिनट का था। इस मिशन में स्टारलिंक सिम्युलेटर सैटेलाइट को अंतरिक्ष में छोड़ने से लेकर इंजन चालू करने जैसे सभी आब्जेक्टिव पूरे हुए।

स्टारलिंक सिम्युलेटर सैटेलाइट असली स्टारलिंक सैटेलाइट्स के डमी हैं। इनका इस्तेमाल स्टारशिप की सैटेलाइट डिप्लायमेंट क्षमता को परखने के लिए किया जाता है। दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी इलान मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने इस राकेट को बनाया है। स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट (ऊपरी हिस्सा) और सुपर हैवी बूस्टर (निचला हिस्सा) को कलेक्टिवली 'स्टारशिप' कहा जाता है। इस व्हीकल की ऊंचाई 403 फीट है। ये पूरी तरह से रीयूजेबल है। स्टारशिप के ऊपरी हिस्से की इंडियन ओशन कंट्रोल्ड वाटर-लैंडिंग कराई गई। वहीं सुपर हेवी बूस्टर को लान्च साइट पर वापस नहीं लाया गया। इसकी अमेरिका की खाड़ी में वाटर लैंडिंग कराई गई। ऐसा जरूरी डेटा जुटाने के लिए किया गया।

# डिजिटल टैक्स लगाने वालों पर गिरेगी गाज

**नई दिल्ली/वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उन देशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है, जो अमेरिका की डिजिटल सेवा प्रदाता कंपनियों पर टैक्स लगाते हैं। ट्रम्प ने कहा कि यदि डिजिटल टैक्स को खत्म नहीं किया गया तो, उन देशों के सामान पर अतिरिक्त टैरिफ लगाया जाएगा। डिजिटल टैक्स लगाने वालों में यूरोप के कई देश शामिल हैं।

ट्रम्प ने इसे अमेरिकी तकनीक के खिलाफ भेदभावपूर्ण कदम बताया है। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, मैं उन सभी देशों को चेतावनी देता हूं, जो डिजिटल टैक्स, कानून, नियम या विनियम लागू करते हैं। यदि ये भेदभावपूर्ण कदम नहीं हटाए गए, तो मैं उनके निर्यात पर भारी अतिरिकत टैरिफ लगाऊंगा और हमारी अत्यधिक संरक्षित तकनीक व चिप्स पर निर्यात प्रतिबंध लागू करूंगा। ट्रम्प इससे पहले भी डिजिटल टैक्स पर कनाडा और फ्रांस जैसे देशों को वह चेतावनी दे चुके हैं। सूत्रों के अनुसार, ट्रम्प प्रशासन यूरोपीय संघ या उसके सदस्य देशों के उन अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रहा है, जो

## अमेरिका की डिजिटल सेवा प्रदाता कंपनियों पर टैक्स खत्म नहीं किया, तो उन देशों के सामान पर अतिरिक्त टैरिफ लगाया जाएगा



**राष्ट्रपति ट्रम्प को दिमाग से जुड़ी गंभीर बीमारी को लेकर मनोवैज्ञानिकों ने जताई चिंता, दुर्लभ मस्तिष्क विकार होने के स्पष्ट संकेत**

ब्लाक के ऐतिहासिक डिजिटल सर्विसेज एक्ट को लागू करने के लिए जिम्मेदार हैं। यह एक्ट अमेरिकी टेक कंपनियों पर अतिरिक्त नियामक बोझ डालता है।

यूरोप में कई देशों ने डिजिटल सेवा प्रदाताओं के राजस्व पर टैक्स लगाया है, जो मुख्यत: अमेरिकी दिग्गजों जैसे गूगल, फेसबुक, एपल और अमेजन को प्रभावित करता है। भारत ने ट्रम्प के टैरिफ से बचने की कोशिश के चलते एक अप्रैल, 2025 से ऑनलाइन विज्ञापनों पर 6 फीसद इक्विलाइजेशन लेवी को खत्म करने की घोषणा की है, जिसे डिजिटल टैक्स के रूप में जाना जाता है। डिजिटल टैक्स हटाने से गूगल, मेटा और अमेजन जैसी अमेरिकी कंपनियों को राहत मिलने की संभावना है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्काट बेसेंट ने कहा कि ट्रम्प के टैरिफ से सीमा शुल्क राजस्व सालाना 500 अरब डॉलर से अधिक हो सकता है। इसमें जुलाई-अगस्त के बीच काफी उछाल और सितम्बर में और अधिक उछाल आने की संभावना है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को दिमाग से जुड़ी गंभीर बीमारी को लेकर मनोवैज्ञानिकों ने चिंता जताई है। डा. हैरी सेगल व डा. जान गार्टनर ने दावा किया कि ट्रम्प में दुर्लभ मस्तिष्क विकार के स्पष्ट संकेत हैं, जो धीरे-धीरे बदतर होते जा रहे हैं। मिरर की रिपोर्ट के अनुसार, इन मनोवैज्ञानिकों ने ट्रम्प के सार्वजनिक व्यवहार, भाषा और मोटर क्षमताओं में लगातार गिरावट पर चिंता जताई है। गार्टनर ने कहा कि ट्रम्प की मानसिक सक्रियता का ह्रास हो रहा है।

## भारत से जंग रोकने के लिए ट्रम्प ने चेताया था पाक को

**वाशिंगटन।** भारत-पाकिस्तान जंग को खत्म करने में अपनी भूमिका को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर अपना पुराना राग अलापा है। हालांकि इस बार उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी देने की बात कही है। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में एक कैबिनेट बैठक के दौरान दावा किया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संभावित परमाणु टकराव को रोकने में सीधी भूमिका निभाई। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने इसे लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत की। ट्रम्प ने कहा कि मैंने पीएम मोदी से कहा कि मैं एक बहुत ही शानदार इंसान से बात कर रहा हूं। मैंने उनसे पूछा कि आपके और पाकिस्तान के बीच क्या चल रहा है। फिर मैंने पाकिस्तान से बात की और सीधी चेतावनी दी कि यदि तनाव जारी रहा तो अमेरिका कोई व्यापार समझौता नहीं करेगा, बल्कि इतना अधिक टैरिफ लगाएगा कि उनका सिर घूम जाएगा।




बिहार। 'मतदान अधिकार यात्रा' के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी।

## गाजा में पत्रकारों की हत्या स्तब्धकारी और अत्यंत खेदजनक: भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने इसरायल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष के दौरान गाजा पट्टी पर हमले में पत्रकारों की मौत की निंदा करते हुए इसे अफसोस जनक करार दिया है। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गाजा पट्टी के खान यूनिस में हमलों में पत्रकारों की मौत के संबंध में मीडिया के प्रश्नों के जवाब में बुधवार को कहा कि भारत ने संघर्षों के दौरान आम नागरिकों के मारे जाने की हमेशा निंदा की है। उन्होंने कहा, पत्रकारों की हत्या स्तब्धकारी और अत्यंत खेदजनक है। भारत ने हमेशा संघर्ष में नागरिकों की जान जाने की निंदा की है।

# रूस से ट्रेड करना चाहता है अमेरिका, प्रतिबंध हटाने पर कर रहा विचार

**■ रूसी न्यूक्लियर एनर्जी शिप्स खरीदने की भी तैयारी**

**वाशिंगटन।** भारत पर रूसी तेल खरीदने की वजह से 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने वाला अमेरिका खुद रूस से एनर्जी डील करने की कोशिश कर रहा है। रायटर्स न्यूज एजेंसी के मुताबिक, ट्रम्प और पुतिन के बीच 15 अगस्त को अलास्का में हुई मुलाकात के दौरान इस डील पर बातचीत हुई थी।

अमेरिकी कंपनी एक्सान मोबिल ने रूस के सखालिन-1 आयल और गैस प्रोजेक्ट में फिर से शामिल होने और रूस को अमेरिकी इक्विपमेंट बेचने की बात की थी। यूक्रेन पर 2022 में रूसी हमले के बाद अमेरिका ने रूस के एनर्जी सेक्टर पर कई प्रतिबंध लगाए थे, जिससे रूस को विदेशी निवेश मिलना बंद हो गया। अब अमेरिकी अधिकारी रूस को शांति के लिए राजी करने के लिए कुछ प्रतिबंध हटाने पर विचार कर रहे हैं। इसके अलावा अमेरिका रूस से एटमी एनर्जी से चलने वाले आइस ब्रेकर शिप्स खरीदने का भी सोच रहा है। अमेरिका पहुंचने पर ट्रम्प ने रेड कार्पेट पर पुतिन का स्वागत किया था। रायटर्स ने सूत्र के हवाले से बताया कि व्हाइट हाउस 15 अगस्त को ट्रम्प-पुतिन की अलास्का बैठक के बाद एक बड़े निवेश सौदे का ऐलान करना चाहता था। ट्रम्प को लग रहा था कि यह उनकी जीत होगी, लेकिन 3 घंटे की बैठक के बाद भी कोई बड़ा समझौता नहीं हो पाया।

## संक्षिप्त समाचार

### अफगानिस्तान में यात्री बस दुर्घटना में 25 लोगों की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान की राजधानी में बुधवार तड़के एक यात्री बस पलट गई, जिसमें कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई। एक तालिबान अधिकारी ने बताया कि घटना सुबह-सुबह काबुल के अरघंडी इलाके में हुई। बस दक्षिणी अफगानिस्तान से हेलमंद और कंधार के यात्रियों को लेकर आ रही थी। गृह मंत्रालय के प्रवकता अब्दुल मतीन कानी ने बताया कि लापरवाही से गाड़ी चलाने के कारण यह दुर्घटना हुई, जिसमें 27 लोग घायल भी हुए। यह दुर्घटना पश्चिमी हेरात प्रांत में हुई एक दुर्घटना के एक हफ्ते से भी कम समय बाद हुई है, जिसमें लगभग 80 लोग मारे गए थे।

### डेनमार्क ने अमेरिकी राजनयिक को किया तलब

**कोपेनहेगन।** डेनमार्क के विदेश मंत्री ने अमेरिका के शीर्ष राजनयिक को तलब किया है। यह कदम तब उठाया गया, जब देश के राष्ट्रीय प्रसारक ने बुधवार को एक रिपोर्ट जारी की, जिसमें कहा गया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से जुड़े तीन लोग ग्रीनलैंड में गोपनीय तरीके से प्रभाव डालने वाले अभियान चला रहे हैं। ग्रीनलैंड, आर्कटिक क्षेत्र में स्थित एक विशाल और अर्ध-स्वायत्त डेनिश क्षेत्र है। ट्रम्प ने इस क्षेत्र को खरीदने में रुचि दिखाई थी। हालांकि डेनमार्क और ग्रीनलैंड दोनों ने स्पष्ट रूप से कहा है कि यह द्वीप बिक्री के लिए नहीं है। उन्होंने अमेरिका की ओर से वहां खुफिया जानकारी जुटाने की कोशिशों की निंदा की है।

# जेल में नहीं दी जा रही बुनियादी सुविधाएं: इमरान

## पाक के पूर्व पीएम बोले: पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज के खिलाफ केस दर्ज हो



**इमरान खान ने कहा: उनके परिवार और वकीलों से मुलाकात पूरी तरह बंद कर दी गई है**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज़ और जेल प्रशासन के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं।

खान ने पुलिस में आवेदन देकर कहा है कि उन्हें रावलपिंडी की अडियाला जेल में बुनियादी सुविधाएं तक नहीं मिल रहीं और इसके पीछे सीधा आदेश मरियम नवाज का है। 72 वर्षीय इमरान खान ने पुलिस प्रमुख को लिखे पत्र में कहा कि उनकी सेल में रोशनी तक नहीं है और मुलाकात के अधिकार भी छीन लिए गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब सरकार के इशारे पर उनके साथ कैदी होने के बावजूद कानूनी और मानवीय अधिकारों का हनन किया जा रहा है। खान ने मरियम नवाज़ और आठ जेल अफसरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। इमरान खान ने कहा कि उनके परिवार और वकीलों से मुलाकात पूरी तरह बंद कर दी गई है। पुलिस चौकी पर तैनात अधिकारी जैनब और ऐजाज पर भी उन्होंने परिवार के साथ दुर्व्यवहार और परेशान करने के आरोप लगाए। खान का कहना है कि उन्हें पूरी तरह बाहरी दुनिया से काटकर रखा गया है, ताकि वे देश की हालात से अनजान रहें। टीवी और अखबार तक उन तक नहीं पहुंचने दिए जा रहे। जेल से बाहर संदेश साझा करते हुए इमरान खान ने कहा कि उन्हें दोबारा एकांतवास में डाल दिया गया है। उन्होंने लिखा कि वह राष्ट्र की असली आजादी के लिए संघर्ष कर रहे हैं और पीछे नहीं हटेंगे। खान ने आरोप लगाया कि उनकी पत्नी बुशरा बीबी को भी इसी तरह अमानवीय व्यवहार का सामना करना पड़ रहा है और मुलाकात की इजाज़त तक नहीं मिल रही।

## उपचुनाव नहीं लड़ेगी इमरान खान की पार्टी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में उपचुनाव से पहले बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम हुआ है। पूर्व प्रधानमंत्री और जेल में बंद इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने राष्ट्रीय और प्रांतीय विधानसभा के होने वाले उपचुनावों में हिस्सा न लेने का फैसला किया है। यह फैसला पार्टी ने इमरान खान की राय के आधार पर लिया। गौरतलब है कि मई 2023 दंगों में शामिल नेताओं की सजा के बाद कई सीटें खाली हुई थीं। पार्टी की राजनीतिक समिति की बैठक में यह मुद्दा सामने रखा गया। इमरान खान ने अदियाला जेल में अपनी कानूनी टीम से मुलाकात के बाद यह संदेश भेजा। बाद में उनकी बहन अलीमा खान ने मीडिया को यह राय बताई।

**Bharat Ayurved Medical College Hospital & Research Centre**
10 Km. Roorkee Road NH-58, P. O. Barla Muzaffarnagar (NCR) 251001 (U.P.)

**भारत आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर**
10 किमी0 रूडकी रोड, पोस्ट- बरला मुज़फ्फरनगर, उत्तर प्रदेश 251307
दिनांक-27/08/2025

निम्नलिखित विभागों में रिक्त पदों पर प्रोफेसरों, रीडर, प्रवक्ता की आवश्यकता है:

| क्रम संख्या | विभाग का नाम | पद का नाम | संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | रचना शरीर | प्रोफेसर | 1 |
| 2. | रोग निदान | प्रवक्ता | 1 |
| 3. | क्रिया शरीर विभाग | रीडर | 1 |
| 4. | स्त्री प्रसूति विभाग | प्रवक्ता | 1 |
| 5. | अगद तंत्र विभाग | प्रोफेसर | 1 |
| 6. | कौमारभृत्य विभाग | प्रोफेसर | 1 |
| 7. | शालाक्य तंत्र | रीडर | 1 |

उपरोक्त सभी विभागों में NCISM नई दिल्ली भारत सरकार के द्वारा निर्धारित योग्यता के अनुसार नियुक्ति की जाएगी। तथा वेतनमान संस्थान के द्वारा निर्धारित नियमानुसार जिसमे राज्य सरकार के नियमो को दृष्टिगत रखते हुए निर्धारित किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपना बायोडाटा, शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की दो प्रतियाँ तथा पासपोर्ट साइज फोटो के साथ ईमेल/डाक या स्वयं के माध्यम से संस्थान में आवेदन करें।

**पता:** भारत आयुर्वेद मैडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर
ईमेल: 2009AYU0260@GMAIL.COM
संपर्क: 9084681283/7517248038

भवदीय
(डॉ. राहुल साहेब राव दलवी)
प्राचार्य/अधीक्षक

# सीरिया में इजरायली ड्रोन से भीषण हमला, छह सीरियाई सैनिकों की मौत

**दमिश्क।** सीरिया की राजधानी दमिश्क के दक्षिणी इलाके में इजरायली ड्रोन हमलों में छह सीरियाई सैनिकों की मौत हो गई है और कई अन्य घायल हुए हैं। यह जानकारी सीरिया की सरकारी मीडिया और एक युद्ध निगरानी संगठन ने दी। सरकारी टीवी चौनल के अनुसार, दमिश्क के दक्षिणी उपनगर किस्वाह में यह हमला हुआ। यहां हुए हमले में छह सैनिकों की जान गई। वहीं इस हमले पर इजरायली सेना ने अभी तक कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है। दिसम्बर 2024 में सीरियाई राष्ट्रपति बशर अल-असद के सत्ता से गिरने के बाद से इजरायल सीरिया के अलग-अलग हिस्सों में सैकड़ों हवाई और ड्रोन हमले कर चुका है। इन हमलों में सीरियाई सेना की कई संपत्तियां और ठिकाने तबाह हो चुके हैं। ब्रिटेन में स्थित संगठन सीरियन आब्जर्वेटरी फार ह्यूमन राइट्स (एसओएचआर) ने बताया कि हुआ हमला दमिश्क और दक्षिणी प्रांत स्वेदा को जोड़ने वाले इलाके पर हुआ।

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वैदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्यापैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
:- प्रवेश हेतु सम्पर्क करे:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

ROOP RAKSHAK®
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acnc) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्ट्रर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108